
kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❑ वर्ष-13 ❑ अंक-84 ❑ सोमवार, 22 अप्रैल 2024 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12



भारत के प्रशासनिक ढांचे में रीड की हड्डी 'लोकसेवक' का राष्ट्र के विकास और प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान है। लोक सेवक दिवस की शुभकामनाएं। मैं कामना करता हूं कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण में वे अपना समर्पण निरंतर जारी रखेंगे। जगदीप धनखड़

पत्रकारिता जगत की महिला विभूतियां सम्मानित 11

वेद माता गायत्री सनातन धर्म की आधारः विज्ञानानंद 12

# नेताओं के पुराने वीडियो बने चुनावी हथियार

**कैनविज टाइम्स ब्यूरो**

❑ सोशल मीडिया पर उपलब्ध नेताओं के पुराने भाषण चुनाव में हो रहे वायरल

❑ सभी दलों के पास है एक दूसरे पर हमला करने वाली पर्याप्त सामग्री

लखनऊ। लोकसभा चुनाव में जनसंपर्क, रोड शो व जनसभाओं के अलावा भी पक्ष-विपक्ष का संघर्ष चल रहा है। सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्म इस चुनावी संघर्ष का मैदान बने हुए हैं। इसमें नेताओं के पुराने भाषणों के वीडियो सबसे प्रभावी 'हथियार बने हुए हैं। मजे की बात यह है कि हर दल के पास ऐसे 'हथियार मौजूद हैं।

सभी दलों के वॉर रूम में सक्रिय सोशल मीडिया टीम विरोधी दलों के नेताओं के पुराने वीडियो खोजकर उपयोगिता के हिसाब से उसे समकालीन परिस्थितियों में पेश कर रही है। दलों के अलावा उनके समर्थक भी अपने-अपने सोशल मीडिया अकाउंट से ऐसी सामग्री परोस रहे हैं। पाला बदलकर गठबंधन करने वाले नेताओं को भी जमकर ट्रोल किया जा रहा है। हालत यह है कि सभी दलों और गठबंधन में ऐसे नेता मौजूद हैं, जो पूर्व में अपने वर्तमान सहयोगी दल को ही जमकर खरी-खोटी सुनाते रहे हैं। यूपी में लोकसभा चुनाव में भाजपा का गठबंधन मुख्य रूप से अपना दल (सोनेलाल), रालोद, निषाद पार्टी और सुभासपा के पास है। इसमें रालोद व सुभासपा के साथ गठबंधन चुनाव से ठीक पहले हुआ है। दोनों ही दल सपा का साथ छोड़कर भाजपा के साथ आए हैं। ऐसे में इन दोनों ही दलों के नेताओं की भाजपा पर की गई टिप्पणियों को उनके मौजूदा विरोधी दल जमकर वायरल कर रहे हैं। इसी तरह यूपीए सरकार के शासनकाल में भाजपा के शीर्ष नेताओं द्वारा दिए गए भाषणों और पिछले दो लोकसभा चुनावों में किए गए वायदों को फिर से पेश कर घेरने की कोशिश की जा रही है। अलग-अलग अवसरों पर की गई कुछ विवादित टिप्पणियों को भी इस समय चुनावी लाभ के लिए नए सिरे से सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर परोसा जा रहा है। कांग्रेस व सपा के गठबंधन पर भी पुराने भाषणों को आधार बनाकर हमले किए जा रहे हैं। लोकसभा चुनाव ● शेष पेज 11 पर

# पर्चा लीक में एक और मास्टरमाइन्ड समेत चार गिरफ्तार

**कैनविज टाइम्स ब्यूरो**



**शिकंजा**

❑ आरओ और एआरओ भर्ती परीक्षा पेपर लीक का मामला

❑ दो लाख रुपये, दो लग्जरी गाड़ियां समेत कई दस्तावेज मिले

लखनऊ। समीक्षा अधिकारी (आरओ)/सहायक समीक्षा अधिकारी (एआरओ) का पर्चा लीक कराने के मामले में एसटीएफ ने रविवार को एक और मास्टरमाइन्ड डॉ. शरद व उसके तीन साथियों को गिरफ्तार कर लिया। मुख्य मास्टरमाइन्ड राजीव नयन ने गिरफ्तार होने पर डॉ. शरद का नाम लिया था। डॉ. शरद इससे पहले भी कई प्रतियोगी परीक्षाओं का पर्चा लीक कराने में शामिल रहा है। इस मामले में कई और लोग भी एसटीएफ की रडार पर हैं। गिरफ्तार आरोपितों के पास दो लाख रुपये, दो लग्जरी गाड़ियां समेत कई दस्तावेज मिले हैं।

एसटीएफ के एडीजी अमिताभ यश के मुताबिक मास्टरमाइन्ड डॉ. शरद सिंह पटेल मूल रूप से मिर्ज़ापुर के चुनार का रहने वाला है। लखनऊ में वृन्दावन योजना स्थित लवनेस्ट अपार्टमेंट में रह रहा था। उसके साथ पकड़े गये लोगों में राजा बाजार निवासी अभिषेक शुक्ला, प्रयागराज के झूसी निवासी कमलेश कुमार पाल और प्रयागराज के कैंट निवासी अर्पित विनीत यशवंत हैं। एसटीएफ के डिप्टी एसपी लाल प्रताप सिंह ने बताया कि 14 मार्च को इस मामले में बर्खास्त सिपाही अरुण कुमार सिंह और पारा स्थित जीडी मेमोरियल पब्लिक स्कूल का प्रबन्धक सौरभ शुक्ला को पकड़ा गया था। इन दोनों ने ही सबसे पहले राजीव नयन की अहम भूमिका का खुलासा किया था। इसके बाद ही दो अप्रैल को नोएडा में एसटीएफ ने राजीव को पकड़ था। राजीव ने डॉ. शरद को 25 लाख रुपये आरओ भर्ती परीक्षा का पर्चा बेचा था। इस दौरान ही अमित सिंह का नाम सामने आया था। अमित चार अप्रैल को गिरफ्तार किया जा चुका है। वह गोमतीनगर में कामर्स की कोचिंग चलाता था। अमित ने खुलासा किया था कि डॉ. शरद व उसके साथियों ने पलासियो माल के पास चार लग्जरी गाड़ियों में मोटी रकम लेकर अभ्यर्थियों को लीक पर्चा पढ़वा कर उसका उत्तर रटवाया था।

## संक्षेप

### एक ही दिन में 1.61 करोड़ रुपये शराब व नगदी जब्त

**लखनऊ।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि आबकारी, आयकर, पुलिस व नार्कोटिक्स विभाग और अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा चलाए जा रहे अभियान में अब तक 315.37 करोड़ रुपये की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नगदी आदि जब्त किए गए। शनिवार को ही 1.61 करोड़ रुपये की शराब, ड्रग व नगदी जब्त की गई। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान कुल 29.63 करोड़ नगद, 41.37 करोड़ की शराब, 211.21 करोड़ की ड्रग, 21.58 करोड़ की बहुमूल्य धातुएं और 11.56 करोड़ की अन्य सामग्री जब्त की गई है। बुलंदशहर में शनिवार को 12.61 लाख रुपये की 4850 लीटर शराब व खुर्ज़ा में 10.93 लाख 4204.92 लीटर शराब जब्त की गई। गौतमबुद्ध नगर में 13 लाख रुपये नगद और फिरोजाबाद में 15 लाख रुपये की 5000 ग्राम ड्रग पकड़ी गई।

### आपराधिक व्यक्तियों के 495 लाइसेंसी शस्त्र जब्त

**लखनऊ।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए 480 अंतर्राज्यीय व 1836 चेक पोस्ट राज्य के भीतर हैं। पुलिस ने आपराधिक व्यक्तियों के 495 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किए और 4298 लाइसेंस निरस्त कर जमा कराए गए। उन्होंने बताया कि शांति भंग की आशंका में 2473998 लोगों को पाबंद करने के लिए नोटिस दिया गया है। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग द्वारा 7250 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 7325 कारतूस, 2900.32 किलोग्राम विस्फोटक व 376 बम बरामद कर सीज किए गए। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 2892 केंद्रों पर रेड डाली गई और 140 केंद्रों को सीज किया गया।

### मणिपुर के 11 मतदान केंद्रों पर आज पुनर्मतदान

**इंफाल।** चुनाव आयोग (ईसीआई) ने भीतरी मणिपुर संसदीय क्षेत्र के 11 मतदान केंद्रों पर 22 अप्रैल को फिर से मतदान कराने का आदेश दिया है। इंडिया समूह की अगुवाई कर रही कांग्रेस ने चुनाव आयोग से शिकायत दर्ज की थी और 47 मतदान केंद्रों पर पुनर्मतदान करने की मांग की थी। कांग्रेस ने आरोप लगाया था कि हथियारबंद लोगों ने चुनाव अधिकारियों पर हावी होकर एक खास उम्मीदवार के पक्ष में मतदान किया था। जिन मतदान केंद्रों की पहचान पुनर्मतदान के लिए की गई है उनमें खुरई विधानसभा क्षेत्र में मोइरंगकम्पु साजेब उच्च प्राथमिक विद्यालय, एस इबोबी प्राथमिक विद्यालय (ईस्ट विंग), खुरई थांगजाम लीकाई; क्षेत्रीगाओ विधानसभा क्षेत्र में बामन कंपू उच्च प्राथमिक विद्यालय (उत्तर ए), पायनियर अकादमी, बामन कंपू (उत्तर-बी), रिलबुंग उच्च विद्यालय (उत्तरी विंग), बामन कंपू (दक्षिण पश्चिम), इरिलबुंग उच्च विद्यालय (दक्षिण विंग), बामन कंपू (दक्षिण पूर्व); थोंगजू एसी में नेशनल चिल्ड्रेन स्कूल, खोंगमान जोन (वी)-ए; उरीपोक विधानसभा क्षेत्र में इरोइसेम्बा उच्च प्राथमिक विद्यालय (पूर्वी विंग), इरोइसेम्बा यूपीएस (पश्चिमी विंग), और इरोइसेम्बा यूपीएस (मध्य विंग); और कोंथौजम विधानसभा क्षेत्र में खैदेम प्राथमिक विद्यालय (दक्षिणी विंग), खैदेम माखा शामिल हैं। मणिपुर में पहले चरण में दोनों सीटों के 47 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान हुआ। मतदान 72.17 प्रतिशत रहा, जिसमें भीतरी सीट पर 76.05 प्रतिशत और बाहरी सीट पर 65.22 प्रतिशत वोट पड़े।

छत्तीसगढ़ में गरजे योगी, नक्सलवाद और घोटालों पर कांग्रेस को घेरा

# नक्सलवाद से कांग्रेस की साठगांठ जगजाहिर

**एजेंसी**

राजनांदगांव-कोरबा, बिलासपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को छत्तीसगढ़ में तीन लोकसभा सीटों पर प्रचार अभियान की कमान संभाली। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर भी जमकर प्रहार किया। कहा कि बघेल सरकार ने 18 लाख गरीबों के मकान रोक दिये थे, जो अब मिलेंगे। कांग्रेस न सुरक्षा दे सकती है, न सुशासन। कांग्रेस ने बच्चों के साथ में तमंचे पकड़ा दिए और उन्हें लड़ने के लिए मजबूर कर दिया। योगी आदित्यनाथ ने आरोप लगाया कि कांग्रेस का नक्सलवाद से सांठगांठ किसी से छिपा नहीं है।

इस दौरान छत्तीसगढ़ की जनता ने भी योगी आदित्यनाथ का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान 'बुलडोजर बाबा की जय' और 'योगी-योगी' के नारों से छत्तीसगढ़ की रैली गूंज उठी। योगी आदित्यनाथ ने एक तरफ जहां छत्तीसगढ़ को प्रभु श्रीराम का ननिहाल बताते हुए यूपी के साथ आध्यात्मिक संबंधों की चर्चा की तो वहीं कांग्रेस पर भी योगी जमकर गरजे। उन्होंने राजनांदगांव लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार संतोष पांडेय, कोरबा में बीजेपी प्रत्याशी सरोज पांडेय और बिलासपुर में पार्टी के उम्मीदवार तोखन साहू के पक्ष में भारी मतदान की अपील की। योगी आदित्यनाथ के निशाने पर कांग्रेस के घोटाले और नक्सलवाद रहे।

राजनांदगांव में योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस घोटाले, आतंकवाद, नक्सलवाद का नाम है। जिस आयु में युवाओं के हाथों में पुस्तक, टैबलेट, दुनिया को आगे बढ़ाने का जज्बा होना चाहिए, कांग्रेस ने उस आयु के बच्चों के हाथों में तमंचे पकड़ा दिए। उन्हें भारत के खिलाफ ही लड़ने के लिए नक्सलवाद, आतंकवाद, उग्रवाद के नाम पर उकसाया। कांग्रेस शासन के समय यहां लव जेहाद की घटनाओं को छूट दे दी गई थी। सामान्य नागरिक भुवनेश्वर साहू के साथ हुई घटना कोई भूला नहीं है। छत्तीसगढ़ की जनता का अभिवादन करता हूं कि उनके पिता ईश्वर साहू को विधायक बनाकर भुवनेश्वर की स्मृतियों को जीवंत बनाने का कार्य किया है।

भुवनेश्वर ने लव जेहाद और कांग्रेस की तुष्टिकरण की नीति का विरोध करते हुए अपना बलिदान दे दिया था। योगी ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के ऊपर पहले से शराब, कोयला, पब्लिक सर्विस कमीशन, महादेव ऐप के घोटाले का आरोप और एफआईआर ● शेष पेज 11 पर



**चुनावी तीर**

❑ योगी ने राजनांदगांव, कोरबा और बिलासपुर में ही विशाल रैलियां

❑ शराब व कोयला घोटाला कांग्रेस की प्रवृत्ति, लेकिन भूपेश बघेल ने गोबर घोटाला भी कर डालाः योगी

❑ कांग्रेस शासन के समय यहां लव जेहाद की घटनाओं को छूट दे दी गई : योगी आदित्यनाथ

❑ प्रभु श्रीराम की धरती का संदेश लेकर उनके ननिहाल आया हूं : योगी आदित्यनाथ

❑ बोले योगी, भूपेश बघेल सरकार ने 18 लाख गरीबों के मकान रोक दिए थे, अब मिलेंगे

❑ बुलडोजर बाबा की जय और योगी योगी के नारों से गूंज उठीं तीनों रैलियां

### नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में फिर से बनेगी एनडीए सरकारः योगी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लोकसभा चुनाव का प्रथम चरण संपन्न हुआ है। देश के अंदर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 10 वर्ष के कार्यकाल को लेकर लोगों में जो उत्साह है, वह वोट में बदल रहा है। मुख्यमंत्री योगी रविवार को अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रचंड बहुमत के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में फिर से भारतीय जनता पार्टी नेतृत्व की एनडीए की सरकार बनने जा रही है। इसमें कोई संदेह होना ही नहीं चाहिए। जनता-जनार्दन के द्वारा विपक्ष के झूठ का पर्दाफाश भी किया जा रहा है। एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि गैर भाजपा शासित राज्यों में होने वाली हिंसा तुष्टिकरण की नीतियों का दुष्परिणाम है। पश्चिम बंगाल के साथ-साथ गैर ● शेष पेज 11 पर

# इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो पिछड़ों के अधिकार समाप्त हो जाएंगे : शाह

**एजेंसी**



कटिहार। केन्द्रीय गृह मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह ने आज कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने देश में अपने दस वर्षों के कार्यकाल के दौरान पिछड़े अति पिछड़े लोगों के अधिकारों को बढ़ावा दिया और उनकी रक्षा की लेकिन इस लोकसभा चुनाव के बाद यदि इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो पिछड़ों के अधिकार समाप्त हो जाएंगे और उन्हें दंगा, अत्याचार, गरीबी और भुखमरी मिलेगी ।

श्री शाह ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की उपस्थिति में कटिहार लोकसभा सीट से जनता दल (जदयू) उम्मीदवार दुलालचंद्र गोस्वामी के पक्ष में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पिछड़े वर्ग से हैं और यह भाजपा ही थी जिसने उन्हें प्रधानमंत्री बनने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने आरोप लगाया कि दूसरी ओर कई दशकों तक केंद्र की सत्ता में रहने वाली कांग्रेस ने पिछड़ों के हितों की अनदेखी की। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, ''कांग्रेस ने अपने शासन के दौरान काका कालेकर समिति की रिपोर्ट को ठंडे बस्ते में डाल दिया ताकि पिछड़ों को उनके अधिकारों से वंचित किया जा सके। साथ ही उसने ने मंडल आयोग की सिफारिशों को लागू करने के कदम का कड़ा विरोध किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर पिछड़ा वर्ग आयोग को नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा वैधानिक दर्जा दिया गया लेकिन कांग्रेस सरकार ने आयोग को वैधानिक अधिकार नहीं दिया। श्री शाह ने कहा कि यह केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार है, जिसने अपने मंत्रिमंडल में अन्य पिछड़ा वर्ग को अधिक प्रतिनिधित्व दिया है। उन्होंने लोगों को आगाह किया कि यदि लोकसभा चुनाव के बाद केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो पिछड़ों के खिलाफ अत्याचार फिर से बढ़ेंगे और उनके अधिकार छीन लिए जाएंगे। राजद के लालटेन और कांग्रेस के हाथ ने सिर्फ ● शेष पेज 11 पर


### वित्त वर्ष 2023-24 में शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 17.70 प्रतिशत बढ़ा

नयी दिल्ली 21 अप्रैल ( वार्ता) वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह (अनंतिम) केन्द्रीय बजट में किए गए अनुमान से 1.35 लाख करोड़ रुपये यानी 7.40 प्रतिशत अधिक रहा है।

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने आज यहां जारी बयान में कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में शुद्ध कर संग्रह 19.58 लाख करोड़ रुपये का रहा, जोकि पिछले वित्त वर्ष 2022-23 के 16.64 लाख करोड़ रुपये के शुद्ध संग्रह की तुलना में 17.70 प्रतिशत अधिक है। मार्च में समाप्त वित्त वर्ष में प्रत्यक्ष कर राजस्व का बजटीय अनुमान (बीई) 18.23 लाख करोड़ रुपये निर्धारित किया गया था, जिसे संशोधित किया गया और संशोधित अनुमान (आरई) 19.45 लाख करोड़ रुपये निर्धारित किया गया। अनंतिम प्रत्यक्ष कर संग्रह (रिफंड का शुद्ध) बजटीय अनुमान से 7.40 प्रतिशत ● शेष पेज 11 पर

# सीएए पर लोगों को गुमराह कर रही हैं ममताः राजनाथ

**एजेंसी**



मुर्शिदाबाद। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर जोरदार हमला करते हुए उन पर नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) के बारे में झूठ फैलाने और लोगों, खासकर मुस्लिम समुदाय को गुमराह करने का आरोप लगाया।

श्री सिंह ने कहा कि दुनिया में कोई भी उन शरणार्थियों को भारतीय नागरिकता देने के कार्यान्वयन को नहीं रोक सकता, जिन्होंने धार्मिक आधार पर बंगलादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान छोड़ा है।

उन्होंने बंगाल में अपनी पहली चुनावी रैली के दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदवार गौरी शंकर घोष के पक्ष में जनसभा को संबोधित करते हुए संदेशखाली में महिलाओं पर हुए 'अत्याचार' का हवाला दिया और कहा कि सुश्री बनर्जी के नेतृत्व में राज्य में अराजकता है। उन्होंने कहा, ल्लयह आश्चर्य की बात है कि एक महिला मुख्यमंत्री के नेतृत्व में बंगाल जैसे राज्य में समाज की माताओं और बहनों के साथ इतनी अमानवीयता और क्रूरता कैसे हो सकती है।ङ्क उन्होंने लोगों को आश्वासन दिया कि राज्य में भाजपा के सत्ता में आने के बाद संदेशखाली के ● शेष पेज 11 पर

प्रधानमंत्री ने भगवान महावीर की मूर्ति पर चावल और फूलों की पंखुड़ियों से श्रद्धांजलि अर्पित की

# भारत के लिए आधुनिकता उसका शरीर, आत्मा आध्यात्मिकता : मोदी

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि 'भारत के लिए आधुनिकता उसका शरीर है लेकिन उसकी आत्मा तो आध्यात्मिकता ही है। यदि आधुनिकता से आध्यात्मिकता को हटा दिया जाए तो अराजकता पैदा होगी।

श्री मोदी ने महावीर जयंती के शुभ अवसर पर 2550वें भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव का उद्घाटन के अवसर पर यह बात कही। प्रधानमंत्री ने भगवान महावीर की मूर्ति पर चावल और फूलों की पंखुड़ियों से श्रद्धांजलि अर्पित की और स्कूली बच्चों द्वारा भगवान महावीर स्वामी पर ''वर्तमान में वर्धमान'' नामक नृत्य नाटिका की प्रस्तुति देखी। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने एक स्मारक डाक टिकट और सिक्का भी जारी किया।


श्री मोदी ने इस मौके पर उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि भव्य भारत मंडपम आज 2550वें भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव का गवाह है। स्कूली बच्चों द्वारा भगवान महावीर स्वामी पर प्रस्तुत नृत्य नाटिका 'वर्तमान में वर्धमान' का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भगवान महावीर के मूल्यों के प्रति युवाओं का समर्पण और प्रतिबद्धता देश के सही दिशा में आगे बढ़ने का संकेत है। उन्होंने जैन समुदाय को उनके मार्गदर्शन और आशीर्वाद के लिए धन्यवाद दिया और जैन समुदाय के संतों को नमन करने के साथ-साथ सभी नागरिकों को महावीर जयंती की शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री ने आचार्य श्री विद्यासागरजी महाराज को श्रद्धांजलि अर्पित की और आचार्य के साथ अपनी हाल ही में हुई मुलाकात को याद करते हुए कहा,ल्ल उनका आशीर्वाद अभी भी हमारा मार्गदर्शन कर रहा है।



प्रधानमंत्री ने भगवान महावीर निर्वाण के 2550वें महोत्सव के महत्व पर जोर दिया और अमृत काल के प्रारंभिक चरण जैसे विभिन्न सुखद संयोगों का उल्लेख किया जब देश आजादी की स्वर्ण शताब्दी की ओर काम कर रहा था। उन्होंने संविधान के 75वें वर्ष और लोकतंत्र के उत्सव का भी उल्लेख किया जो राष्ट्र की भविष्य की दिशा तय करेगा। श्री मोदी ने रेखांकित किया, अमृत काल का विचार केवल एक संकल्प नहीं है बल्कि एक आध्यात्मिक प्रेरणा है जो हमें अमरता और अनंत काल तक जीने की अनुमति देता है। हम 2500 वर्षों के बाद भी भगवान महावीर का निर्वाण दिवस मना रहे हैं और मुझे यकीन है कि देश आने वाले हजारों वर्षों तक भगवान महावीर के मूल्यों का उत्सव मनाता रहेगा।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की सदियों और सहस्राब्दियों की कल्पना करने की ताकत और उसके दूरदर्शी दृष्टिकोण ने इसे पृथ्वी पर सबसे लंबे समय तक जीवित रहने वाली सभ्यता और आज मानवता के लिए स्वर्ग बना दिया है। उन्होंने कहा, यह भारत है जो अपने लिए नहीं बल्कि सभी के लिए सोचता है और सभी पर विश्वास करता है। यह भारत है जो न केवल परंपराओं की बात करता है बल्कि नीतियों की भी बात करता है। यह भारत ही है जो शरीर में ब्रह्मांड, जगत में ब्रह्मा और जीव में शिव की बात करता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ठहराव के कारण विचार मतभेदों में बदल सकते हैं और चर्चा की प्रकृति के आधार पर चर्चा नई संभावनाओं के साथ-साथ विनाश का कारण भी बन सकती है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पिछले 75 वर्षों के मंथन से इस अमृत काल में अमृत निकलना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा, ''हमारे तीर्थंकरों की शिक्षा ने ऐसे समय में एक नई प्रासंगिकता हासिल की है, जब विश्व स्तर पर, कई देश युद्ध में शामिल हो रहे हैं।'' श्री मोदी ने अनेकांतवाद और स्याद्वाद जैसे दर्शनों को याद किया जो हमें सभी पहलुओं को देखना और दूसरों के विचारों को भी अपनाना सिखाते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज संघर्ष के इस समय में मानवता भारत से शांति की उम्मीद कर रही है। उन्होंने कहा कि यह बढ़ता महत्व इसकी सांस्कृतिक छवि, बढ़ती क्षमताओं और विदेश नीति के कारण है। उन्होंने कहा, ''आज हमने सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों को वैश्विक मंच पर पूरे विश्वास के साथ रखा है। हम दुनिया को बताते हैं कि वैश्विक समस्या का समाधान प्राचीन भारतीय संस्कृति और परंपरा में है। यही कारण है कि भारत विभाजित दुनिया में 'विश्व बंधु' के रूप में अपनी जगह बना रहा है। श्री मोदी ने जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए मिशन लाइफ और एक विश्व-एक सूर्य-एक ग्रिड के रोडमैप के साथ एक पृथ्वी, एक परिवार और एक भविष्य के दृष्टिकोण जैसी भारतीय पहलों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा,' आज भारत अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन जैसी भविष्योन्मुखी वैश्विक पहल का नेतृत्व कर रहा है। इन पहलों ने न केवल दुनिया में आशा पैदा की है बल्कि हमारी संस्कृति और परंपरा के प्रति वैश्विक धारणा में बदलाव आया है। जैन धर्म के अर्थ का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह जिन या ● शेष पेज 11 पर

# विश्वविद्यालय 'समर्थ पोर्टल' शत-प्रतिशत लागू करें: आनंदीबेन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं राज्य विश्वविद्यालयों की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ में आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला 'समर्थ से सामर्थ्य' सम्पन्न हुई। प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों में 'समर्थ पोर्टल' को सफलतापूर्वक लागू कराने और सुगम संचालन सुनिश्चित करने के महत्वपूर्ण उद्देश्य को लेकर आयोजित कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालय इसे शत-प्रतिशत लागू करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय अपनी जरूरत के अनुसार इसमें डाटा भरते रहें। उन्होंने पोर्टल के समग्रता से क्रियान्वयन के लिए टीम वर्क को जरूरी बताया, इसके लिए उन्होंने विश्वविद्यालय के प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी को पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करने को कहा। कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय ने शोध पूर्ण तरीके से काफी समय देकर इस पोर्टल का निर्माण किया है। इसके माध्यम से प्रत्येक कार्य सम्पादन का समाधान प्राप्त हो सकेगा और विश्वविद्यालयों में इस पोर्टल के लागू हो जाने से विभिन्न समस्याओं का समाधान भी हो जाएगा। उन्होंने पोर्टल लागू होने के फायदों पर चर्चा करते हुए समय की बचत, धन के दुरुपयोग से बचत, एक क्लिक पर विश्वविद्यालय की जानकारियों का प्राप्त होना, फाइलों की सहज ट्रैकिंग जैसे अनेक कार्यों के सुगमता से सम्पन्न होने वाले लाभों के बारे में बताया। इसी क्रम में राज्यपाल ने विश्वविद्यालयों में उच्चाधिकारियों के मध्य तालमेल की कमी पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी सप्ताह में दो-तीन बार एक साथ बैठकर बातचीत से आपसी समन्वय अवश्य बनाएं। उन्होंने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय के शिक्षकों की टीम द्वारा बनाए समर्थ पोर्टल की तरह अपने विश्वविद्यालय में भी कुछ नया करें, जिससे दूसरे प्रदेशों के लोग प्रेरणा ले सकें। उन्होंने राज्य विश्वविद्यालयों से आए सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्द्धन करते हुए पूरे संकल्प के साथ जल्दी से जल्दी समर्थ पोर्टल लागू करने के लिए प्रोत्साहित किया। राज्यपाल ने समर्थ पोर्टल बनाने वाली दिल्ली विश्वविद्यालय के शिक्षकों की पूरी टीम को बधाई दी। आज दूसरे दिन प्रदेश के 12 अन्य विश्वविद्यालयों ने दिल्ली विश्वविद्यालय के साथ समर्थ-ई-गवर्नेंस के लिए एमओयू किया। जिनमें छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर, बुंदेलखण्ड विश्वविद्यालय झांसी, शकुंतला मिश्रा विश्वविद्यालय लखनऊ, रज्जू भय्या विश्वविद्यालय प्रयागराज, राजर्षि टण्डन विश्वविद्यालय प्रयागराज, महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली, सुहेलदेव विश्वविद्यालय आजमगढ़, ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ, महेन्द्र प्रताप विश्वविद्यालय अलीगढ़, एकेटीयू लखनऊ, जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय बलिया तथा लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ शामिल रहे। कार्यक्रम में अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डॉ सुधीर महादेव बोबडे, विशेष कार्याधिकारी शिक्षा श्रीराज्यपाल डॉ पंकज एल. जानी, प्रमुख सचिव प्राविधिक शिक्षा विभाग श्रीएम. देवराज, निदेशक तकनीकी शिक्षा ए0 दिनेश कुमार, विशेष सचिव एवं निदेशक रूसा उच्च शिक्षा विभाग सीपू गिरी, समर्थ पोर्टल के संयोजक प्रो0 संजीव सिंह एवं उनकी टीम सहित सभी राज्य व तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति, कुलसचिव परीक्षा नियंत्रक वित्त अधिकारी आईक्यूएसी हेड कम्प्यूटर विभाग की टीम मौजूद रही।

# हाईटेंशन तार की चिंगारी से दो दर्जन के लगभग किसानों की फसल में लगी आग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



राजापुर, चित्रकूट : हाईटेंशन तार के घर्षण से निकली चिंगारी से 100 बीघे में खड़ी लगभग दो दर्जन किसानों की गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने जल्द ही सर्वे कराकर अग्निपीड़ितों को सहायता का आश्वासन दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार राजापुर तहसील के अन्तर्गत ग्राम पंचायत गड़ौली, ममसी व मजरा रैपुरवा के लगभग दो दर्जन किसानों की 100 बीघे में खड़ी गेहूँ की फसल हाईटेंशन विद्युत तार के घर्षण से निकली चिंगारी से जलकर राख हो गई। घटना की सूचना पाकर उपजिलाधिकारी राजापुर प्रमोद झा, प्रभारी निरीक्षक सरधुआ आशुतोष तिवारी सहित राजस्व निरीक्षक, लेखपाल मौके पर पहुँचे और दमकल कर्मियों की सहायता से आग को बुझाया। अग्निपीड़ित किसान माताबदल ने बताया कि दोपहर में तेज हवा चलने के कारण हाईटेंशन विद्युत तार आपस में टकरा गईं। जिससे निकली चिंगारी से लगभग दो दर्जन किसानों की 100 बीघे में खड़ी गेहूँ की फसल में आग लग गई। बताया कि अग्नि की चपेट में कुछ ऐसे किसान भी हैं जिनके पास मात्र इतनी ही गेहूँ की फसल थी कि परिवारों के भरण-पोषण में भी संकट आ सकता है। राजापुर उपजिलाधिकारी प्रमोद झा ने बताया कि ग्राम पंचायत गड़ौली, ममसी व मजरा रैपुरवा के लेखपालों को लगाकर जली हुई फसल का सर्वे कराया जा रहा है। सर्वे पूर्ण होने के बाद अग्निपीड़ित किसानों को आर्थिक सहायता मुहैया कराई जाएगी। अग्निपीड़ितों में ग्राम पंचायत गढ़ौली, ममसी व मजरा रैपुरवा के माताबदल, मातादीन, भोला सिंह, शिवकुमार, शकुन्तला देवी, सुधा पाण्डेय, सतीश पाण्डेय, अवधनरेश, रमेश, शिवप्रताप, सन्तोष, साधुराम, रामबाबू सहित दो दर्जन के लगभग किसान शामिल है।

# 20 बिंदुओं में भाजपा जिले के सभी 851 बूथों में करेगी काम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चित्रकूट ब्यूरो । भारतीय जनता पार्टी की जिला इकाई द्वारा रविवार को भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें बूथ सम्मेलन की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। बैठक में लोकसभा प्रभारी बृजकिशोर गुप्ता ने आगामी चुनावी कार्यक्रमों की योजना को बताते हुये कहा की जनपद के सभी 851 बूथो पर 20 काम होने है। जिन पर सभी मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारियों व पालको को मंडल अध्यक्षों के साथ मिलकर काम करना है। बूथों मे टिफिन बैठक करना है। पन्ना प्रमुखों की बैठक करना है और लाभार्थियों से सम्पर्क करना है। इसके अलावा अन्य कामों को क्रियानवित करना है। कहा कि भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता पूर्ण विजय के संकल्प के साथ अपना बूथ जीतने के लिए संकल्पित प्रयास करे। जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कहा कि यह चुनाव भारत को विश्व गुरु बनाने का चुनाव है। आज दुनियां की निगाहे भारत के चुनाव पर हैं। इस पर हम सबको मिलकर पार्टी के निर्देशों को मानते हुए काम करना है। उन्होंने ने कहा कि आगामी बूथ सम्मेलन और 29 अप्रैल को होने वाले नामांकन में सभी 851 बूथो से कार्यकताओं को पंहुचना है। सांसद आर के सिंह पटेल ने कहा कि वह स्वयं सभी की तरह भाजपा के एक छोटे से कार्यकर्ता हैं। यह चुनाव कार्यकर्ताओं के सामूहिक नेतृत्व में लड़ा जा रहा है। कहा कि सबके साथ मिलकर पीएम मोदी के हांथो को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, पूर्व मंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, मानिकपुर ब्लाक प्रमुख अरविन्द मिश्रा, मऊ ब्लाक प्रमुख सुशीला वर्मा, पहाड़ी ब्लाक प्रमुख सुशील द्विवेदी, जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय, शक्ति प्रताप सिंह तोमर, रजना उपाध्याय, तीरथ तिवारी, बद्री त्रिपाठी, जगदीश गौतम, जयप्रकाश पांडेय, मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी, सुरेश अनुरागी, आदित्य, सुखेन्द्र आदि मौजूद रहे।

# जिला स्तरीय सम्मेलन में बसपा कार्यकर्ताओं को दिया गया जीत का मंत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चित्रकूट ब्यूरो । बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान में रविवार को जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें पार्टी के मंडल प्रभारी अभिषेक गौतम ने कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र दिया।

बसपा जिलाध्यक्ष अधिवक्ता शिवबाबू वर्मा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में मंडल प्रभारी अधिवक्ता कौशलेंद्र कुमार, अयूब खान व बल्देव प्रसाद वर्मा ने बूथ से जिलास्तरीय तक के पदाधिकारियों और कार्यकताओं को आगामी एक माह पूरी निष्ठा और मनोयोग के साथ अपने क्षेत्र में सक्रिय रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि बसपा प्रत्याशी मयंक द्विवेदी की विजय सुनिश्चित करने के लिए सभी लोग पूरी ताकत झोंक दें।

बसपा प्रत्याशी मयंक द्विवेदी ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी की मुखिया उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री बहन मायावती ने हमेशा सर्व समाज के हित की बात की है। बसपा सरकार में प्रदेश से गुंडे माफियाओं का सफाया किया गया। खासतौर से चित्रकूट जनपद में ददुवा और ठोकिया जैसे दुर्दांत बदमाशों का सफाया बसपा सरकार के गठन के कुछ दिन बाद ही कर दिया गया था। जिससे दशकों से पाठा क्षेत्र में कायम भय और आतंक का खात्मा हो गया था। इसके अलावा चित्रकूट को जनपद का दर्जा भी तत्कालीन मुख्यमंत्री एवं बसपा मुखिया बहन मायावती ने ही दिया था। चित्रकूट समेत पूरे बुंदेलखंड में बसपा सरकार में बड़े पैमाने पर विकास कार्य कराए गए थे, किंतु बाद की सरकारों ने इन विकास कार्य को रोक दिया। मऊ के महिला घाट का अधूरा पुल इसका उदाहरण है। इस पुल को बसपा सरकार ने वर्ष 2010 में स्वीकृत कराकर कार्य शुरू करिए दिया था, किंतु इसके बाद बनी सपा और भाजपा सरकार की कार्यशैली के चलते लगभग 14 साल में भी यह पुल पूरा नहीं बन सका है। ऐसे सभी विकास कार्यों को पूर्ण कराया जाएगा।

इस मौके पर बसपा नेता अरुणपाल, सुरेश तिवारी, राम अभिलाष पाल, विनय कुमार पाल, जमुना पाल, शिवऔतार त्रिपाठी, बी डी पाल, जगदीश यादव, वीरेंद्र पाण्डेय, नफीस खान, दरबारी लाल, दुर्गा प्रसाद, लक्ष्मी प्रसाद वर्मा, कपिल देव वर्मा, विनोद पाल, सादिक मंसूरी, नगर अध्यक्ष राजेश कुमार रैकवार, शिवबाबू गर्ग, अतुल कुमार द्विवेदी, नत्थू प्रसाद वर्मा, सी एल भारती, मानिकपुर विधानसभा अध्यक्ष रावेंद्र कुमार वर्मा, चित्रकूट विधान सभा सोनपाल वर्मा, राजकुमार विमल, राजेन्द्र वर्मा आदि मौजूद रहे।

## वैवाहिक कार्यक्रम में बहन की ससुराल आया युवक यमुना में डूबा

मऊ, चित्रकूट कैनविज टाइम्स संवाददाता । वैवाहिक समारोह में बहन की ससुराल आया युवक यमुना नदी में डूब गया। स्थानीय मल्लाहों द्वारा प्रयास के बावजूद युवक को नहीं ढूंढा जा सका। जिसके बाद प्रशासन ने एन.डी.आर.एफ. को बुलाकर युवक को ढूंढने का प्रयास किया।

प्राप्त जानकारी के अुनसार मध्य प्रदेश के रीवा जिले के अतरैला थाने के पटेहरा गांव के निवासी आशीष केशरवानी (24) पुत्र कृष्ण प्रसाद की बड़ी बहन पिंकी की शादी मऊ कस्बे में द्वारिका प्रसाद पुत्र अमृतलाल के साथ हुई थी। आशीष अपनी बहन पिंकी के घर में होने वाले वैवाहिक समारोह में शामिल होने के लिए मऊ आया था। रविवार को सबेरे वह यमुना तट पर नहाने गया और वहां नहाने के दौरान गहराई वाले स्थान पर जाने के कारण पानी में डूब गया। इसकी खबर मिलते की परिजनों में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलने पर मऊ उपजिलाधिकारी राकेश कुमार पाठक, थाना प्रभारी अजीत कुमार पाण्डेय भी मौके पर पहुंच गए। इसके बाद स्थानीय मल्लाहों ने कई घंटों तक युवक को यमुना नदी में खोजने का प्रयास किया, किंतु कोई सफलता नहीं मिली। इसके बाद उपजिलाधिकारी ने एन.डी.आर.एफ. टीम को मौके पर बुलाया और पानी में डूबे युवक की तलाश करने के निर्देश दिए है।

## यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा में दूसरे की जगह पेपर दिलाने वाली गैंग का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

चित्रकूट कैनविज टाइम्स संवाददाता। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली कर्वी पुलिस टीम द्वारा धारा 419, 420, 467, 468 भादवि0 व 6अ10 परीक्षा अधिनियम के मुख्य आरोपी दर्पण सरोज उर्फ डीपी निवासी ग्राम ऊकोठी थाना होलागढ़ जनपद प्रयागराज को गिरफ्तार किया गया। गौरतलब है कि बीती 17 फरवरी को जनपद चित्रकूट में आयोजित पुलिस भर्ती परीक्षा में स्वामी रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय सेन्टर पर द्वितीय पाली में संदीप कुमार निवासी ठाकुर का पुरवा मुतर्ज़ापुर तहसील कुण्डा थाना संग्रामगढ़ जिला प्रतापगढ़ के स्थान पर अजय कुमार निवासी तुलापुर मुकुंदपुर तहसील सोरांव थाना होलागढ़ जिला प्रयागराज परीक्षा दे रहा था। पूंछतांछ में अजय कुमार ने बताया कि एक डी पी नाम के व्यक्ति के माध्यम से पांच लाख रुपये में परीक्षा पास कराये जाने की डील हुई थी।

# महिला चौपाल लगाकर मतदान के लिए किया जागरूक




कैनविज टाइम्स संवाददाता

(कानपुर देहात)। लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए चल रहे मतदाता जागरूकता अभियान में ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं ने भी सहभागिता दिखाई। निर्वाचन आयोग की ओर से जारी आदेश के क्रम में परिषदीय विद्यालय में चौपाल लगाकर महिलाओं को मतदान के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान उन्हें मतदान के लिए संकल्प भी दिलाया गया। चौपाल को लेकर ग्रामीण महिलाओं में जबरदस्त उत्साह भी रहा।

निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के क्रम में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को प्राथमिक विद्यालय नौहा नौगांव विकासखंड रसूलाबाद में महिला मतदाता जागरूकता चौपाल आयोजित की गई जिसमें प्रधानाध्यापक अमित मिश्रा द्वारा स्वीप कार्यक्रम के महत्व, सामाजिक संगठनों (यथा युवक मंगल दल, स्वयं सहायता समूह, जल जीव मिशन समूह) द्वारा मतदान प्रक्रिया के महत्व पर परिचर्चा की गई। महिला मतदाताओं के पक्षों पर सहायक अध्यापक अविनाश चंद्र द्वारा रूपरेखा प्रस्तुत की गई। मॉडल पोलिंग बूथ पर चर्चा की गई। सक्रिय मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के पक्ष पर चर्चा प्रस्तुत की गई। इस दौरान सहायक अध्यापिकाएं पूनम मिश्रा, स्वेता कटियार, पूजा सिंह व आंगनवाड़ी कार्यकत्री सरला देवी, अनीता देवी, समूह सखी रीतू सिंह एवं गांव की कई महिलाएं मौजूद रहीं।

# बच्चों ने किया विद्यालय का नाम



कैनविज टाइम्स संवाददाता

(कानपुर देहात)- डेरापुर तहसील क्षेत्र के श्री कृष्ण आदर्श विद्यालय इंटर कॉलेज डेरापुर कानपुर देहात जहां हाई स्कूल में इन्टर मीडियम नशीम अहमद 94% विशाल शर्मा 92% मोजपुर पुष्पेंद्र 91% शाहिबे आलम 89% हाईस्कूल में अवंतिका सिंह 88% ,साधना यादव 87.33%,तान्या सक्सेना 87% ने स्कूल का नाम रोशन किया।श्री कृष्णा आदर्श इंटर कॉलेज उदनापुर के प्रबंधक उर्वेश यादव व स्कूल के मास्टर ने बच्चों के घर-घर जाकर फूल माला पहनकर व मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की। इस मौके पर रामलखन शर्मा, रियाशत अली, मो फरहान हसन सभासद डेरापुर, सुरेंद्र सिंह, कुलदीप शर्मा, सत्यम मिश्रा आदि ने खुशी व्यक्त की।

# बारा टोल के पास टैंकर से टकराई बस, 15 यात्री घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



(कानपुर देहात) कोतवाली अकबरपुर क्षेत्र के बारा गाँव के पास कानपुर झांसी राष्ट्रीय राजमार्गके बीच डिवाइडर में खड़े पौधों में पानी डाल रहे टैंकर में अचानक उरई डिपो की बस ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी... जिससे रोडवेज बस में सवार करीब 18 यात्रियों में चालक समेत 15 लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए.... 5 यात्रियों को राहगीरों एवं एम्बुलेंस की मदद से उपचार हेतु जिला अस्पताल लाया गया। जिला अस्पताल में मौजूद चिकित्सक निशांत पाठक ने बताया, 29 वर्षीय रुहिया बानो पत्नी फैयाज अहमद निवासी मछरिया, यशोदा नगर कानपुर, 32 वर्षीय शुनील कुमार शिवहरे पुत्र रामप्रकाश बरगवां थाना जरिया हमीरपुर, 60 वर्षीय शाहबीन बेग़म पत्नी अब्दुल रहूफ निवासी अफ़सरिया थाना सट्टी कानपुर देहात, -48 वर्षीय सुनील सचान पुत्र हरी शंकर निवासी गोपाल पुर थाना घाटमपुर कानपुर नगर, 65 वर्षीय बिज नारायण पुत्र सूबे निवासी बीजापुर थाना आटा जिला जालौन का जिला अस्पताल कानपुर देहात में उपचार चल रहा है। इस संबंध में राशिद नाम के एक घायल यात्री ने जानकारी देते हुए बताया कि सुबह लगभग 10 बजे उरई डिपो की बस कानपुर से उरई की ओर जा रही थी अभी उपरोक्त रोडवेज बस कानपुर झांसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर बारा टोल प्लाजा से 500 मीटर ही आगे बढ़ी थी कि राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे लगे पौधों में सिंचाई कर रहे एक टैंकर में उपरोक्त बस अचानक अनियंत्रित होकर टकरा गई। प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार बस के चालक ने टैंकर की बाई ओर से क्रास करने का प्रयास किया किन्तु जगह न होने के कारण वह पौधों में पानी डाल रहे टैंकर से टकरा गयी बस में सवार 18 यात्रियों में 15 लोग हुए चोटहिल तीन महिलाओं समेत गम्भीर रूप से घायल पाँच यात्रियों का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है।

# होनहार बच्चों को खंड शिक्षा अधिकारी ने किया पुरस्कृत

कैनविज टाइम्स संवाददाता




(कानपुर देहात)विकास खण्ड मलासा के प्राथमिक विद्यालय अनन्तापुर में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के साथ ही स्मार्ट क्लास का शुभारंभ खण्ड शिक्षा अधिकारी आनन्द भूषण द्वारा किया गया..इस अवसर पर बच्चो द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। विद्यालय प्रांगण में खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा पौधरोपण भी किया गया।

खंड विकास अधिकारी द्वारा परीक्षाफल भी वितरित किया गया एवं में विद्यालय में बच्चों को वार्षिक उत्सव भी मनाया गया। खंड शिक्षा अधिकारी का माल्यार्पण भी किया गया।

वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में संबोधित करते खंड शिक्षा अधिकारी मलासा आनंद भूषण ने कहा किबच्चे देश के भविष्य है। इन्हें निखरने दें। उन्होंने कहा है कि विद्यालय शिक्षा का मंदिर है। इसकी गरिमा को शिक्षक एवं ग्रामवासी दोनों बनाए रखें। खंड शिक्षा अधिकारी आनंदभूषण ने कहा है कि नृत्य, नाटिका, मतदान जागरूकता समेत विद्यालय से पढ़कर ही कोई भी व्यक्ति अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों की बेहतरीन शिक्षक, इंजीनियर एवंउच्चाधिकारी ही बनता है। इस अवसर पर ए आर पी अविनाश सचान, नौशाद अहमद, सुनील सचान विवेक पाल विद्यालय की प्रधानाध्यापक खुशनुमा बेगम, रचना सिंह सहायक अध्यापक रीता देवी शिक्षा मित्र गांव के ग्रामीण उपस्थित रहे।

# हवन पूजन के साथ किया गया भाजपा का नगरीय एवं ग्रामीण केंद्रीय चुनाव कार्यालयों का उद्घाटन

## युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की गारंटी बनेगा मोदी का तीसरा कार्यकाल : डा. राजेश्वर सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सरोजनीनगर । राजधानी लखनऊ सहित पूरे देश में चुनावी सरगर्मी जोरों पर है, इसी बीच रविवार को सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह व मोहनलालगंज लोकसभा क्षेत्र भाजपा प्रत्याशी कौशल किशोर द्वारा हवन ऽ पूजन कर सरोजनीनगर नगरीय और ग्रामीण क्षेत्र में चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया गया।

सात चरणों में संपन्न हो रहे लोकसभा चुनाव के 5वें चरण में 20 मई को लखनऊ और मोहनलालगंज लोकसभा सीट पर वोट डाले जायेंगे, मोहनलालगंज से सपा और बसपा अपने प्रत्याशी उतार चुकी है, भाजपा ने वर्तमान सांसद और केन्द्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर पर एक बार फिर भरोसा जताया है। भाजपा प्रत्याशी लगातार अपने चुनावी अभियान को आगे बढ़ा रहे हैं, इसीक्रम में रविवार को दरोगाखेडा स्थित लोधी भवन में कौशल किशोर के सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र केंद्रीय चुनाव कार्यालय (ग्रामीण) तथा जैन भवन, निकट कोमल आइसक्रीम, हिन्दनगर में



सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र केंद्रीय चुनाव कार्यालय (नगरीय) का उद्घाटन हुआ। इस दौरान सांसद प्रत्याशी कौशल किशोर ने बड़ी संख्या में मौजूद कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताते हुए पार्टी के पक्ष में समर्थन जुटाने की अपील की। वहीं कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार करते हुए सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि 18 करोड़ सदस्यों के साथ भाजपा दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक दल है, दुनिया के 190 देशों में कुल जनसँख्या भी भाजपा कार्यकर्ताओं की संख्या से कम है। कार्यकर्ता ही भाजपा की सबसे मजबूत कड़ी है, कार्यकार्ताओं पर प्रचंड गर्मी में वोटर्स को मतदान केंद्र तक लाने और भाजपा के पक्ष में मतदान कराने की जिम्मेदारी है। मोहनलालगंज लोकसभा क्षेत्र का प्रत्येक कार्यकर्ता स्वयं को प्रत्याशी

### सरोजनीनगर से कौशल किशोर को मिलेगी अभूतपूर्व बढ़त : डा. राजेश्वर सिंह

मानकर चुनाव लड़े, तब मोहनलालगंज में भाजपा जीत के सारे रिकॉर्ड तोड़ सकेगी।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष विनय प्रताप सिंह, पूर्व राज्यमंत्री वीरेंद्र तिवारी, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष वीरेंद्र प्रताप सिंह, अरविंद त्रिपाठी 'गुड्डू', पूर्व जिलाध्यक्ष श्रीकृष्ण लोधी, पार्षद सौरभ सिंह मोनू, कौशलेंद्र द्विवेदी, कमलेश सिंह, बृजमोहन शर्मा तथा मंडल अध्यक्ष के के श्रीवास्तव, के के अवस्थी, बलीराम विश्वकर्मा, रमा शंकर त्रिपाठी, राजेन्द्र बाजपेई, पुष्कर शुक्ला, गोविन्द पांडेय, कर्नल दया शंकर दुबे, राजेश सिंह चौहान, शंकरी सिंह, गंगा राम भारती, मंडल अध्यक्ष विवेक राजपूत एवं शिव बख्श सिंह, मोहित तिवारी, भुवनेन्द्र सिंह मुन्ना, रणजीत रावत एवं अन्य भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### इब्राहिमगंज में लगा 69वां आपका विधायक-आपके द्वार जनसुनवाई शिविर

रविवार को सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा इब्राहिमगंज में आपका विधायक- आपके द्वार जन सुनवाई शिविर का आयोजन किया गया, इस दौरान ग्राम वासियों की समस्याएँ सुनकर उनके प्रभावी निस्तारण हेतु आश्वस्त किया गया, साथ ही ग्रामवासियों को विधायक राजेह्स्वर सिंह द्वारा संचालित विकास योजनाओं से अवगत कराया गया।

बता दें कि सरोजनीनगर विधायक द्वारा प्रत्येक रविवार एक ग्राम पंचायत में जनसुनवाई शिविर का आयोजन कर ग्रामवासियों की समस्याओं का समाधान किया जाता है, जिसमें विधायक की टीम पूरा दिन उपस्थित रहती है। इब्राहिमगंज में आयोजित आपका विधायक ऽ आपके द्वार जनसुनवाई के दौरान टीम राजेश्वर के साथ ग्राम प्रधान वकील अहमद एवं भाजपा बूथ अध्यक्ष जय सिंह भी उपस्थित रहे।

# मेधावी छात्र विकसित भारत संकल्प के बनेंगे सारथी : ए.के. शर्मा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए.के. शर्मा ने यूपी बोर्ड की 10वीं व 12वीं के परिणामों में उत्तीर्ण सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनायें देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उन्होंने कहा कि यह सभी बच्चे देश का भविष्य है और विकसित भारत संकल्प के सारथी बनेंगे। उन्होंने यूपी बोर्ड के रिजल्ट में टॉप टेन में शामिल मऊ की दो छात्रा हर्षिता शर्मा, अनुष्का यादव और एक छात्र अभिषेक प्रजापति से फोन पर बात कर उनको शुभकामनायें दी। मंत्री श्री शर्मा ने मेधावी छात्र-छात्राओं को अपने लक्ष्य को प्राप्त करने व प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए उन्हें नियमित रूप से पुस्तकालय जाने और अखबार पढ़ने की सलाह दी। जिससे उन्हें अकादमिक विषयों के साथ-साथ समसामयिक विषयों की भी जानकारी हो सके। मंत्री ने मधुबन की हर्षिता शर्मा और चिरैयाकोट के अभिषेक प्रजापति से बात की। दोनों ही छात्रों ने 96.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर 7वीं रैंक हासिल की है। वहीं कोपागंज की तनुष्का यादव ने 96.20 प्रतिशत अंक पाकर 9वी रैंक प्राप्त की है। उन्होंने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि भविष्य में अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए आपको एकाग्रचित्त होकर पढ़ाई करने के साथ ही लगन और धैर्य बनाए रखना होगा।

आप सभी नये भारत के साथ ही नए उत्तर प्रदेश के विकास के सारथी हैं। आपकी कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प पर हम सभी को गर्व है और मां सरस्वती की कृपा आप पर यूं ही बनी रहे। उन्होंने कहा कि आपकी सफलता में आपके माता-पिता और शिक्षकों की भूमिका भी बहुत महत्वपूर्ण है, उन्हें भी बधाई एवं शुभकामनायें। उल्लेखनीय है कि शनिवार को यूपी बोर्ड ने दसवीं और 12वीं के रिजल्ट की घोषणा की है, जिसमें दसवीं में 89.55 प्रतिशत तो इण्टर में 82.60 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं।

## विवादित व्यक्तियों के 495 लाइसेंसी शस्त्र जब्त

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। निष्पक्ष एवं सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। इसके अनुपालन में कार्रवाई करते हुए 20 अप्रैल को पुलिस ने आपराधिक छवि के व्यक्तियों के तीन लाइसेंसी शस्त्र जब्त और 07 शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये। 16 मार्च से 20 अप्रैल 495 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये।प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने रविवार को बताया कि सघन जांच के लिए 480 अंतराज्यीय चेक पोस्ट एवं 1836 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 20 अप्रैल तक 4298 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये। शांति भंग की आशंका में सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 24,73,998 लोगों को पाबन्द किये जाने के लिए नोटिस प्रेषित किये गये।इनमें से 19,64,008 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग द्वारा 7250 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 7325 कारतूस, 2900.32 किलोग्राम विस्फोटक व 376 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 2892 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 140 केन्द्रों को सीज किया गया।

## पेपर लीक मामले में चार गिरफ्तार

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। यूपी एसटीएफ ने आरओ एवं एआरओ पेपर लीक करने वाले गैंग के चार सदस्यों को पकड़ा है। इनके कब्जे से प्रश्न-पत्र, 2.02 लाख रुपये कैश बरामद हुआ है। यूपी एसटीएफ ने लखनऊ के पीजीआई स्थित वृंदावन योजना के पास चार लोगों को गिरफ्तार किया है।पकड़े गये अभियुक्तों में मीरजापुर निवासी डॉ. शरद, लखनऊ के चौक निवासी अभिषेक शुक्ला, प्रयागराज का रहने वाला कमलेश, और प्रयागराज जनपद का निवासी अर्पित अर्पित विनीत शामिल है। आरोपी शरद पहले भी वीडियो परीक्षा 2022 को लेकर जेल जा चुका है। शरद ने सौरभ के साथ मिलकर पेपर लीक की साजिश रची थी। वहीं, सौरभ ने कमलेश को इस प्लान में शामिल किया था।

## सुबह निकली प्रभात,फ़ेरी, दिन में हुआ रक्तदान, और शाम को हुआ भंडारा

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। आज 21 अप्रैल दिन रविवार,जैन समुदाय, के २४ वे तीर्थंकर ,भगवान महावीर, का जन्म कल्याणक बड़ी धूम धाम से परंपरागत तरीके से राजधानी लखनऊ के सभी जैन मंदिरों में मनाया गया। सुबह 5 बजे प्रभात फ़ेरी, जिसमे पुरुषो द्वारा सफ़ेद कुर्ता पैजामा,स्त्रियों द्वारा पीली साड़ी,पहनी हुई हाथो में तख्ती जिसने नारे ''महावीर स्वामी का संदेश द्धद्बध और जीने दो, अहिंसा परमो धर्म, द्धद्बध और जीने दो,सभी का जोश और होश देखते बन रहा था, उसके पश्चात 10 बजे से 2 बजे तक रक्त दान,जिसमे जैनियों के अलावा भी लोगो का जोश देखते बन रहा था, बच्चो ने भी रक्त दान किया, उसके पश्चात भंडारे की पूरी व्यस्था की गई थी।जिसमे स्थानीय लोगो की जबरदस्त भागीदारी रही। संभावनाथ सेवा संस्थान, ,डालीगंज के सयोजक सुभाष जैन,कोषाध्यक्ष सुधीर जैन, मंत्री मुकेश जैन ने कहा आज का कार्यक्रम आप सभी के सहयोग से पूरी तरह से सफल रहा। महिला मंडल की अध्यक्ष अंजु जैन, बीना जैन,छाया जैन, मीना जैन,पूरी कमेटी के साथ मौजूद रही। अंत में श्री जैन धर्म प्रवर्धनी सभा, लखनऊ के अध्यक्ष अतुल कुमार जैन ने सभी लोगो को बधाई देते हुए कहा आप लोगो की मेहनत आज के दिन जब भगवान का जन्म कल्याणक मनाया जा रहा हो इतना सुन्दर आयोजन जितनी भी तारीफ की जाय कम है।

## निगोहां पुलिस ने एक वारंटी को किया गिरफ्तार

मोहनलालगंज कैनविज टाइम्स संवाददाता।निगोहां पुलिस ने मारपीट के मुकदमे में न्यायालय से एनबीडब्ल्यू वारंट जारी होने के बाद से फरार चल रहे एक वांरटी को गिरफ्तार कर न्यायालय ?में पेश किया,जहां से उसे जेल भेज दिया गया।थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया 2016 में दर्ज मारपीट के मुकदमें में न्यायालय से एनबीडब्ल्यू वारंट जारी होने के बाद से फरार चल रहे अभियुक्त मगंल रावत निवासी मस्तीपुर थाना निगोहा को उपनिरीक्षक राजेश कुमार ने पुलिस टीम के साथ रविवार की सुबह उसके घर पर दाबिश देकर गिरफ्तार किया।अभियुक्त को न्यायालय में पेश किया गया,जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# रामेश्वर महादेव मंदिर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हुआ भंडारा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज। लखनऊ,मोहनलालगंज विकास खंड के भदेसुआ गांव में रामेश्वर महादेव मंदिर निर्माण शिलान्यास समारोह व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।इस मौके पर चर्चित आल्हा मंडल द्वारा वीर गाथा की सांस्कृतिक प्रस्तुति की गयी।रमेश चन्द्र श्रीवास्तव बांके बाबू स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्मृति सिमिति की अध्यक्ष उर्मिला देवी श्रीवास्तव ने बताया कि रविवार को मोहनलालगंज के भदेसुआ गांव में महादेव मंदिर का शिलान्यास समारोह हुआ जोकि प्रख्यात ज्योतिर्विद डाक्टर विवेक आचार्य की अध्यक्षता में संपन्न हुए।इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में संजय विनायक भाई जोशी व वक्ता के रूप में संजय और



विंध्यवासिनी कुमार सहित कृष्णकांत शुक्ला व महंत सिध्हेश्वरनन्द गिरि महाराज मुख्य रूप से मौजूद रहे। इस मौके पर मंदिर परिसर में भंडारे का भी आयोजन किया गया।जिसमें गांव के अलावा दूर दराज के लोग भी आकर शामिल हुए।वही आल्हा मंडल द्वारा भंडारे के ही दौरान मनमोहक सांकृतिक कार्यक्रमो की प्रस्तुति दी गई।इस मौके पर मुख्य रूप एडवोकेट अशोक मौर्य,सुरेंद्र जायसवाल, अभिनव मौर्य सतीश चन्द्र श्रीवास्तव, अनिल त्रिपाठी, सुनील त्रिपाठी, अवनीश द्विवेदी अजीत यादव कन्हैयालाल यादव सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# शादी को आसान बनाने के लिए मुस्लिम समाज ने जन-आंदोलन किया जारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। मुस्लिम वेल्फ़ेयर सोसायटी की जानिब से शादी को आसान बनाने एवं मस्जिद में निकाह कराने को लेकर पिछले पाँच वर्षो से चलाये जा रहे हैं अभियान ने रंग लाना शुरू कर दिया है ।सोशल वेल्फ़ेयर एवं कल्चरल एक्टीवीज़ कमेटी लखनऊ के चेयरमैन जनाब ख़ालिद इस्लाम एवं सेक्रेट्री जनाब मुर्तज़ा अली ने संयुक्त रूप से बताया कि मुस्लिम वेल्फ़ेयर सोसायटी की कोशिश है कि शादी को आसान बनाने हेतु मस्जिद में सादगी के साथ निकाह कराया जाये सोशल वेल्फ़ेयर एवं कल्चरल एक्टीवीज़ कमेटी लखनऊ के तत्वावधान में पूरी टीम द्वारा लोगों के बीच जागरूकता अभियान चला रही है जिसका परिणाम यह हुआ कि बड़ी तादाद में लोग मस्जिद में निकाह कर रहे हैं । जनाब मुर्तज़ा अली ने बताया कि इस बार मुस्लिम वेल्फ़ेयर सोसायटी की जानिब से कराये जा रहे सामूहिक निकाह में छः जोड़ो मंतशा पुत्री रईस अहमद निवासी खदरा,शहबाज़ पुत्र सईद अहमद निवासी कैम्पल रोड, सानिया पुत्री लियाकत अली निवासी सआदत गंज,आफ़ताब पुत्र मुख़्तार अहमद निवासी भवानी गंज, रुखसार पुत्री शारिक़ निवासी मोअज़्ज़म नगर, मुहम्मद शावेज़ पुत्र शाकिर निवासी आदर्श नगर ,फ़रहीन पुत्री मुहम्मद इलियास निवासी मंसूर नगर, मुहम्मद अमजद सिद्दीक़ी पुत्र मुहम्मद सरवर निवासी मानक नगर, समरीन पुत्री मुहम्मद युनुस निवासी मेहदी गंज, मुहम्मद सैफ़ पुत्र मुहम्मद शफ़ीक निवासी खाला बाज़ार, ज़ेबा बानो पुत्री शाकिर अली निवासी रसूल पुर, जावेद पुत्र बबलू निवासी शेख़ पुर बुलंदा जालौन का निकाह जामा मस्जिद मुन्शी पुलिया इंदिरा नगर लखनऊ में किया गया ।

# सघन जॉच के लिए 480 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1836 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। 16 मार्च, 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। सघन जॉच के लिए 480 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1836 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 20 अप्रैल, 2024 तक पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 495 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 4298 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये। इसी प्रकार शांति भंग की आशंका में सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 24,73,998 लोगों को पाबन्द किये जाने हेतु नोटिस प्रेषित किये गये है, जिनमें से 19,64,008 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग द्वारा 7250 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 7325 कारतूस, 2900.32 किलोग्राम विस्फोटक व 376 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 2892 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 140 केन्द्रों को सीज किया गया।

# लघु उद्योग के बारे में जागरूक करने के लिए बैठक आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज। लखनऊ, विजय हरि ट्रस्ट द्वारा पीजीआई स्थित कार्यालय में लघु उद्योग के बारे में जागरूक करने के लिए बैठक आयोजित की गई।

विजय हरि ट्रस्ट के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने आयोजित कार्यक्रम में पहुंचकर लघु उद्योग के बारे में जानकारी हासिल करने के लिए सभी इकठ्ठा हुए। ट्रस्ट की अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा साहू ने मौजूद लोगो को

लघु उद्योग के बारे में जानकारी देते हुए लोगो को जागरूक किया और लोगो को प्रोत्साहित करते हुए अपने परिवार का भरण पोषण करने का अच्छा व्यापार है आयोजित कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने ट्रस्ट की अध्यक्ष की सराहना करते हुए उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट करते हुए सम्मानित किया।



कार्यक्रम में मौजूद मुख्य रूप से विजय देवी, सबा परवीन, डॉक्टर सज्जाद, काजी अहमद, प्रभात तिवारी, अनीता सिंह, अनामिका कुमारी, सीमा सिंह, नितिन साहू, खुशबू गुप्ता, नीतू सैनी, शकीला बानो, समाज सेवक मोहम्मद शकील , अवध वृंदावन डेवलपमेंट एसोसियेशन के अध्यक्ष एस0 के 0 द्विवेदी, अंकित रावत,राजू कुमार, सुनन्दा साहू , प्रिया दुबे, दिलीप कुमार सभी लोग उपस्थित रहे।

# पृथ्वी,जल,जंगल,जमीन को बचाएं : डॉ. हीरा लाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। मनुष्य स्वस्थ रह सकता है,जब हम पृथ्वी,जल,पेंड़ पौधे और जमीन को स्वस्थ बनायेंगे। जल हमें पृथ्वी से प्राप्त होता है,पानी नदियों, तालाबों, कुओं, मिट्टी और कई अन्य जल निकायों में रहता है। पेड़ और जंगल हमें अनवरत ऑक्सीजन प्रदान करते हैं और हमारे चारों ओर एक स्वस्थ और खुशहाल वातावरण बनाते हैं। जमीन हमारे लिए खाद्य पदार्थ पैदा करती है। यह जानकारी रविवार को विश्व पृथ्वी दिवस की पूर्व संध्या पर डॉ.हीरा लाल ने कही।उन्होंने कहा कि हम आवश्यक ऊर्जा प्राप्त करने के लिए, इसका सेवन करते हैं। हमें अधिक मात्रा में गुणवत्तापूर्ण भोजन की आवश्यकता होती है। जिस तरह से केमिकल के प्रयोग से मिट्टी की उर्वरता एवं गुणवत्ता खराब हो रही है और खाद्य उत्पादन के लिए जगह कम होती जा रही है। इससे हमारी खाद्य आपूर्ति की उपलब्धता प्रभावित हो रही है। इसलिए इन तीनों के स्वास्थ्य को उनके मानकों के अनुरूप बनाए रखना हम सभी के लिए अनिवार्य है। यदि ऐसा नहीं हुआ तो हमारा अस्तित्व संकट में पड़ जायेगा।उन्होंने कहा कि धरती माता को स्वस्थ बनाने के प्रति जागरूकता के लिए ही हर साल 22 अप्रैल को पृथ्वी



दिवस मनाया जाता है । इस साल इस दिवस की थीम है ग्रह बनाम प्लास्टिक है। इसका मतलब है कि प्लास्टिक के कचरे से बढ़ते प्रदूषण से धरती माता को बचाना है। डॉ. हीरा लाल का कहा कि जल के बिना जीवन नहीं है, जल की गुणवत्ता एवं मात्रा की उपलब्धता दिन-ब-दिन घटती जा रही है। यह हम सभी के लिए संकट की स्थिति का संकेत देता है और हम अपने अस्तित्व के खतरनाक क्षेत्र में जा रहे हैं। जल हम सभी से जुड़ा है, तो इसका समाधान हम सभी के पास ही है।हम सभी को वर्षा ऋतु में एक वर्ष में उतना पानी बचाना चाहिए, जितना हम एक वर्ष में उपभोग करते हैं। यह काम सभी को मिलकर करना होगा। अगर हमें लगता है कि यह काम सिर्फ सरकार, सीएसओ, एनजीओ का है तो इस मानसिकता को बदलना होगा । उन्होंने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए हमें गुणवत्तापूर्ण वायु की आवश्यकता होती है। कोरोना ने हमें हवा का महत्व बताया है औ ऑक्सीजन की गुणवत्ता,मात्रा दोनों तेजी से कम हो रही है। यह हमारी स्थिरता के विरुद्ध एक मजबूत संकेतक है। हमें ऑक्सीजन फैक्ट्री लगाकर इस स्थिति से निपटने की जरूरत है। हमें पेड़, लगाने होंगे और उन्हें जिन्दा रखना होगा।

## जानकीपुरम विस्तार की जनसमस्याओं को लेकर सौंपा जाएगा ज्ञापन

लखनऊ। लक्ष्य जनकल्याण समिति जानकीपुरम विस्तार में व्याप्त जनसमस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर नगर विकास मंत्री एवं महापौर को ज्ञापन सौंपेगी। आज यहां समिति की हुई बैठक में इस आशय का निर्णय लिया गया। मालूम हो कि जानकीपुरम विस्तार काफी समय से सीवर, नाली, मार्गप्रकाश एवं जगह-जगह ढेर कूड़ो का निस्तारण न होने की समस्याओं से जूझ रहा है। बैठक में समस्याओं के निराकरण पर चर्चा करते हुए सेक्टर 6 में बन रही लाइब्रेरी को बनवाने में विगत लगभग 8 वर्षों से सफल प्रयास करने वाले समिति के अध्यक्ष एस के बाजपेई का क्षेत्रीय निवासियों द्वारा सम्मान किया गया। इस अवसर पर लक्ष्य जनकल्याण समिति के अध्यक्ष एस के बाजपेई ने लखनऊ विकास प्राधिकरण का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि लाइब्रेरी बन जाने से क्षेत्रीय बच्चों को काफी लाभ मिलेगा और उनको शिक्षा ग्रहण करने में कोई भी असुविधा महसूस होने नहीं दी जाएगी। बैठक में लक्ष्य जनकल्याण समिति के महामंत्री पंकज तिवारी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ए के वर्मा प्रचारमंत्री राहुल पालीवाल,महेन्द्र मिश्रा, गोपाल श्रीवास्तव, ओ पी मिश्रा, अरुण झा सहित कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

# व्यापारियों को मतदान करने की दिलाई शपथ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। राजधानी के व्यापारियों में गंगा जमुनी तहजीब की झलक देखने को मिली। रविवार को यहियागंज व्यापार मंडल द्वारा होली, ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। वहीं व्यापार मंडल द्वारा सभी मार्ग दर्शकों को भामाशाह सम्मान से सम्मानित किया। जिसमें सन्तोष जैन, कैलास चन्द्र जैन, वीर कुमार जैन, विशम्भर पाण्डेय, राजकिशोर रस्तोगी, रमेश चन्द्र वर्मा, मोहम्मद अकील, सईद अहमद खान, मंजू गोयल, हरिनरायन गुप्ता, सगीर अहमद, वीरेन्द्र कुमार जायसवाल, श्याम सुन्दर गुप्ता, ताराचन्द्र अग्रवाल, ललित मोहन गुलाटी , मोहनलाल पटवा, चन्द्रप्रकाश जायसवाल, अशोक कुमार गुप्ता, गयादत्त पाण्डेय, सीताराम अग्रवाल शामिल रहे।इसके साथ ही झटपट प्रतियोतिगा में प्रतिभागियों को लकी ड्रा के माध्यम से प्रथम, द्वितीय, तृतीय विजेता घोषित किये गये। इसी क्रम में अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र ने बताया कि यहियागंज बाजार प्रदेश में सबसे बड़ी एवं पुरानी बाजार है,यहां पर सभी धर्मो के व्यापारी व्यापार कर रहे है। श्री मिश्र ने कहा कि हमारे में बाजार गंगा जमुनी तहजीब को भली भांति निभाते है और होली एवं ईद मिलन जैसे त्यौहार एक दूसरे के साथ मिलकर मनाते आ रहें है। बड़े त्यौहारों में सभी दुकानदार अपनी-अपनी दुकान बन्द कर त्यौहार में सहभागिता करते है। उन्होंने कहा कि दो दिवसीय होले में हिन्दू मुस्लिलम सभी दुकाने बन्द रहीं हैं और बिना भेद भाव के हम एक दूसरे के सहयोग में खड़े रहते हैं।इस वर्ष होली ईद,नवरात्रि कार्यक्रमों के बाद ईद एवं होली मिलन समारोह मनाया गया। साथ ही एक दूसरे को गले मिलकर बधाईयां दी। अध्यक्ष ने कहा ने अपील करते हुए आगामी 20 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि अकेला मेरा परिवार अर्थात व्यापारी समाज देश के लिए आर्थिक सहयोग के साथ-साथ जन सेवा का भी कार्य किया है।अप्रैल मई की गर्मी को देखते हुए सार्वजनिक स्थलों पर आम जनमानस के लिए गर्मी के बचाव को प्याऊ लागाया जायगा।

## अब तक कुल 1,11,23,581 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी

लखनऊ। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च, 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू है।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आदर्श आचार संहिता का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित कराने में अब तक सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से कुल 1,11,23,581 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। इसमें सार्वजनिक स्थानों से 67,57,448 तथा निजी स्थानों से 43,66,133 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 7,33,359, पोस्टर के 31,46,851, बैनर के 19,11,044 एवं अन्य 9,66,194 मामलों में कार्यवाही की गयी। इसी प्रकार निजी स्थानों में से वालराइटिंग के 5,83,970, पोस्टर के 20,00,730 बैनर के 10,71,545 एवं अन्य 7,09,888 मामलों में कार्यवाही की गयी। इसी प्रकार अब तक वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग के 1271 मामलों में तथा लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 2192 मामलों में कार्यवाही की गयी।

# मनरेगा मजदूरों पर ग्राम प्रधान बरपा रहे कहर दोगुनी आय का जरिया बनी लू की लहर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सकरन/सीतापुर । जल संरक्षण व जल संचयन के लिए ग्राम पंचायत कोंसर में खुदवाए जा रहे गोंदिया तालाब में काम करने वाले दर्जनों मजदूरों को काल के गाल में भेजने पर आमादा तकनीकी सहायक,रोजगार सेवक व ग्राम प्रधान।खुदाई में करीब डेढ़ सैकड़ा मजदूरों को खड़ी दोपहरी की लू में काम करवाने के अमानवीय कृत्य को अंजाम दे रहे जिम्मेदार ग्राम प्रधान।जिसके चलते दर्जनों मजदूर हो रहे गंभीर बीमारियों के शिकार,सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पूर्व दिवस करीब पौन सैकड़ा मजदूर चिलचिलाती धूप व लू के आगोश में आ प्रधान जी के द्वारा चलाए जा रहे हॉस्पिटल में भर्ती हो गए जहां मनमाने तरीके से हजारों रुपयों की लूट मनरेगा मजदूरों से इलाज के नाम पर वसूले गए।




चित भी मेरी पट भी मेरी के चलते गर्मी से बेहाल तकनीकी सहायक जो कि कार्यस्थल पर ही अचेत गिर गए गनीमत ये रही कि प्रधानजी ने स्वयं अपने तरीके से उनका इलाज किया।

एक तरफ जल संचयन हेतु तालाब खुदाई दूसरी तरफ जल की कमी से कार्यस्थल पर भीषण बीमारी से जूझ रहे मनरेगा मजदूरों की इलाज के नाम पर खुली लूट।

ग्रामपंचायत कोसर ही नहीं सकरन में भी मनरेगा मजदूरों की लूट का तमाशा है कि नहीं ले रहा थमने का नाम।कई अमानक व अपूर्ण कामों की फर्जी एमबी करने वाले सकरन टीए जहां एक भी मजदूर कार्यस्थल पर न मिलकर धरातल पर ठेकेदारी प्रथा के जरिए अमानक कार्य कराए जाते रहे हैं जिनकी पूर्व में कई शिकायतें भी हुईं और अधर में जांचें भी पड़ी रहीं फिर

### डिहाइड्रेशन,उल्टी-दस्त से दर्जनों मजदूर बीमार

उसी क्रियापद्धति को दोहराते हुए बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़ा का अड्डा बन रही ग्राम पंचायत सकरन।

मनरेगा लूट में जहां एक तरफ मजदूरों की भरमार से आजिज प्रधान कोंसर जो फसल व लगन की ताक में डिमांड से ज्यादा मजदूरों की आवक से परेशान जो उन्होंने स्वयं कबूल वहीं दूसरी तरफ शून्य मजदूरों के साथ सकरन में बंधा निर्माण जोरों पर चल रहा। आखिर मनरेगा मजदूरों के साथ की जा रही इस तरीके की अमानवीय ठिठोली किस हद तक सही और मजदूरों के पेट पर लात मारने वाले ग्राम प्रधानों,तकनीकी सहायकों के साथ रोजगार सेवकों पर कार्यवाही क्यों नहीं,इनके वृहदतम भ्रष्टाचारों की जांच किस अदृश्य शक्ति के संरक्षण में।

# शोभा यात्रा निकालकर राधा कृष्ण की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा मोहल्ला हटौरा स्थित दुर्गा मंदिर में की गयी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

खैराबाद । आज दोपहर मोहल्ला हटौरा स्थित दुर्गा मंदिर से शोभायात्रा श्रद्धालुओं के द्वारा निकाली गई क्योंकि हटौरा होती हुई पुरानी बाजार लतीफ मार्केट नया बाजार

### जोशी टोला खैराबाद में आदि शक्ति माँ दुर्गा की हुई प्राण प्रतिष्ठा

### नगरविकास मंत्री राकेश राठौर व नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता ने शोभायात्रा में भाग लिया

होकर गौरी देवी मंदिर पहूंची यहा शोभायात्रा का स्वागत श्रद्धालुओं के द्वारा किया गया उसके बाद शोभायात्रा बीसीएम रोड होती हुई डीजे कालेज चौराहे से होकर पुनः हटौरा पहुंची यहां पर दिन ने दो 2:00 बजे के उपरांत मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा तथा स्थापना वैदिक मंत्रोच्चार से की गई तथा मंदिर में हवन उसके उपरांत भंडारे का आयोजन श्रद्धालुओं के द्वारा किया गया मूर्ति





की प्राण प्रतिष्ठा संतोष जायसवाल तथा उनके परिजनों के द्वारा की गई इस अवसर पर नगर विकास मंत्री राकेश राठौर गुरु प्रमुख समाजसेवी अभिषेक गुप्ता बबलू प्रदीप जायसवाल संतोष जायसवाल रामकिशोर जायसवाल उमेश जायसवाल मन्ना मेहरोत्रा सहित भारी संख्या में श्रद्धालु शोभा यात्रा में उपस्थित रहे।

# हनुमान जयन्ती पर 23 अप्रैल को यातायात परिवर्तन : एसपी साहा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखीमपुर-खीरी। हनुमान जयन्ती के अवसर पर 23 अप्रैल को प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी विशाल पद यात्रा संकटादेवी चौराहा से प्रारम्भ होकर एलआरपी होते हुए श्री हनुमान मन्दिर गुलरी पुरवा ओयल तक जायेगी । इस पद यात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित होते हैं । इस अवसर पर यातायात व्यवस्था के सुगम संचालन हेतु निम्न प्रकार से यातायात एडवाइजरी जारी की गई है।

एलआरपी चौराहे से सीतापुर रोड पर सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन प्रातः 04.00 बजे से पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा । जिन वाहनों को एलआरपी चौराहे से सीतापुर / लखनऊ दिशा की ओर जाना है वह छाउछ चौराहे से बेहजम होते हुए ओयल कस्बे से अपने गनतव्य की ओर जा सकेंगे । ओयल कस्बा स्थित बेहजम तिराहे से एलआरपी चौराहे की ओर सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन प्रातः 04.00 बजे से पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा । जिन वाहनों को लखीमपुर , बहराइच , गोला दिशा में जाना है वह बेहजम तिराहे से बेहजम छाउछ चौराहा होते हुए अपने गन्तव्य की ओर जा सकेंगे । संकटादेवी चौराहा से ओवरब्रिज होते हुए एलआरपी की ओर वाहनों का आवागमन निषेध रहेगा । संकटादेवी चौराहे से एलआरपी की ओर जाने वाले वाहन कृष्णा टाकीज , पं 0 दीन दयाल चौराहा , बरगद तिराहा , छाउछ चौराहा होते हुए अपने गन्तव्य की ओर जा सकेंगे । 4- सैधरी बाईपास मोड़ से बड़े वाहनों का आवागमन मेला मैदान की ओर निषेध रहेगा । यह वाहन बाईपास से पं 0 दीन दयाल चौराहा , बरगद तिराहा होते हुए अपने गन्तव्य की ओर जा सकेंगे । मेला मैदान बस अड्डे से चलने वाली बसें मेला मैदान तक आ सकेंगी । उक्त यातायात व्यवस्था 23 अप्रैल प्रातः 04.00 बजे से सायं 16.00 बजे / कार्यक्रम समाप्ति तक प्रभावी रहेगी । आम जनमानस से सुगम यातायात संचालन हेतु सहयोग की अपेक्षा की जाती है । शहर की शेष यातायात व्यवस्था पूर्ववत जारी रहेगी। जनपदीय पुलिस तथा यातायात पुलिस आपकी सहायता हेतु उपलब्ध रहेगी । यातायात सम्बन्धी किसी भी सहायता हेतु यातायात नियन्त्रण कक्ष के 9454844045 पर किसी भी समय सम्पर्क किया जा सकता है।

## किसान यूनियन ने गन्ना मैनेजर को सौंपा ज्ञापन

सांडा/सीतापुर :बढ़ती मौसम की तपिश के बीच चुनावी सरगर्मी में किसानों के साथ शुगर मिल बिसवां के द्वारा किए जा रहे व्यवहार की खबर समाचार पत्रों के माध्यम से पा रामशंकर सिंह कछवाह जिला अध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन(जनमंच)सीतापुर ने गन्ना क्रय केंद्र सांडा की बदहाली के विषय बावत समस्याओं के निस्तारण के लिए गन्ना प्रबंधक द सेक्सरिया बिसवां शुगर मिल को पांच सूत्रीय ज्ञापन देकर तत्काल समस्याओं से किसानों को राहत दिलाने को अवगत कराया गया।

# गंगा जमुनी तहज़ीब को डॉ. खान ने रखा है ज़िंदा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पलियाकलां-खीरी। सम्पूर्णानगर क्षेत्र के कस्बा सिंगाही खुर्द सम्पूर्णानगर में रविवार को बालाजी

### कस्बे में निकली बालाजी शोभायात्रा, लगा राम भक्त हनुमान का जयकारा

शोभायात्रा धूमधाम निकाली गई। शोभायात्रा में कस्बे की महिलाएं, बच्चे, बूढ़े, नवयुवकों आदि ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। शोभायात्रा का आयोजन कस्बे की दुर्गामंदिर सेवासमिति द्वारा किया गया। शोभायात्रा के दौरान बालाजी के कुछ भक्तों ने भगवा रंग का लिबास धारण किये हुए हाथ में भगवा रंग के प्रतीक वाला झंडा लिए हुए थे। शोभायात्रा के दौरान बालाजी एवं जय श्रीराम का नारा लगाकर समूचे कस्बे को भक्तिमय कर दिया। यात्रा में बालाजी की एक सुन्दर झाँकी सजी हुई शोभायात्रा में चार चाँद लगा रही थी।



शोभायात्रा के कस्बा सम्पूर्णानगर में पहुँचने के दौरान हमेशा की तरह क्षेत्र के चर्चित चिकित्सक डॉ0 आईए खान एवं उनके पिता डॉ0 इज़हार खान ने बालाजी के भक्तों को बिस्कुट के पैकेट, विभिन्न प्रकार के शीतलपेय बाँटकर जलप्रपान करा बालाजी एवं उनके भक्तों का आशीर्वाद प्राप्त किया। शोभायात्रा कस्बा सम्पूर्णानगर होते हुए सिंगाही खुर्द में नवनिर्मित बालाजी के मन्दिर पर पहुँचकर भक्तों के पूजा अनुष्ठान उपरान्त दोपहर बाद समापन कर दिया गया। शोभायात्रा के दौरान इंद्रजीत सूरी, डॉ0 जुनेजा, जसपाल सिंह, मनोज चड्ढा, दिनेश गुप्ता, बंटी सूरी सहित कस्बे के तमाम बालाजीभक्त मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह का हुआ समापन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखीमपुर-खीरी। गोकर्ण नाथ बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड गोला के डिस्टिलरी यूनिट में मुख्य अतिथि अग्निशमन अधिकारी गोला सुरेंद्र सिंह शिंदे की उपस्थिति में राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह (14 अप्रैल से 20 अप्रैल) का समापन सफलता पूर्वक हुआ।

राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह मनाए जाने का मुख्य कारण 14 अप्रैल 1944 को विक्टोरिया डॉकयार्ड मुंबई में सेना का माल वाहक जहाज जिसमें अचानक आग लग गई थी जिसको बुझाने एवं आग को काबू में करने के लिए मुंबई फायर सर्विस के 66 अग्निशमन कर्मचारियों को अपनी जान की आहुति देनी पड़ी द्य

उन फायर फाइटर को श्रद्धांजलि देने के लिए अग्निशमन सेवा दिवस 14 अप्रैल को मनाया जाता है द्य राष्ट्रीय



अग्निशमन सेवा सप्ताह 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक मनाया जाता है। इस अवसर पर डिस्टलरी हेड सहदेव सिंह, गिरेन्द्रनाथ सिंह,खुशहाल सिंह एवं सुरेंद्र कुमार शिंदे ने अग्नि सुरक्षा सप्ताह मनाया जाने का कारण एवं अग्नि से बचाव के बारे में सभी को भलीभांति अवगत कराया। सुरेंद्र सिंह शिंदे ने शहीद अग्निशमन कर्मचारियों को श्रद्धांजलि देने के लिए श्रद्धा सुमन अर्पित किए एवं 2 मिनट का मौन धारण कराया गया। मिल के संरक्षा अधिकारी शोभन औदीच्य ने सभी कर्मचारियों को सुरक्षा प्रतिज्ञा दिलाई, डिस्टिलरी परिसर के बाहर फायर माक ड्रिल का आयोजन किया गया लिए। इस अवसर पर मिल के अधिकारी दीपक मिश्रा, गौरी शंकर जोशी, खैरुलवारा कादिर, गोपाल जायसवाल, अरुण यादव, आर एस यादव, संजीव पांडे, अभिषेक सक्सेना एवं अग्निशमन कर्मचारी मौजूद रहे।

# मुस्लिम समाज की महिलाओं को कमान सौपेंगी भाजपा

**एजेंसी**

प्रयागराज। लोकसभा चुनाव के मैदान में हर वर्ग को साधने की रणनीति में जुटी भाजपा अल्पसंख्यक समुदाय को पार्टी में अहम स्थान देने की रूपरेखा तैयार कर चुकी है। रविवार को सिविल लाइन स्थित पार्टी कार्यालय में अल्पसंख्यक मोर्चा के मंडल अध्यक्ष, विधानसभा प्रभारियों की बैठक में चुनाव को लेकर कई बिंदुओं पर चिंतन मंथन हुआ। मीडिया प्रभारी विवेक मिश्र ने बताया कि बैठक के दौरान तय किया गया कि अल्पसंख्यक मोर्चा मंडल स्तर पर जल्द से जल्द अपनी टीम का विस्तार करेगा और खासकर मुस्लिम समाज की महिलाओं को मंडल स्तर संगठनात्मक दायित्व और टीम में शामिल करने का विशेष प्रयास किया जायेगा। बैठक में महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र ने कहा कि मोदी सरकार ने जो सम्मान अल्पसंख्यक समुदाय को दिलाया है , वह आज तक किसी सरकार में सम्भव नहीं हुआ था। बिना किसी भेदभाव के केंद्र व प्रदेश सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के सभी वर्गों को मिला है। विपक्षी पार्टियां मुस्लिम समाज को वोटबैंक की मशीन समझती आई हैं और हर बार चुनाव में कोरे वादों के मंच से इन्हें ठगा गया है। भाजपा ने वादे नहीं अपितु संकल्प लिया, सबका साथ सबका विकास का और उसे पूरा भी किया। आज मुस्लिम समाज के 51 होनहारों का चयन आईएएस के लिए हुआ है। जबकि पिछली सरकारों में यह संख्या गिनी चुनी होती थी। इसका सीधा मतलब है कि भाजपा ने अल्पसंख्यकों का मान-सम्मान बढ़ाया है। अल्पसंख्यक मोर्चा के महानगर अध्यक्ष नवाब खान ने कहा कि मंडल व विधानसभा स्तर पर मोर्चा को मजबूत बनाने के काम पर मोर्चा कार्यकर्ता पदाधिकारी पूरे जी जान से लग जाएं। मंडल स्तर पर मुस्लिम समाज की कम से कम पांच महिलाओं को अवश्य शामिल करें और उन्हें संगठनात्मक दायित्व व टीम में शामिल करें। बैठक में अल्पसंख्यक बस्तियों और क्षेत्रों में सघन जनसम्पर्क करने व मोदी की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने की योजना तैयार की गई। इस दौरान मोर्चा के नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों विधानसभा प्रभारियों का फूल-मालाओं से एवं मुंह मीठा कराकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर रेहाना खातून, एजाजुद्दीन, बिलाल अहमद, राजेश गोंड, मनु चावला, कुलदीप सिंह खालसा, कमल सिंह, अली, शमशुल हुसैन, सरवर, जसविंदर सिंह जग्गी, मो. शरीफ, महताब आलम, मो. मुस्तफा, एकलाख, आसिफ, प्रशांत शुक्ला, नीलू शुक्ला, राकेश भारती, कुलदीप मिश्र, बृहस्पति पांडेय आदि उपस्थित रहे।

# मुठभेड़ में हिस्ट्रीशीटर अपने भाई सहित गिरफ्तार, दोनों गोली लगने से हुए घायल

## सगे ताऊ व मैरिज होम संचालक पर किया था जानलेवा हमला

**एजेंसी**

फिरोजाबाद। थाना उत्तर पुलिस टीम ने रविवार को मुठभेड़ में हिस्ट्रीशीटर को उसके भाई सहित गिरफ्तार किया है। गोली लगने से घायल दोनों अभियुक्तों को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तगण सगे ताऊ व मैरिज होम संचालक पर जानलेवा हमले के आरोपी हैं। अपर पुलिस अधीक्षक नगर सर्वेश कुमार मिश्रा ने बताया कि रविवार की रात्रि थाना उत्तर क्षेत्रान्तर्गत राधारानी मैरिज होम में एक शादी समारोह में दो लोग अपनी चचेरी बहन के यहाँ शादी में आए हुए थे। दोनों लोगों द्वारा विवाद में अपने ताऊ के ऊपर अवैध तमंचे से फायरिंग की गयी। मैरिज होम संचालक के मना करने पर उस पर भी डराने के लिए हवा में फायरिंग की गयी। जिससे वह दोनों बाल बाल बचे। उसके बाद घर में घुसकर तोड़ फोड़ की गई। इस मामले में मुकदमा दर्ज अभियुक्तों की



गिरफ्तारी के लिए प्रयास शुरू किए गए। उन्होंने बताया कि थाना प्रभारी थाना उत्तर वैभव कुमार सिंह पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गश्त पर थे तभी सूचना पर फायरिंग करने वाले अभियक्तगण करूआ उर्फ कमलेश व योगेन्द्र उर्फ मौनू पुत्रगण विमलेश उर्फ बबलेश यादव निवासी जैन नगर थाना उत्तर से पुलिस टीम की मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने टापा खुर्द जलेसर रोड़ से दोनों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस मुठभेड़ में दोनों अभियुक्त पैर में गोली लगने से घायल हुए। उन्हें उपचार हेतु अस्पताल भर्ती कराया गया है। दोनों अभियुक्तों के कब्जे से 2 अवैध तमंचा मय 9 जिन्दा व 6 खोखा कारतूस बरामद किए गए हैं। एएसपी ने बताया कि गिरफ्तार दोनों अभियुक्त सगे भाई हैं जिसमें करूआ उर्फ कमलेश थाना उत्तर का हिस्ट्रीशीटर अपराधी है जिस पर संगीन धाराओं में एक दर्जन से अधिक अभियोग पंजीकृत हैं। साथ ही हिस्ट्रीशीटर के सगे भाई योगेन्द्र उर्फ मौनू पर भी संगीन धाराओं में आधे दर्जन से अधिक अभियोग पंजीकृत हैं।

# प्रथम चरण के चुनाव में भाजपा के 400 पार का शानदार आगाज: अमरपाल मौर्य

**एजेंसी**

मीरजापुर। देश एवं प्रदेश की जनता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व एवं विकास के मॉडल को प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि 19 अप्रैल के प्रथम चरण के चुनाव को देखते हुए पूरा विश्वास है कि भारतीय जनता पार्टी ने 400 पार का शानदार आगाज किया है। चार जून को प्रमाण के साथ परिणाम दिखाई देने वाला है। नगर के बरौधा कचार स्थित भाजपा जिला कार्यालय सभागार में मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता प्रदेश महामंत्री, क्षेत्रीय प्रभारी काशी एवं राज्यसभा सांसद अमरपाल मौर्य ने यह बातें कहीं। जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह की अध्यक्षता में जिले के पूर्व जनप्रतिनिधियों एवं पूर्व जिला पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक सम्पन्न हुई। जिलाध्यक्ष ने मुख्य



अतिथि का पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्रम एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया तथा आए हुए सभी पूर्व जनप्रतिनिधि व पूर्व जिला पदाधिकारियों का अभिनन्दन कर आभार व्यक्त किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि सभी पूर्व जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ पदाधिकारी संगठन के कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर पूरे लोकसभा में तन-मन से जुट जाएं। केन्द्र व प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से मिले लाभ को जनता के सामने रखें। इस दौरान जिला प्रभारी व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरोज कुशवाहा, लोकसभा प्रभारी रविन्द्रनाथ पाठक, लोकसभा संयोजक दिनेश वर्मा, कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल, जिला महामंत्री हरिशंकर सिंह पटेल, रविशंकर पांडेय, पूर्व जिलाध्यक्ष लालबहादुर सिंह, अनिल सिंह, पूर्व जिला संयोजक दिनेश तिवारी, पूर्व विधायक सुचिस्मिता मौर्य, पूर्व दर्जा प्राप्त मंत्री मनीराम कोल, जिला मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश दूबे आदि मौजूद थे। मुख्य अतिथि अमरपाल मौर्य ने कटरा बाजीराव स्थित होटल रॉही इन में पहुंचकर लोकसभा चुनाव की दृष्टि से नगर विधानसभा कार्यालय का रिबन काटकर उद्घाटन किया। कहा कि सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता घर-घर सम्पर्क कर मोदी एवं योगी की योजनाओं को जनता के सामने लाएं। अबकी बार 400 पार कर मोदी को तीसरी बार पुनः देश का प्रधानमंत्री बनाएं। संचालन कार्यक्रम संयोजक जिलामंत्री कौशल श्रीवास्तव ने किया।

# उत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों का हुआ सम्मान समारोह

कैनविज टाइम्स संवाददाता





फतेहपुर। मदर सुहाग इंटर कॉलेज अमरजई मैं हाई स्कूल व इंटर में उत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों का सम्मान समारोह किया गया स्कूल का परीक्षा फल सत प्रतिशत रहा जनपद में अपना स्थान कायम रखने में फिर सफल रहा इंटरमीडिएट में अंशिका 93 ,20% अंक प्राप्त किया वही गौरी श्रीवास्तव 92 फीस दी दिव्यांशु गुप्ता 91,40% अंक प्राप्त किया खुशबू कश्यप 91 फ़ीसदी अनन्या पाल हर्षिता देवी अर्पिता देवी 90 फ़ीसदी जुलेखा परवीन 89,80% अन्वेष गॉड 89,60% आराधना 89,20% जानवी 86,60% अंक प्राप्त किया इन सभी विद्यार्थियों को अभिभावकों अवगंतुकों तथा अध्यापक परिवार ने छात्र-छात्राओं को सफलता की बधाई दी एवं फूलमाला वह मुंह मीठा करा कर सम्मानित किया विद्यालय के प्रधानाचार्य मोहित सिंह चंदेल ने अपने अध्यापक को इस सफलता के लिए विशेष रूप से बधाई दी प्रबंधक श्याम लाल सिंह ने विद्यालय की सत्र सफलता के लिए विद्यालय परिवार को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी

## गंदे पानी की सप्लाई से जनपदवासी परेशान

चित्रकूट । जिले की पानी सप्लाई व्यवस्था रोज की रोज बिगड़ती जा रही है। जिले के बल्दाऊ गंज समेत कई मोहल्लों में सप्लाई के द्वारा घरों में पहुंचने वाला पानी बेहद गंदा और बदबूदार है। कोई और व्यवस्था न होने के कारण लोग इसी पानी को पीने के लिए मजबूर है। ऐसे में गंदा पानी पीने से लोगों में बीमार होने का खतरा बना रहता है। यह समस्या प्रतिवर्ष होती है। फिर भी प्रशासन इस समस्या पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता है। जिले के सक्षम अधिकारियों से मांग की जाती है कि इस इस समस्या का जल्द से जल्द समाधान कर घरों में पीने लायक स्वच्छ पानी की सप्लाई करवाएं।

# चोरों ने साड़ी की दुकान में चोरी को दिया अंजाम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



फतेहपुर/थरियांव। थाना क्षेत्र के थरियांव स्टेट बैंक के बगल में साड़ी की दूकान में चोरों ने चोरी को दिया अंजाम। थरियांव थाना क्षेत्र के दिहुली गांव के सुनील कुमार पुत्र रामचंद्र ने बताया कि मेरी दुकान भारतीय स्टेट बैंक थरियांव के बगल में मेरी दुकान क़रीब 2 वर्ष से खुली थी। मैं हमेशा की तरह मैं कल भी शाम को 6 बजे दुकान बंद करके घर चला गया था। और जब मैं अगले दिन सुबह 9 बजे घर से दुकान आया और दुकान खोला तो पीछे से दीवार में छेद कटा हुआ मिला और दुकान के कपडे भी इधर उधर बिखरे मले। चोरों में दीवार को पीछे के काट कर घुसे है। चोरों ने करीब 1 लाख के साड़ी व कपड़े का सामान चुरा ले गए। है। 100 नंबर पुलिस को सूचना दिया गया तो आने के बाद जांच कर के चली गई बोले करवाही की जाएगी फिर थरियांव पुलिस को सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दिए। थाना प्रभारी रणजीत सिंह का कहना है कि सूचना मिली है कार्यवाही की जाएगी। इसके पहले भी कई चोरियां हुई है जिनका अभी तक कोई खुलासा नहीं हुआ है जैसे की मुरांव में करीब 20 दिन पहले 9 अप्रैल को सर्वेश मौर्या के कपडे की दुकान में चोरी हुईं थीं उसका भी पुलिस अभी खुलासा नहीं कर पाई। सिर्फ आश्वासन मिलता है।

# डीईओ ने दीप जलाकर लोगों को मतदान के लिए किया गया प्रेरित



कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली । जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर ने पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार अग्रवाल के साथ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के दौरान शनिवार की सांय मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में दीपोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत ग्यारह हजार दीप जलाकर लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि स्वीप 2024 के अंतर्गत इस तरह के अनेक कार्यक्रम जनपद में चलाए जा रहे हैं जिससे की 20 मई को होने वाले मतदान में अधिक से अधिक मतदान हो सके। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, उद्योग/व्यापार बंधु और स्काउट गाइड के छात्रों ने विशेष योगदान दिया जा रहा है। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने लोगों को मतदान की शपथ भी दिलाई।

इस मौके पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला अर्थ सांख्यिकी अधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी, उद्योग/व्यापार बंधु के लोग उपस्थित रहे।

# स्कूल का वार्षिकोत्सव एवं अंक पत्र पुरस्कार वितरण समारोह बड़े ही उत्साह वर्धन के साथ मनाया गया

एजेंसी



फतेहपुर । शहर के रामा नगर देवीगंज इलाके के में स्थित बी एस चिल्ड्रन एकेडमी स्कूल मैं आज स्कूल का वार्षिकोत्सव एवं अंक पत्र पुरस्कार वितरण समारोह बड़े ही उत्साह वर्धन के साथ मनाया गया कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक वाई के पांडे एवं सभासद समाजसेवी सुनील कुमार गुप्ता के द्वारा कक्षा पी जी से कच्चा सात तक के बच्चों को फूल माला अंकपत व

मोमेंटो देकर पुरस्कृत किया गया साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि आज स्कूल के वार्षिक परीक्षा फल में सभी बच्चों ने अच्छे अंक प्राप्त करके विद्यालय व अपने अभिभावकों का नाम रोशन किया है स्कूल के अध्यापकों की कड़ी मेहनत का नतीजा है कि स्कूल के सभी बच्चों ने अच्छे अंक प्राप्त किए हैं इस मौके पर डॉ कौशल तिवारी, अखिलेश, दीपक, अभिषेक ,अमरनाथ दीक्षित, एवं स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे ।

# गेहूँ खरीद में कृषकों के किसी भी प्रकार की शिकायत के निस्तारण हेतु कंट्रोल रूम स्थपित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली । जिला खाद्य विपणन अधिकारी सोनी गुप्ता ने बताया है कि रबी विपणन वर्ष 2024-25 में न्यूनतम मूल्य समर्थन योजनान्तर्गत गेहूँ समर्थन मूल्य रुपये 2275.00 प्रति कुन्तल निर्धारित किया गया है, जो गत वर्ष रबी विपणन वर्ष 2023-24 से रुपये 150 प्रति कुन्तल अधिक है। उन्होंने कहा है कि जिलाधिकारी हर्षिता माथुर द्वारा जनपद रायबरेली में कृषक बंधुओं के सुविधा के दृष्टिगत कुल 123 गेहूँ क्रय केन्द्र अनुमोदित किये गये है, जो कि गत वर्ष की तुलना में 12 क्रय केन्द्र अधिक है जिसमें खाद्य विभाग के 32, पीसीएफ के 56, पीसीयू के 20, भारतीय खाद्य निगम के 08, नैफ़ेड के 05 एवं मण्डी परिषद के 02 क्रय केन्द्र सम्मिलित है। जिले में तहसीलों पर स्थापित क्रय केन्द्र- तहसील सदर में 33, महराजगंज 20, लालगंज 12, ऊँचाहार 16, डलमऊ 14 एवं सलोन में 28 कुल 123 गेहूँ क्रय केन्द्र संचालित है।

जनपद में 19 अप्रैल 2024 तक निर्धारित लक्ष्य 109300.00 मी0टन के सापेक्ष 336 कृषकों से 1457.25 मी0 टन की खरीद की जा चुकी है जिसमें से 206 कृषकों को भुगतान प्राप्त हो चुका है। गेहूं के अवैध संचरण एवं भण्डारण पर प्रवर्तन कार्य कराये जाने हेतु जिलाधिकारी द्वारा तहसीलवार उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में कमेटी का गठन किया गया, जिसमें सम्बन्धित तहसील के क्षेत्रीय विपणन अधिकारी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, वाणिज्य कर अधिकारी एवं बाट-माप निरीक्षक सदस्य नामित किये गये हैं। इस कमेटी के आवश्यकतानुसार सहयोग हेतु समस्त मंडी सचिव, कृषि उत्पादन मण्डी समिति को निर्देशित किया गया है कि जनपद में फ्लोर मिल व थोक व्यापारियों के यहां छापेमारी कर गेहूं भण्डारण की जांच करने एवं सम्बन्धित अभिलेख/प्रपत्रों में पायी गयी अनियमितता पर कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देश दिये गये है।

अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) द्वारा व्यापारियों, समस्त मंडी सचिव, गेहूं क्रय योजना के जिला स्तरीय अधिकारियों, क्षेत्रीय विपणन अधिकारियों की संयुक्त बैठक में निर्देश दिये गये कि अधिक से अधिक कृषकों से वार्ता करते हुए उनका पंजीकरण करायें तथा उन्हें अपनी उपज राजकीय केन्द्रों पर विक्रय करने हेतु प्रेरित करें।

गेहूं क्रय केन्द्र अवकाश के दिनों में भी खुले रहेंगे। जनपद में गेहूं खरीद में कृषकों के किसी भी प्रकार की शिकायत के निस्तारण हेतु कंट्रोल रूम का गठन किया गया है। कृषक अपनी गेहूं खरीद सम्बन्धी किसी भी प्रकार की समस्या हेतु प्रातः 09:00 बजे से सायं 06:00 बजे तक एवं अवकाश के दिनों में 10:00 बजे से 01:00 बजे तक दूरभाष संख्या 0535-2975003 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

# बंडा चौराहा पर खराब हुआ ट्रक,खुटार में घंटों तक लगा रहा जाम



कैनविज टाइम्स संवाददाता

खुटार शाहजहांपुर। रविवार शाम खुटार बंडा चौराहा पर एक ट्रक खराब हो गया जिसकी वजह से खुटार में घंटों तक जाम लगा रहा जाम को खुलवाने में पुलिस के हाथ पांव फूल गए।

बंडा चौराहा पर गोला के तरफ़ से आ रहा ट्रक शाहजहांपुर की ओर जा रहा था तभी अचानक खराबी आ जाने के कारण चराहे पर ट्रक बंद पड़ गया देखते देखते चौराहे से शाहजहांपुर रोड,बंडा रोड,गोला रोड तथा तिकुनिया रोड पर वाहनों का जाम लग गया जाम में कई एम्बुलेंस तथा सरकारी बसें घंटों तक फंसी रहीं ।

## यूपी बोर्ड परीक्षा में लाल बहादुर शास्त्री बालिका इंटर कालेज के छात्र छात्राओं ने लहराया परचम



फतेहपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । यू .पी. बोर्ड परीक्षा 2024 मे लाल बहादुर शास्त्री बालिका इंटर कालेज पनी में इण्टर मीडिएट व हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। जिसमे मंतशा एवं इकरा ने इन्टरमीडिएट मे 90 प्रतिशत अंक एवं हाईस्कूल में अक्षत एव जोया ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। विद्यालय के प्रधानाचार्य अमिताभ बिहारी शरण ने विद्यालय छात्र छात्राओं को माला पहनाकर मुंह मीठा कराया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि छात्र- छात्राओं ने परीक्षा मे अच्छे अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। इस अवसर पर कमल चन्द वर्मा, राम किशोर गुप्ता, आशीष मिश्रा, सर्वेश श्रीवास्तव, अब्दुल कुद्दुश, रवि कुमार, लीना श्रीवास्तव, शिवानी श्रीवास्तव राजकुमार, रवि गुप्ता, अंशुमान तिवारी आदि रहे।

## यात्री सेड पर घायल पड़े युवक को पुलिस ने कराया भर्ती

खुटार शाहजहांपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। रविवार शाम खुटार तिकुनिया स्थित यात्री शेड पर एक युवक के घायल अवस्था में पड़े होने की सूचना पुलिस को मिली मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को खुटार अस्पताल में भर्ती कराया जहां युवक का इलाज चल रहा है।

घायल ने पुलिस को अपना नाम रविंद्र पुत्र प्रभु दयाल निवासी गढ़िया रसूलपुर थाना बंडा बताया है ख़बर लिखे जाने तक पुलिस घायल के परिजनों से दूरभाष के माध्यम से संपर्क करने का प्रयास कर रही थी।

## तुलसी जन्मस्थली में हुआ श्रीराम राज्याभिषेक यात्रा का भव्य स्वागत

राजापुर, चित्रकूट कैनविज टाइम्स संवाददाता । चार दिवसीय श्रीराम राज्याभिषेक यात्रा का तुलसी जन्मकुटीर के विशाल प्रांगण में नगरवासियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। यात्रा की अगुआई कर रहे पीठाधीश्वर हनुमानगढ़ी रामचैरा, श्रृंगबेरपुर धाम प्रयागराज के संत कमलदास महाराज ने तुलसी जन्मकुटीर व मानस पीठ का दर्शन किया।

यात्रा की अगुआई कर रहे पीठाधीश्वर कमलदास महाराज ने बताया कि 20 अप्रैल से राम राज्याभिषेक यात्रा श्रृंगबेरपुर धाम से चित्रकूट, प्रयागराज होते हुए अयोध्या में भगवान श्रीराम का राज्याभिषेक करते हुए यात्रा का समापन किया जाएगा। इस यात्रा के आयोजन लोगो में सनातन धर्म के प्रति भाव उत्पन्न करते हुए समाज को एक नई दिशा देने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि भगवान श्रीराम वनवास काल में श्रृंगबेरपुर धाम में पहुँचकर अति पिछड़ी जाति के निषादराज को हृदय से लगाकर मित्रता की जो मिसाल भगवान श्रीराम ने समाज को दिखाया है और भगवान राम ने समता मूलक समाज की स्थापना के लिए भीलनी जैसी सबरी के जूठे बैर खाकर एक प्रेम की मिसाल पैदा की थी। यदि आज का समाज भगवान श्रीराम के इन आदर्शों पर चले तो समाज की दिशा और दशा में अमूल्य परिवर्तन हो सकता है। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य यही है। इस दौरान कस्बें के सतीश मिश्रा, शंकरलाल सोनी, राधेश्याम सोनी, रज्जू सोनी, सुनील मिश्रा, श्यामसुन्दर मिश्रा, राजेन्द्र सोनी, रामलाल सोनी, मुन्नू सोनी, अशोक सोनी, कल्लू जायसवाल, पूरनचन्द्र सोनी, सन्तोष सोनी, वीरेन्द्र शुक्ला ने यात्रा में चल रहे साधु संतों का अभिन्दन करते हुए भगवान श्रीराम, माता सीता व लक्ष्मण की झाँकी की पूजा अर्चना की।

## क्षेत्राधिकारी ने अर्दली रुम कर दिए निर्देश

मऊ, चित्रकूट कैनविज टाइम्स संवाददाता। मऊ क्षेत्राधिकारी जय करन सिंह द्वारा थाना बरगढ़ में थाना बरगढ़ के विवेचको का अर्दली रुम किया गया। अर्दली रुम के दौरान क्षेत्राधिकारी द्वारा सम्मन तामिला, बीडब्ल्यू, एनबीडब्ल्यू, 82 सीआरपीसीअ83 सीआरपीसी की तामिला, आरोप पत्र, अंतिम पत्र एवं विशेष अभियान चलाकर विवेचकों को गुण दोष के आधार पर विवेचना के निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसके बाद क्षेत्राधिकारी द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव-2024 को सकुशल सम्पन्न कराने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## गायपालक ने की जांच की मांग

चित्रकूट । जिला मुख्यालय में वार्ड नं आठ के निवासी गुरुदीन शुक्ला ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा है कि वह अपनी गायों की सेवा कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता है। बीती 16 अप्रैल को एक गाय के बीमार होने पर वह जिला कचहरी परिसर स्थित राजकीय पशु चिकित्सालय पहुंचा। जहां मिले पशु चिकित्सक को उसने अपनी गाय के बीमार होने के सम्बन्ध में जानकारी दी और चिकित्सक ने एक मोबाइल नंबर देकर उसे बात करने को कहा जिसके बाद मोबाइल से हुई बात के आधार पर एक व्यक्ति उसके घर गया और बाहर से दवाएं मंगाने के बाद इलाज की फीस भी मांगी। इसके बाद फीस और दवा की कीमत ज्यादा होने के कारण वह फिर से राजकीय पशु चिकित्सालय पहुंचा, किंतु पशु चिकित्सक गाय के इलाज को लेकर टाल-मटोल करते रहे। गाय की हालत खराब होने पर बीती 18 अप्रैल को एक व्यक्ति को पशु चिकित्सालय से भेजा गया और वह दवा के रूप में एक पाउडर देकर चला आया। इसके बाद बीती 20 अप्रैल को उसकी गाय ने दम तोड़ दिया।

# वरिष्ठ साहित्यकार डॉ चंद्र कुमार पांडे की अध्यक्षता में संपन्न हुई भगवान परशुराम जन्मोत्सव समिति की बैठक



कैनविज टाइम्स संवाददाता

फतेहपुर। भगवान परशुराम जन्मोत्सव समिति की एक बैठक विराजमान शिव मंदिर कलेक्टरगंज में वरिष्ठ साहित्यकार डॉ चंद्र कुमार पांडे की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में आगामी 10 मंई अक्षय तृतीया को भगवान परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम हेतु आए हुए सभी सर्व समाज के लोगों से सुझाव परामर्श लेते हुए जिम्मेदारियां बांटी गई। नगर पालिका फतेहपुर के पूर्व अध्यक्ष अजय अवस्थी ने युवा पीढ़ी का आवाहन करते हुए कहा कि हम सबको मिलजुल कर भगवान परशुराम के अवतरण दिवस को समर्पित भाव से धूमधाम से मानना है। बैठक का संचालन करते हुए हिंदू महासभा के प्रदेश महामंत्री मनोज त्रिवेदी ने कहा कि भगवान श्री परशुराम को किसी एक जाति से बांधना उनके व्यक्तित्व को कम करना है महापुरुषों

## जयंती पर याद किये गये भीमराव अम्बेडकर अम्बेडकर

तथा अवतारों को जातिवाद धर्म में बांटना अच्छा नहीं है। सभी सनातन धर्मावलंबियों द्वारा सर्व समाज को आमंत्रित करके श्री परशुराम जी का अवतरण दिवस विराजमान शिव मंदिर में मनाया जाएगा, जिसमें परशुराम की भूमिका में विख्यात श्री रामबाबू द्विवेदी मयंक जी का उद्बोधन होगा। बैठक में प्रमुख रूप से कृपा शंकर शुक्ला, अमित मिश्रा नीटू, अरविंद द्विवेदी, राजेश शुक्ला रामू, गोविंद दीक्षित शशिकांत मिश्रा गजेंद्र मौर्य, सुगंध शुक्ला सूरज शुक्ला, उमंग मिश्रा पंकज तिवारी, आचार्य विजय त्रिपाठी, विशिष्ट दीक्षित बृजेश मिश्रा, रंजना सिंह चौहान आज दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# जिले में मिली दो अलग-अलग जगहों मे दो लाशें

## एक गांव की कुछ दूरी पर तो दूसरी जली हुई ? हत्या या हादसा? इन्वेस्टिगेशन जारी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोण्डा। जिले में इटियाथोक थाना क्षेत्र अंतर्गत के रहने वाले एक 15 वर्षीय युवक की धारदार हथियार से हमला करके निर्मम तरीके से हत्या किए जाने का मामला सामने आया है।सुबह सात बजे संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव घर से कुछ ही दूरी पर मिलने से हड़कंप मच गया।

सूचना पाकर मौके पर पहुंची इटियाथोक थाने की पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा कराकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।वहीं सूचना पाकर मौके पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक ने घटनास्थल का निरीक्षण कर परिजनों से पूरे मामले की जानकारी ली गई। पुलिस को कुछ अहम सुराग लगे हैं।जिसके आधार पर पुलिस जांच कर रही है।दरअसल इटियाथोक थाना क्षेत्र अंतर्गत खटिकनपुरवा दलपतपुर गांव के रहने वाले 15 वर्षीय मनीष यादव नाम के युवक की धारदार हथियार से शरीर पर कई जगह वार करके हत्या किए जाने का मामला सामने आया है।दरअसल मृतक मनीष यादव देर रात



गांव में ही आयोजित एक तिलक उत्सव कार्यक्रम में शामिल होने गया था। जहां पर लोगों को खाना पीना खिला करके रात में 12 बजे अपने घर पर आया हुआ था।

### जांच इटियाथोक थाने की पुलिस कर रही है

अपने घर से कुछ ही दूरी पर देर रात शौच के लिए गया हुआ था। जहां पर घर से कुछ दूरी पर स्थित बांस की कोठी के बगल कुछ लोगों द्वारा धारदार हथियार से हमला करके हत्या कर दी गई है।मृतक युवक



मनीष यादव के शरीर पर कई जगह धारदार हथियार के चोट के निशान हैं।फिलहाल इटियाथोक थाने की पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।आगे की जांच इटियाथोक थाने की पुलिस कर रही है।वहीं पूरे मामले को लेकर के गोंडा पुलिस अधीक्षक विनीत जयसवाल ने बताया कि सुबह सात बजे इटियाथोक थाने की पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि खटिकन पुरवा दलपतपुर में एक 15 वर्षीय युवक का शव पड़ा हुआ है।सूचना पर तत्काल इटियाथोक पुलिस और उच्च अधिकारियों द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया है।मृतक युवक के चेहरे और शरीर पर चोट के निशान पाए गए हैं।शव कब्जे में लेकर पंचायत नामा कराकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। डॉग स्क्वायड और फॉरेंसिक टीमों द्वारा भी साक्ष्य संकलन की कार्रवाई की गई है।इस घटना से संबंधित कुछ अहम सुराग पुलिस को हाथ लगे हैं।जल्द ही घटना का सफल अनावरण किया जाएगा।पुलिस बल मौके पर मौजूद है। कानून व्यवस्था की स्थिति सामान्य है।

### दूसरी घटना मनकापुर कोतवाली

दूसरी घटना मनकापुर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत जिले में मजदूरी करने आए एक 25 वर्षीय युवक का अधजला शव मिला है।गोंडा में मजदूरी करने आए एक 25 वर्षीय युवक का अधजला शव मिला है।युवक को जिंदा जलाकर हत्या किए जाने का आरोप है।जिगना चौकी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मजदूरी करने के लिए आए और साथियों से पुलिस पूछताछ कर रही है।मनकापुर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत धुसवा ग्राम पंचायत के बंसवारी गांव में सीतापुर के ग्वारी गांव से मजदूरी करने 25 वर्षीय कोयली पुत्र कन्हैया आया था। आज उसका संदिग्ध परिस्थितियों में अधजला शव मिलने से हड़कंप मच गया है।साथ मजदूरी करने आए युवकों से पूछताछ बीती रात में सीतापुर के अलग-अलग थाना क्षेत्र से मजदूरी करने आए लोगों में खाने-पीने के दौरान आपसी विवाद हुआ था।विवाद के बाद किसी मजदूर ने ही 25 वर्षीय कोयली को जिंदा जला दिया,जिससे युवक की मौत हो गई है।मनकापुर कोतवाल संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि युवक का अधजला शव मिला है।मृतक युवक जिगना चौकी क्षेत्र के एक गांव में मजदूरी करने का काम करने आया था।फिलहाल शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।मृतक युवक के साथ में मजदूरी करने आए युवकों से भी पूछताछ की जा रही है।वही जिले में दो लाशें मिलने सनसनी फैल गई है।

# भाजपा वि.स. बूथ सम्मेलन में क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश





**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नानपारा, बहराइच । नगर के स्वास्तिक लान में भारतीय जनता पार्टी की नानपारा विधानसभा सभा का बूथ सम्मेलन आयोजित हुआ जिसमें पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा ने कार्यकर्त्ताओ में जोश भरते हुए 400 प्लस का नारा बुलंद किया। इस सम्मेलन में 283 विधानसभा नानपारा के सभी मंडल एवं जिला स्तर के पदाधिकारी, सभी मोर्चो के अध्यक्ष, समस्त प्रकोष्ठ के संयोजक, सेक्टर संयोजक, सेक्टर प्रभारी, बूथ अध्यक्ष एवं बूथ प्रभारी, लाभार्थी प्रमुख आदि शामिल हुए। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा मौजूद रहे। कार्यक्रम कों सम्बोधित करते हुए क्षेत्रीय अध्यक्ष ने कहा कि देश की बागडोर जब से प्रधानमंत्री मोदी के हाथों में गई तब से देश प्रतिदिन तरक्की की राह पर चल रहा है। मुख्य अतिथि ने रोटी, कपड़ा, मकान, दवाई, सिंचाई, शिक्षा और अच्छी सुशासन व्यवस्था पर जोर देते हुए कहा की सरकार द्वारा यह सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है। हमें एकजुट होकर संगठन के लिए काम करना है। जिला से लेकर मण्डल, शक्ति केन्द्र, बूथ की कमेटी और पन्ना प्रमुख तक के तंत्र को मजबूत करना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय ने की। बूथ सम्मेलन में सांसद अक्षयवर लाल गोंड, विधायक रामनिवास वर्मा, सांसद प्रत्याशी आनंद कुमार गौड़, राघवेंद्र प्रताप सिंह टिंकू सिंह, घनश्याम सिंह, बैजू सिंह, प्रमुख जेपी सिंह, विधानसभा के पांचो मंडल अध्यक्ष सहित तमाम जिला एवं विधानसभा स्तरीय पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

# कल धूमधाम से जगह-जगह मनाया जायेगा हनुमान जयंती

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोन्डा : श्री मेहंदीपुर बालाजी सेवक परिवार समिति गोंडा द्वारा 11 वां विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। जिसमें आज दिनांक 22 अप्रैल को सुबह 10:00 बजे से श्री अखंड रामायण पाठ प्रारंभ होगा जो कल 23 अप्रैल को पाठ की समाप्ति होगी ।एवम 23 अप्रैल को ही श्री मेहंदीपुर बालाजी का विशाल रात्रि जागरण का आयोजन किया गया है जिसमें भजन गायक रोहित शर्मा दीपक, कुमार प्रिंस, गितेश प्रकाश अपने भजनों की हाजिरी लगाएंगे एवं मनीष बजरंगी लखनऊ द्वारा झांकी का



आयोजन किया गया है यह आयोजन बड़गांव पुलिस चौकी स्थित शारदा देवी मैरिज लॉन में होगा।इस कार्यक्रम की

**22 अप्रैल को सुबह 10:00 बजे से श्री अखंड रामायण पाठ प्रारंभ होगा जो कल 23 अप्रैल को पाठ की समाप्ति होगी**

जानकारी श्री मेहंदीपुर बालाजी सेवक परिवार समिति के सेवक प्रेम गोयल ने दी।और उन्होंने ये भी बताया कि भजन कीर्तन के साथ-साथ विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया है इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अजय अग्रवाल ,शिव शंकर सोनी, राजेंद्र जायसवाल, अमित सोमानी, रंजीत पटवा, संतोष सोनी, संतोष अग्रवाल,अमरनाथ गुप्ता ,महंत शम्भू मोदनवाल आदि कई लोगों को कार्यक्रम की जिम्मेदारी सौंप दी गई है।उधर श्री मेंहदीपुर बालाजी परिवार द्वारा हनुमान जयंती पर मालवीय नगर स्थित हनुमान गढ़ी पर भंडारे का आयोजन किया गया है कार्यक्रम के आयोजक सुनील कुमार रस्तोगी ने बताया कि हनुमान जयंती पर मंदिर के प्रांगण पर 11 किलो का केक काट कर भगवान श्री हनुमान जी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा। उसके बाद सभी भक्त गण भंडारे में प्रसाद ग्रहण करें गे।

## एसओजी व वाल्टरगंज पुलिस के हत्थे चढ़ा शातिर चोर

बस्ती। एसओजी व थाना वाल्टरगंज पुलिस की संयुक्त टीम ने रविवार को एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की बैट्री व बाइक बरामद किया है। संयुक्त टीम गौरा चौराहे के पास गश्त पर थी। एक सूचना पर दोनों टीमें वाहनों की चेकिंग करने लगी। इसी दौरान संदेह के आधार पर एक व्यक्ति को रोका गया। वह बाइक पर बैटरी बाधा हुआ था। पूछताछ में उसने अपना नाम मुखराम चौधरी निवासी जोधीजोत थाना रुधौली बताया। उसके विरुद्ध रुधौली, पुरानी बस्ती, कोतवाली, वाल्टरगंज एवं सोनहा थाने में चोरी, एनडीपीएस सहित एक दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं।

## डा. राजेन्द्र प्रसाद मेमोरियल इंटर कॉलेज के छात्रों ने लहराया परचम




लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता।यूपी बोर्ड परीक्षाफल 2023 -24 के परीक्षाफल में डा. राजेन्द्र प्रसाद मेमोरियल इंटर कॉलेज के छात्रों ने परचम लहराया । इंटरमीडिएट की परीक्षा में प्रथम श्रेणी में मुस्कान मिश्रा 91% वर्तिका श्रीवास्तव 80%, टुबा नाज,78% ,सौम्या साहू 73 प्रतिशत तनु गौतम 71%, आलिया खातून 70% ,आयशा फटीमा 70%, समीक्षा गुप्ता 69% ,वही हाई स्कूल परीक्षा में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण छात्रों में रिमझिम मौर्या 81% , सादिया वसीम 80% , अक्षरा मिश्रा 78% नेहा 75%, पायल शुक्ला 74%, राशि श्रीवास्तव 74%, सिमरन 71% अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। कॉलेज प्रधानाचार्या डॉक्टर वी.के. श्रीवास्तव ने सभी बच्चों व अभिभावकों और टीचरों को बधाई दी।

## सुल्तानपुर ब्लू कब्स बेबी लीग प्रतियोगिता हुई संपन्न

सुल्तानपुर ैनविज टाइम्स संवाददाता।भारतीय फुटबॉल महासंघ के तत्वाधान में आयोजित की जा रही सुल्तानपुर ब्लू कब्स बेबी लीग प्रतियोगिता में रामरती इंटर कॉलेज कटका के मैदान पर 14 वर्षीय मैच में थंडर फुटबॉल क्लब सुलतानपुर और भूलियापुर फुटबॉल अकादमी प्रतापगढ़ के बीच खेला गया। जिसमें भूलियापुर फुटबॉल एकेडमी प्रतापगढ़ ने थंडर फुटबाल क्लब को 6-0 से हराया। भूलियापुर की ओर से मोहम्मद कशान ने चार गोल दागे और मुजाहिद उल इस्लाम और नावेद ने एक एक गोल किया। थंडर क्लब की ओर से कैप्टन प्रांजल गौतम, गोपाल ने अच्छा प्रदर्शन किया। दूसरा मैच अवध और थंडर फुटबॉल क्लब के बीच खेला गया जिसमें अवध फुटबॉल क्लब ने 4-0 से जीत दर्ज की। तीसरा मैच भूलियापुर फुटबॉल अकादमी प्रतापगढ़ और तक्षशिला अकादमी अंबेडकरनगर के बीच खेला गया जिसमें तक्षशिला अकादमी ने भूलियापुर फुटबॉल अकादमी को रोमांचक मैच में 1-0 से परास्त किया।वही अंडर 12 आयु वर्ग में सिर्फ दो मैच खेला गया पहला मैच तक्षशिला अकादमी अंबेडकर नगर और भूलियापुर फुटबॉल एकेडमी के बीच खेला गया दोनो टीमों ने गोल रहित ड्रॉ खेला। दूसरे मैच सुलतानपुर फुटबॉल अकादमी और भूलियापुर फुटबॉल अकादमी के बीच खेला गया जिसमें भूलियापुर फुटबॉल अकादमी ने 2-0 के अंतराल से सुलतानपुर फुटबॉल अकादमी को हराया। अंडर 12 अयुवर्ग के दोनो मैचों में अच्छे खेल देखने को मिला। सुलतानपुर फुटबॉल अकादमी की ओर से शिवेंद्र सिंह, साहिब सिद्दीकी, शौर्यवीर ने अच्छा प्रदर्शन किया।

# संस्कृत बोर्ड की माध्यमिक परीक्षा में पूनम रही अव्वल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सुलतानपुर। संस्कृत बोर्ड की माध्यमिक परीक्षा में पहला स्थान पाने वाली छात्रा पूनम तिवारी की इस उपलब्धि पर उनके गुरुजन काफी उत्साहित हैं। पूनम ने अपनी इस सफलता और पढ़ाई का श्रेय अपने परिवार और गुरुजनों को दिया है। पहला स्थान पाने वाली छात्रा पूनम की माने तो उन्होंने बताया कि संस्कृत भाषा से ही हमारा परिवार सदैव प्रेम करता रहा है ।इसी कारण उनका भी संस्कृत भाषा की ओर रुझान बढ़ा।वो भविष्य में अध्यापक बनना चाहती है।

आपको बता दें कि पूनम तिवारी मूलतः बाराबंकी जनपद के हैदरगढ़ इलाके की रहने वाली है। उन्होंने सुल्तानपुर जनपद के करौंदिया स्थित संस्कृत माध्यमिक विद्यालय से इंटरमीडिएट का एग्जाम दिया था। आज रिजल्ट आने पर संस्कृत विद्यालय करौंदिया का नाम पूरे प्रदेश में टॉप पर आने के बाद प्रबन्धक शारदा प्रसाद मिश्रा, उपप्रबंधक नीरज तिवारी और प्रधानाचार्य सत्यप्रकाश



त्रिपाठी ने पूनम को फोन कर बधाई दी है। वहीं जिला विद्यालय निरीक्षक रवि शंकर ने मीडिया को बताया है कि आज यूपी बोर्ड के साथ ही संस्कृत बोर्ड के रिजल्ट की भी घोषणा हुई है और प्रदेश की संस्कृत बोर्ड की इंटरमीडिएट की परीक्षा में सुल्तानपुर के संस्कृत विद्यालय में पढ़ने वाली छात्रा पूनम तिवारी ने पूरे प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त कर सुल्तानपुर का नाम रोशन किया है। जिसपर हमें गर्व महसूस हो रहा है।


# प्यास बुझाने को लेकर भटक रहे वन्य जीव

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोण्डा। इन दिनों से सुबह से लेकर शाम तक सूरज की तेज तपिश व बह रहे तेज लू के थपेड़ों के बीच क्षेत्र का तापमान 40 डिग्री तक पहुंचने से आम इंसान के साथ बेजुबान मवेशियों की भी पीड़ा बढ़ते दिख रही है इस समय आलम यह है कि सुबह दस बजे के बाद जहां क्षेत्र की सड़कें सुनी रहीं, वहीं क्षेत्र के गांव बधार में दूर-दूर तक लोग नजर नहीं आ रहे है सबसे ज्यादा परेशान पानी की तलाश में सैकड़ों मील दूर से पशुपालकों को हो रही,जो

### सड़को पर इस गर्मी में घूमते नजर आ रहे हैं जानवर

अपनी प्यास बुझाने को लेकर पानी की तलाश में भटक रहे हैं।पशुपालक अक्सर गर्मी के दिनों में मवेशियों की जान बचाने को लेकर मैदानी भाग में उनकी भूख प्यास बुझाने को लेकर आते हैं,जिनकी प्यास नहर,आहर, पोखर के साथ बधार में किसानों के लगाये गये सबमर्सिबल पंप से निकले गड्ढे में एकत्रित पानी से बुझती है,किंतु इस नहर के सूखे होने व ग्रामीणों



द्वारा ज्यादातर ताल पोखर को पाटकर आशियाना बना लेने के चलते पानी की समस्या गंभीर हो गयी है इसके साथ ही प्यास बुझाने को लेकर खेत बधारों में वर्षों से पहाड़ी क्षेत्र से भटक कर मैदानी भाग में आये वन्य जीव नीलगाय,वन सुअर आदि भी प्यास बुझाने को लेकर इधर-उधर भटक रहे हैं दरअसल इसके जिम्मेदार भी धरती के सबसे खूबसूरत कहे जाने वाले इंसान ही हैं जिन्होंने प्रकृति के साथ खिलवाड़ करते हुए अपने उपभोग के लिए गांव बधार में सरकारी ताल तलैया को मिट्टी भरते गये और अपना आशियाना बना लिया पर्यावरण से राहत देने वाले पेड़ों की कटाई कर घर के दरवाजे व डाइनिंग टेबल बना लिये है इंसानों ने उपभोग के लिये पेड़ों की कटाई तो की,किंतु नये पौधे नहीं लगाये,जिसका दुष्परिणाम आज सभी को भुगतना पड़ रहा है।वही जिले के कुछ किसानों ने कहा कि अभी से इंसान अगर जल संचय की कवायद में नहीं लगे तो आने वाले समय में स्थित और ज्यादा भयावह होने वाली है. वहीं, किसानों ने बढ़ती तपिश को देखते हुए सिंचाई विभाग से नहरों में थोड़ा-थोड़ा पानी छोड़े जाने की मांग की है जिससे मवेशियों व वन्यजीवों की प्यास बुझ सके।

# अग्निकाण्ड से प्रभावित 45 लोगों के खातों में भेजी गई रु . 2.98 लाख की धनराशि

## जलाशयों, सरोवारों एवं तालाबों को भरवाने के दिये गये निर्देश




**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बहराइच । शुष्क मौसम के दृष्टिगत जनपद में हो रहे अग्नि घटनाओं का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने समस्त तहसीलों को निर्देश दिया है कि तहसील अर्न्तगत अग्नि दुर्घटना की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल मौके पर पहुंचकर प्रभावित लोगों एवं परिवारों को मानवीय दृष्टिकोण हर संभव सहयोग प्रदान किया जाय तथा आग अथवा किसी अन्य दैवीय आपदा से होने वाली क्षति का आंकलन नियमानुसार पीड़ित पक्ष को अहैतुक सहायता, गृह अनुदान अथवा अन्य अनुमन्य सहायता भी प्रदान की जाय। डीएम ने बताया कि माह अप्रैल 2024 में हुई अग्नि दुर्घटनाओं में 45 व्यक्तियों को रू. 2,98,000=00 की धनराशि अहैतुक सहायता, गृह अनुदान व पशुशेड मदों में प्रदान की गई है।

जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि तहसील सदर बहराइच अन्तर्गत 13 व 16 अप्रैल 2024 को ग्राम शाहनेवाज़पुर, बहुटा व बरहैया में हुए अग्निकांड में 03 व्यक्तियों को गृह अनुदान के रूप में रू. 24,000=00 तथा तहसील मिहींपुरवा के ग्राम छावनी, गुलरिहा, जोगनिया, कुड़कुड़ीकुऑ, मिरजवा, कठौतिया, पेटरवा व जयरामपुरवा में हुई अग्नि दुर्घटना में 33 व्यक्तियों पशुशेड सहायता, अहैतुक सहायता एवं गृह अनुदान के रूप में रू. 2,07,000=00 की सहायता प्रदान की गई है। जबकि तहसील महसी अन्तर्गत ग्राम चकैया, छत्तरपुर व सिसई हैदर में 13 अप्रैल को हुई अग्नि दुर्घटना में 05 व्यक्तियों को गृह अनुदान के रूप में रू. 28,000=00 की सहायता प्रदान की गई है।

**पक्षियों के लिए घरो की छत पर दाना पानी रखने की डीएम ने की अपील**

**इण्डिया मार्का-2 हैण्डपम्पों को क्रियाशील रखा जाय**

इसी प्रकार तहसील कैसरगंज के ग्राम अहाता व रिठौरा 13 अप्रैल को हुई अग्नि दुर्घटना में हुए पशु हानि के फलरूपरूप गृह अनुदान एवं अहैतुक सहायता के रूप में 04 व्यक्तियों को रू. 39,000=00 की सहायता प्रदान की गई है। डीएम ने बताया कि उपरोक्त अग्नि दुर्घटनाओं में जहां एक ओर मौके पर अग्निशमन वाहन पहुंचे वहीं दूसरी ओर सम्बन्धित तहसील के एसडीएम, तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल व अन्य सरकारी अमला भी मौके पर पहुंचा और पीड़ित व्यक्तियों एवं परिवारों को राहत सामग्री वितरित की गई।

डीएम मोनिका रानी ने बताया कि ग्रीष्म ऋतु के मद्देनजर समस्त खण्ड विकास अधिकारियों एवं जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिया गया कि ग्राम पंचायतों के माध्यम से सभी प्राकृतिक जल स्रोतों, अमृत सरोवरों एवं तालाबों को भरवा दिया जाय ताकि आमजन तथा मवेशियों को संभावित पानी की दिक्कत न हो। इसी प्रकार जल निगम, नगर निकायों तथा पंचायती राज विभाग को यह भी निर्देश दिया गया है कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में स्थापित इण्डिया मार्का-2 हैण्डपम्पों को क्रियाशील रखा जाय ताकि लोगों को पेयजल की कोई समस्या न हो। डीएम मोनिका रानी ने आमजन से अपील की है कि गर्मी के मौसम को मद्देनज़र रखते हुए इंसानी आबादी के आस-पास रहने वाले पक्षियों के लिए सुविधानुसार घरों की छत पर कुछ दाना पानी भी रख दें।

## ईवीएम मशीनों की कमीशनिंग का कार्य त्रुटिरहित ढंग से कराये पूर्ण: डीएम

### प्रवासी मतदाताओं को मतदान के लिए भेजे जायेंगे बल्क एसएमएस

बहराइच । लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की मतदान प्रकिया को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार विधानसभावार ईवीएम मशीनों की कमीशनिंग कार्य, मतदेय स्थलों की तैयारी के सम्बंध में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा निर्देश दिये गये कि इस सम्बंध में आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का भलि-भांति अध्यन करते हुए ईवीएम मशीनों की कमीशनिंग कार्य को त्रुटिरहित ढंग से सम्पन्न कराया जाय। डीएम ने निर्देश दिया कि गर्मी के दृष्टिगत मतदान केन्द्रों पर छाया के उचित प्रबन्ध कियाा जाय ताकि मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही स्वच्छ पेयजल व दिव्यांग व बुजुर्ग मतदाताओं के व्हीलचेयर की भी व्यवस्था रखी जाय।

उन्होनें कहा कि माडल बूथ के रूप में पिंक बूथ, दिव्यांग बूथ, यूथा बूथों को साज-सज्जा से आकर्षण बनाया जाय। प्रयास किया जाय कि सभी बूथों को गुब्बारों इत्यादि से सजाया भी जाय। डीएम ने तहसीलों को निर्देश दिया कि जनपद के प्रवासी मतदाताओं के सम्पर्क नम्बर यथाशीघ्र उपलब्ध करा दे ताकि ऐसे मतदाताओं को जनपद में 13 मई व 20 मई 2024 को होने वाले मतदान में मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करने के बल्क एसएमएस भेजे जा सके। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी, राजस्व कर्मी तथा अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# ज़कात फाउंडेशन की ओर से निशुल्क प्रतियोगी कोचिंग की सुविधा

## विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की ओर एक क़दम




**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नानपारा, बहराइच । रविवार को स्टूडेंट्स सेंटर मोहल्ला भिस्ती टोला में ज़कात फाउंडेशन आफ इण्डिया के द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जिसमें यूपी एससी, यूपीपीएससी, एसएससी, रेलवे, यूपी पुलिस आदि प्रतियोगी परीक्षाओं से सम्बंधित विभिन्न जानकारियां प्रदान की गयी। इस दौरान ज़कात फाउंडेशन आफ इण्डिया, बहराइच यूनिट के डायरेक्टर आफताब आलम ने बताया कि ज़कात फाउंडेशन आफ इण्डिया 1996 में कायम किया गया और तबसे फाउंडेशन के माध्यम से पूरे हिंदुस्तान में फ्री कोचिंग और गाईडेंस का कार्य निरन्तर किया जा रहा है और विभिन्न क्षेत्रों में विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की है साथ ही उन्होंने बताया कि जनपद मुख्यालय पर कोचिंग की सुविधा उपलब्ध है ईच्छुक अभ्यर्थी प्रवेश लेकर फ्री कोचिंग का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम में लगभग दर्जनों छात्र/छात्राएं सम्मिलित हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में मो0 अज़ीम, मुशर्रफ अली सिद्दीक़ी, शफीक बाग़बान, नसीरुद्दीन, सैय्यद रेहान, गुफरान फ़ारुक़ी, फखरुद्दीन, आबिद अली,सईद अहमद तथा मुकतदिर, अलताफ़, रक़ीब, नवाज़ ख़ालिद और इक़बाल आदि का विशेष योगदान रहा।

# शादी के दौरान कच्ची दीवार गिरने से दो लोगो की मौत

## दीवार गिर जाने से उसमे दबकर एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

**मौत उपरान्त अस्पातल में मौके पर पहुंचे कोतवाल अशोक पाल**

पीलीभीत।शनिवार रात बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भसूंडा में दुल्हन के घर पर आयी शादी के दौरान पड़ोसी की मट्टी की दीवार गिर जाने से उसमे दबकर एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए।दो घायलों की उपचार के दौरान मौत हो गई।हादसे से शादी की खुशियां मातम में तब्दील हो गई।कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भसूडां में शनिवार रात को ग्राम निवासी छेदा लाल की पुत्री काजल का विवाह था।कन्या पक्ष ने दिनेश के मकान के पास खाली पडी जगह पर टेंट लगाकर बारातियों को भोजन खिलाया जा रहा था।इस दौरान रात्रि 10:30 बजे बारात गांव के बाहर आ चुकी थी।बारातियों के स्वागत की तैयारियां पूरी हो चुकी थी इसी समय पड़ोसी दिनेश कुमार शर्मा की मिट्टी से बनी दीवार गिर गई। जिसकी चपेट में आकर दुल्हन के पिता सहित एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए जिससे हडकप मचा गया।बारात मे भगदड़ मच गई।दवे हुए लोगो को ग्रामीणों ने निकाला जिसमेसम कई लोग घायल हो गये।घायलों में महावीर पुत्र रोशन लाल निवासी भसुडा,चंद्रवीर पुत्र रूपलाल निवासी लईया थाना भुता महिपाल पुत्र राम अवतार निवासी खासी धरमपुर थाना हाफिजगंज,हरेंद्र पुत्र भूप राम निवासी भसूडा रामचरण पुत्र राम भरोसे निवासी गरगडया थाना दियोरनिया अखिलेश पुत्र राम खिलावन निवासी दियोहना थाना दियोरिया कलां मंगो देवी पत्नी दिनेश कुमार निवासी भसूडा घायल हो गए।घायलों को 108 एंबुलेंस से बीसलपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया।जहां डॉक्टरों द्वारा घायलों का प्राथमिक उपचार करने के बाद पांच लोगों की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया।उपचार के दौरान ग्राम भसूड़ा निवासी महावीर व बरेली जनपद के भुता थाना क्षेत्र के ग्राम लईया निवासी चंद्रवीर की मौत हो गई।शादी के घर मे मौत हो जाने से चीखपुकार मच गई।परिजनों का रो रो के बुरा हाल हो गया।पुलिस क्षेत्राधिकारी विशाल चौधरी व प्रभारी निरीक्षक अशोक पाल ने गांव पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। एसडीम महिपाल सिंह के निर्देश पर राजस्व टीम ने गांव पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## मेनका गांधी निषादों की हमदर्द तो दिला दें आरक्षण: पूर्व मंत्री राम भुआल

सुल्तानपुर। इंडिया गठबंधन के रूप में सपा प्रत्याशी व पूर्व मंत्री राम भुआल निषाद भाजपा और पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी पर आक्रमक दिखाई दिए हैं। मेनका द्वारा 92 मछुआरों को आजाद कराने के मुद्दे पर मीडिया से बातचीत में राम भुआल निषाद ने कहा कि बहुत निषादों का भला चाहती हैं तो निषादों को आरक्षण दिला दें।

राम भुआल निषाद ने ये भी कहा है कि बालू खनन का पट्टा, उनके (निषादों) बच्चों की शिक्षा और नौकरी की बात (मेनका) करती तो समझ में आता। उन्होंने सांसद प्रतिनिधि का नाम लिए बगैर उन पर भी राजनैतिक हमला बोला। पूर्व मंत्री राम भुआल ने कहा यहां उनके लोग बिहार से आकर जमीन का व्यवसाय कर रहे हैं। लोगों की अर्जी फर्जी से जमीन लिखवाकर जमीन का कारोबार कर रहे हैं। वो यही नहीं रुके उन्होंने कहा कि आज डर और आतंक है, इसलिए बैनर नहीं लगा रहे। लेकिन अंदर-अंदर विरोध है। यहां ये लोग सुल्तानपुर का विकास करने नहीं आए हैं लोग अपना विकास कर रहे हैं। वही मछुआरों को मुंबई में आजाद कराने के मामले में उन्होंने ये भी कहा चोर-चोर मौसेरे भाई वाली कहानी है।

# मेनका गांधी के ट्रंप कॉर्ड से सपा–बसपा की बढ़ी बेचौनी

## महाराष्ट्र में बंधक 92 मछुआरों की रिहाई के लिए सरकार से मेनका ने की बात, वापसी जल्द

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सुल्तानपुर। पूर्व केंद्रीय मंत्री सांसद मेनका गांधी के ट्रंप कॉर्ड से सपा-बसपा बैकफुट पर आ गई है। मुंबई में 14 बोटों के साथ करीब 92 मछुआरे बंधक बनाए गए हैं। इसको संज्ञान में लेकर मेनका गांधी और कैबिनेट मंत्री संजय निषाद आगे आए हैं, उन बंधक मछुआरों को रिहा कराने का जतन शुरू हो गया है। साथ ही मेनका अब इस मुद्दे को चुनावी कैंपेन में उठा रही जिससे सपाइयों और बसपाइयों की नींदें उड़ गई हैं। इस बाबत पड़ताल में मछुआ समुदाय से जुड़े राजेश से फोन पर वार्ता हुई। राजेश जिले के चांदा थाना अंतर्गत मुरार चक गांव के निवासी हैं। वे बताते हैं कि बीते वर्ष मैं सितंबर माह में महाराष्ट्र आया था। मेरे अलावा जिले के अन्य करीब 150 साथी जुलाई-अगस्त माह में यहां आए थे।तीन माह पहले हमारे सेठ की बोट यहां के लोकल सेठ की बोट से टकरा गई। जिसके बाद विवाद हुआ। हमारा सेठ अवैध रूप से समंदर से मछली मरवाने का कार्य करा रहा था। ऐसे में लोकल सेठ ने अधिकारियों से वार्ता कर कार्रवाई कराया और हम 150 लोग 20 मार्च हिरासत में लिए गए हमें 24 मार्च से रेववाड़ा खाड़ी पर बंधक बनाकर रखा गया है। यहां कुछ साथी जिनका सेठ के पास पैसा कम फंसा था वो चोरी चुपके निकल गए। लेकिन जिनका ज्यादा पैसा फंसा था वो रुके रहे। हमने ये मामला जिले के सोनू निषाद और योगेश निषाद को बताया तब इस मामले में कैबिनेट मंत्री संजय निषाद व सांसद मेनका गांधी ने हमसे संपर्क किया। बीते शुक्रवार से हम लोगों की रिहाई के लिए कागजी कार्रवाई शुरू हो गई है।

वही अब इस मामले को सांसद मेनका गांधी ने अपना चुनावी मुद्दा बना दिया है। वो भी तब जब सपा ने पूर्व मंत्री राम भुआल निषाद को अपना प्रत्याशी बनाया है। मेनका गांधी कल से सभी मंच पर कह रही हैं कि महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में 92 मछुआरों को अकारण 29 दिनों तक अवैध रूप से बंधक बनाए रखा गया। पीड़ित मछुआरों के परिवारीजनों ने हमसे अपना दुखड़ा रोया इस पर मैने महाराष्ट्र सरकार को मामले से अवगत कराया।संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में सभी ने मामले से अपना पल्ला झाड़ते हुए कस्टडी में रखे गए सभी 92 मछुआरों को छोड़ने की बात कही है।

### निकली गई कलश यात्रा



अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। पूरे चौबे रामपुर पंवारा सेमरौता अमेठी के ग्राम वासियों ने शिवमूर्ति स्थापना के लिए भव्य कलश यात्रा निकाली जिसमे गांव के सम्मनित व्यक्ति भी सामिल हुए महेश पांडे श्यामलाल तिवारी वेदनाथ अवस्थी मदन मोहन शुक्ला अवस्थी राजेंद्र प्रसाद ने शुक्ला शिव शंकर विश्वकर्मा संजीवन पाल लल्लू पाल श्याम बहादुर यादव तिलक साहू हौशिला नंदकिशोर ग्राम प्रधान आदि समस्त क्षेत्रवासी सामिल हुए ग्रामदेवी का प्राचीन मंदिर है 400 साल पुराना मंदिर है गांव के लोगो की मान्यता या है जब से यहां पूजा पाठ शुरू हुआ है तब की गांव में किसी के घर में आग नही लगी न ही किसी प्रकार की कोई जन हानि हुई है आज तक 5 सालों से भंडारे का आयोजन होता आ रहा है।

### पोल से टकराया ओवरलोड ट्रक,बड़ा हादसा होने से टला

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के शेरपुर कलां धनाराघाट रोड पर एक भूसी भरा ओवरलोड ट्रक बिजली के पोल से टकरा गया। उस समय विद्युत आपूर्ति बंद थी,जिससे बड़ा हादसा होने से बच गया।तहसील क्षेत्र में ओवरलोड वाहनों पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। आए दिन ओवरलोड वाहन हादसे को दावत देते हैं। ओवरलोड वाहनों से आए दिन बिजली के तार टूट जाते हैं। जिससे आपूर्ति भी बाधित हो जाती है।रविवार को एक ट्रक चंदिया हजारा क्षेत्र से ओवरलोड भूसी भरकर शेरपुर कलां धनाराघाट रोड से गुजर रहा था। जब वह डॉ0 हसीब की दुकान से कुछ देरी पर पंहुचा तो उसी समय एक कार व बाइकों के साइट देने के कारण ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क पर लगे बिजली के पोल से टकरा गया। बिजली का पोल टक्कर लगने से टेढ़ा हो गया।पोल मे टक्कर लगने से भगदड़ मच गई। लोगों की भारी भीड़ मौके पर जुट गई। गनीमत यह रही कि उस समय विद्युत आपूर्ति बाधित थी।जिससे बड़ा हादसा टला गया।यातायात करने बालों राहगीरों को जाम का सामना करना पड़ा।

### बिजली से सम्बन्धित समस्याओं को लेकर अन्नदाता किसान यूनियन ने सौंपा पत्र

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। गर्मी के मौसम में बिजली की चिंगारी से आग लगने की घटनाएं हो जाती है। पत्र देकर अवगत कराया गया। अब कटाई हो चुकी है। अन्नदाता किसान यूनियन ने एसडीओ बिजली को पत्र देकर विजली दुरुस्त कराने की मांग की है।कुछ दिन पहले अन्नदाता किसान यूनियन ने एसडीओ बिजली को पत्र देकर कहा था कि गेहूं की फसल पककर तैयार खड़ी है। तेज हवाओं के चलते बिजली की स्पार्किंग से आग लग जाती है। उन्होंने एक अप्रैल से 15 अप्रैल तक सुबह 11 बजे से शाम तीन बजे तक बिजली सप्लाई बंद रखने की बात कही थी। जिससे बिजली से फसल को नुकसान न हो। अब गेंहू की कटाई हो चुकी है। रविवार को अन्नदाता किसान यूनियन के प्रदेश महामंत्री बलजिंदर सिंह ने एसडीओ बिजली पूरनपुर को पत्र सोपा। जिसमें कहा गया है कि खड़ी फसल के दौरान बिजली सप्लाई बंद करने के लिए कहा गया था। अब फसल की कटाई हो चुकी है। खेत खाली होने के बाद अब आगामी फसल मक्का चारा सहित कई फसलों की सिंचाई होनी है। उन्होंने अब बिजली सुचारू कराए जाने की मांग की है। जिससे फसलों की सिचाई हो सके।

### सेल्हा बाबा की दरगाह फिर एक बार सुर्खियों में गेट न खोलने पर सेवादार को दी धमकी

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।नगर के मोहल्ला चौक निवासी अली हुसैन ने बताया कि वह सेल्हा बाबा दरगाह पर सेवादार के पद पर है। सात सालों से वह लगातार मजार पर सेवा कर रहा है। कुछ बाहरी लोग मजार पर आए। उन्होंने मजार का गेट बंद होने पर आपत्ति जताई। उन्होंने सेवादार पर जबरन गेट खुलवाने का दवाव वनाता। जिस पर पीडित ने परमिशन न होने के चलते गेट खोलने से मना कर दिया। इस पर लोगों ने फोन पर उसकी बात कमेटी के अध्यक्ष मोहल्ला रजागंज निवासी अकीलुर्रहमान से कराई। आरोपी ने गेट खोलने के लिए कहा। जिस पर उसने मना कर दिया। आरोप है कि इसी बात को लेकर फोन पर उसको गालियां दी गई। रात्रि के दौरान चार लोगों को भेज कर उसकी हत्या करने के बाद उसका शब जंगल में फेंक देने की धमकी दी। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी।जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।


### अमेठी में छात्रा ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। 12वीं में कम नंबर आने से आहत थी, परिजनों ने पुलिस को बताए बिना अंतिम संस्कार कियाअमेठी में इंटरमीडिएट की परीक्षा में कम नंबर आने से आहत छात्रा ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बेटी को लटका देख परिजन नीचे उतारे और पुलिस को सूचना दिए बिना शव का अंतिम संस्कार कर दिया। पुलिस का कहना है कि घटना की जानकारी मिली थी, लेकिन परिजनों ने कोई शिकायती पत्र नहीं दिया। मामला संग्रामपुर थाना क्षेत्र के सरैया बड़गांव का है।सरैया बड़गांव निवासी छात्रा निहारिका भीमसेन इंटरमीडिएट कॉलेज में पढ़ती थी।

# बेटी की मौत और न्याय की आस में दर–दर भटक रही बुजुर्ग खातून बानो

## इन्हौना पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद भी ससुरालीजनों के खिलाफ नही दर्ज किया मुकदमा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



तिलोई अमेठी। थाना इन्हौना पुलिस ने जिलाधिकारी के निर्देश पर महिला का शव कब्र से निकलवाकर पोस्टमार्टम भले ही करवा दिया है लेकिन मृतका के ससुरालीजनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करना मुनासिब नही समझा है जबकि मृतका की मां न्याय की आस लेकर दर दर भटक रही है और पीड़िता को न्याय मिलता नजर नही आ रहा है।थाना इन्हौना क्षेत्र के गांव बड़नापुर निवासी शाहरुख उर्फ एजाज पुत्र तौफीक की शादी बीते वर्ष की तेइस नवम्बर को ग्राम रानीपुर थाना शहीद स्मारक भाले सुलतान निवासिनी सबीना बानो के साथ हुई थी। शादी के पांच माह भी नही बीते थे कि सबीना की नौ अप्रैल को संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत ने मायके पक्ष के लोगों को झकझोर दिया।मृतका की मां खातून बानो पत्नी स्वर्गीय सगीर अहमद ने जिलाधिकारी को आप बीती सुनाई तो जिलाधिकारी निशा अनंत के निर्देश पर तिलोई के तहसीलदार अभिषेक यादव की निगरानी में शुक्रवार को कब्र से शव निकालकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिये भेजा है लेकिन मृतका की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के करीब तेरह दिन बीत चुके हैं लेकिन अपराध को छिपाने में महारथ हासिल कर चुकी इन्हौना पुलिस ने ससुरालीजनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज नही किया है।अपने जिगर का टुकड़ा गंवाने के बाद मृतका की मां खातून बानो न्याय की आस लेकर स्थानीय थाने के साथ ही आला अधिकारियों की चौखट की परिक्रमा कर रही है लेकिन उसका दर्द कोई सुनने वाला नही है। मृतका की मां ने बताया कि पुलिस की लचर कार्यप्रणाली के चलते आरोपियों के हौसले बुलंद हैं और नामजद आरोपियों को पुलिस का संरक्षण प्रदान है। पीड़िता ने बताया कि पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद भी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज नही कर रही है अगर यहां से न्याय नही मिलता है तो मैं न्यायालय का दरवाजा खटखटाऊंगी। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष पंकज द्विवेदी से जब बात की गई तो उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में तस्वीर साफ नही हुई है और विसरा रिपोर्ट के बाद ही कार्यवाही की जायेगी।

# दादा मियां का सालाना उर्स में संपन्न्न उमडी भारी भीड़



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पूरनपुर।तहसील क्षेत्र के गांव उदयपुर खुर्द के पास में स्थित दादा मियां की मजार शरीफ है हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी दादा मियां का सालाना उर्स बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया।इस दौरान लोगों ने उर्स के मौके पर लंगर कराया।जहां भारी तादात मे अकीदतमंदों ने पंहुच कर मुराद मांगी।4 बजे कुल शरीफ की रस्म अदा की गई।जिसमे उलमाओं ने तकरीर करते हुए मुसलमानों से नमाज पढ़ने व अपने बच्चों को दीनी दुनियावी तालीम देने पर जोर दिया।उलमाओ ने कहा आधी रोटी खाइये अपने बच्चो को जरूर पढ़ाइये।गरीबों बेसहारा व पड़ोसियों से अच्छा सलूक करने की हिदायत दी।उन्होंने कहा कि अपने बच्चों को दीनी तालीम के साथ साथ प्रोफ़ेशनल कोर्स भी कराने चाहिए।समाज में फैली बुराइयों को मिलजुल कर दूर करे।बुजुर्गों की दरगाहें हमेशा से ही गंगा जमुनी तहजीब का गहवारा रहीं हैं।अपनी जिंदगी को आसान करने के लिए हमें सूफी संतों की बारगाह से खुद को जोड़े रखना चाहिए और उन्होंने जिस तरह से अपनी जिंदगी गुजारी है हमें भी उनके नक्शे कदम पर चलना चाहिए।फातिख्वानी मे के बाद मुल्म मे अमनों अमन की दुआ की गई।इसके बाद उर्स का समापन हुआ।इस दौरान उर्स शरीफ मे लोधीपुर,पूरनपुर,शेरपुर कला,टंडोला सहित अन्य जगह से काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# प्राजंलि,छात्र कृष्णा, अक्षत ने सर्वाधिक अंक पाकर संस्थान का किया नाम रोशन : प्रधानाचार्य महेश्वर नाथ दुबे




**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पीलीभीत।सरस्वती उच्च माध्यमिक विद्या मंदिर में हाई स्कूल की छात्रा प्राजंलि अवस्थी ने सर्वाधिक 92.33 फ़ीसदी अंक पाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया है।विद्यालय के प्रधानाध्यापक महेश्वर नाथ दुबे ने अच्छे अंक प्राप्त करने वाले उन सभी छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना कर उन्हें बधाई दी है।बिलसंडा कस्बा में स्थित प्रमुख शिक्षण संस्थान सरस्वती उच्च माध्यमिक विद्या मंदिर में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले छात्राओं की सूची में प्राजंलि अवस्थी ने प्रथम कृष्णा जायसवाल द्वितीय अक्षत गुप्ता तृतीय स्थान प्राप्त कर 92 फ़ीसदी से अधिक अंक प्राप्त किए हैं।छात्रा आराध्या कश्यप ने चतुर्थ स्थान ,अनुराग शर्मा ने पंचम स्थान, सीकेश वर्मा ने षस्ट स्थान, अथर्व जायसवाल ने सप्तम स्थान, कृष्णा सक्सेना ने अष्टम स्थान, मयंक अवस्थी ने नवम स्थान, विवेक प्रताप सिंह ने दशम स्थान प्राप्त किया इस मौके पर प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष रमेश चंद्र गुप्ता एडवोकेट ने सभी उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई दी है।

# बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा ही हमारा संकल्प : मुकेश सिंह

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



अमेठी। गौरीगंज विधानसभा क्षेत्र के गांव मऊ स्थित बाबू राम सिंह इंटर कालेज में हाई स्कूल एवं इंटर की परीक्षा में में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी बच्चों के घर पहुंचकर विधायक के बड़े भाई ने बधाई दी है और मेधावी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की है। क्षेत्र के गांव मऊ स्थित बाबू राम सिंह इंटर कालेज में हाईस्कूल की छात्रा शिवांशी शुक्ला ने चौरानबे फीसदी तो छात्र आयुष दुबे ने बानबे फीसदी अंक हासिल किया है। इंटर मीडिएड की छात्रा समृद्धि पाण्डेय ने तिरानबे तो सृष्टि शुक्ला ने बानबे प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय के साथ ही क्षेत्र का नाम रोशन किया है।गौरीगंज के विधायक राकेश प्रताप सिंह के बड़े भाई मुकेश प्रताप सिंह ने रविवार को इन मेधावी बच्चों के आवास पर पहुंचकर बच्चों के साथ ही साथ उनके माता पिता और परिजनों को बधाई दी। विधायक के भाई मुकेश प्रताप सिंह ने इन मेधावी बच्चों का फूल मालाओं से स्वागत किया और मिठाई खिलाकर बधाई देते हुये उज्जवल भविष्य की कामना की है। समाज सेवी मुकेश प्रताप सिंह ने कहा बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा ही हमारा संकल्प है। हाईस्कूल और इंटर की परीक्षा में इन मेधावी बच्चों ने विद्यालय परिवार एवं अपने माता पिता का नाम रोशन किया मैं विद्यालय परिवार की तरफ से आप सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं आप सब लोग खूब पढ़े और आगे बढ़कर क्षेत्र का नाम रोशन करें।इस मौके पर बासुपुर के पूर्व प्रधान नरेंद्र सिंह, जगदीशवापुर के ग्राम प्रधान अभय सिंह,विद्यालय के प्रधानाचार्य राहुल प्रताप सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### सिंहपुर के एआरपी ओंकार पाण्डेय को मिला अचीवमेंट पुरस्कार

अमेठी। विकास खण्ड सिंहपुर में कार्यरत एआरपी के तौर पर कोरोना काल से लेकर अभी तक मेंटरिंग के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिये ओंकार नाथ पाण्डेय को अंतर्राष्ट्रीय अचीवमेंट पुरस्कार से नवाजा गया है। इसकी जानकारी मिलते ही शिक्षकों में खुशी की लहर दौड़ गई है और शिक्षकों ने एआरपी को बधाई दी है।विकास खण्ड सिंहपुर में एकेडमिक रिसोर्स पर्सन के पद पर पर जुलाई 2020 में तैनाती के बाद से ओंकार नाथ पाण्डेय ने अपने परिश्रम से मेंटरिंग को एक नया आयाम दिया है।शिक्षकों को प्रोत्साहित करके बेसिक विभाग में चलाये जा रहे सभी कार्यक्रम को शत प्रतिशत लागू कराया जा रहा है। ज्ञान उदय फाउंडेशन द्वारा एआरपी ओंकार नाथ पाण्डेय को दिये गये इस पुरस्कार पर खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी के साथ ही राष्टीय शैक्षिक महासंघ के अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार तिवारी,उबैद अहमद, मुकेश कुमार, सुरेंद्र पाण्डेय, अनुज शुक्ला, शैलेन्द्र कुमार, मोहम्मद राशिद खान, धर्मेन्द्र सिंह सहित अन्य तमाम शिक्षकों ने बधाई दी है।

# अमेठी में आग से जली फसल: 15 बीघा से अधिक

## गेहूं की फसल जली, पुलिस ने फायर ब्रिगेड की मदद से पाया काबू

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



अमेठी । अमेठी में आग का कहर थमने का नाम नहीं ले रही हैं। आज सुबह मुंशीगंज थाना क्षेत्र के सोरांव गांव में अज्ञात कारणों से गेहूं की फसल में भीषण आग लग गई। आग से 15 बीघा से अधिक गेहूं की फसल जलकर राख हो गई।घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने दो फायर सर्विस और ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया। आग से आधा दर्जन से अधिक किसानों का लाखों रुपए का गेहूं जलकर राख हो गया।पूरा मामला मुंशीगंज थाना क्षेत्र के सोरांव गांव का है, जहां सुबह अज्ञात कारणों से गेहूं की खड़ी फसल में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और 15 बीघे से अधिक गेहूं की फसल को अपने आगोश में ले लिया। आग लगने के बाद ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। मुंशीगंज एसएचओ ने फायर सर्विस को सूचना देने के साथ अपनी पूरी टीम के साथ मौके पर पहुंचे।ग्रामीण और फायर सर्विस की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग से आधा दर्जन से अधिक किसानों का लाखों रुपए का गेहूं जलकर राख हो गया। मुंशीगंज एसएचओ शिव नारायण सिंह ने कहा कि अज्ञात कारणों से गेहूं की फसल में आग लगी थी। सूचना मिलने के बाद फायर सर्विस एचएएल और मुसाफिरखाना को सूचना दी गई। फायर सर्विस मुंशीगंज पुलिस और ग्रामीणों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया है।

# मीडिया एकादश ने प्रशासन एकादश को छत्तीस रनों से हराया

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



**क्रिकेट मैच के माध्यम से बीस मई को जन सामान्य से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की गई**

अमेठी। लोकसभा सामान्य निर्वाचन में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य आज डॉक्टर भीमराव अंबेडकर स्टेडियम अमेठी में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत अमेठी मीडिया एकादश एवं अमेठी प्रशासन एकादश के मध्य क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। जिसमें मीडिया एकादश की टीम ने छत्तीस रनों से मैच जीता, पहले बल्लेबाजी करते हुए मीडिया एकादश की टीम ने बीस ओवरों में 172 रन बनाए जिसके सापेक्ष प्रशासन एकादश की टीम बीस ओवर में 136 रन ही बना पाई। क्रिकेट मैच में मीडिया एकादश की टीम में पवन यादव, चिंतामणि मिश्र, डॉ नृपेन्द्र त्रिपाठी, अजुग पाण्डेय, दिलीप यादव, विजय मिश्रा, अभिषेक त्रिपाठी, देवेंद्र सिंह, इमरान, राहुल, लोकेश त्रिपाठी, जितेन्द्र कौशल तथा प्रशासन एकादश की टीम में पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) दिनेश मिश्रा, उपजिलाधिकारी गौरीगंज दिग्विजय सिंह, उपजिलाधिकारी मुसाफिरखाना अभिनव कनौजिया, उपजिलाधिकारी तिलोई आशीष सिंह, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट मोहम्मद असलम, जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश शर्मा, सहायक अभियंता लघु सिंचाई अभिषेक पटेल, तहसीलदार गौरीगंज अभय राज, तहसीलदार मुसाफिरखाना राहुल सिंह, तहसीलदार तिलोई अभिषेक यादव शामिल रहे। मैच में दोनों टीमों के सभी खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। मैच के उपरांत विनर तथा रनर दोनों टीमों को जिला निर्वाचन अधिकारी निशा अनंत, पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल द्वारा ट्रॉफी दी गई। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि क्रिकेट मैच में दोनों टीमों का शानदार प्रदर्शन रहा सभी खिलाड़ियों ने बहुत उत्साह के साथ मैच खेला।उन्होंने दोनों टीमों को बधाई दी तथा कहा कि इस क्रिकेट मैच का उद्देश्य लोकसभा सामान्य निर्वाचन के अंतर्गत आगामी बीस मई को जन सामान्य अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। उन्होंने कहा कि खेल में टीम की जीत से बड़ी जीत खेल भावना की है यह भावना एक दूसरे को जोड़ती है तथा यह संदेश देती है कि आओ हम सब साथ खेले साथ चलें, बीस मई को साथ मतदान करें, जब हम सब मतदान करेंगे तभी लोकतंत्र मजबूत होगा और देश जीतेगा। इसके साथ ही उन्होंने क्रिकेट टीम को स्पॉन्सर करने के लिए एसबीआई बैंक तथा मीडिया व प्रशासन की टीमों को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर उक्त के अतिरिक्त अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र सिंह, जिला युवा कल्याण अधिकारी काशीनाथ, डिप्टी कलेक्टर अमित सिंह सहित अन्य अधिकारी तथा मीडिया बन्धुओं में शीतला प्रसाद मिश्र, डॉ आशीष त्रिपाठी, योगेंद्र श्रीवास्तव, अरविंद श्रीवास्तव, मोहम्मद तौफीक, अंजनी मिश्रा सहित अन्य मौजूद रहे।

# मिठास का वार

हाल के दिनों में देश में आई जागरूकता के चलते कई ऐसे खुलासे हुए हैं, जिसमें बहुराष्ट्रीय खाद्य उत्पादों के हथकंडों का पता चला है। जिन खाद्य उत्पादों को दशकों से बच्चों की सेहत का राज बताया जा रहा था, परीक्षणों में पाया गया कि तेज मीठे की लत डालकर बच्चों को स्थायी ग्राहक बनाया जा रहा था। जांच के बाद सरकार ने बॉर्नविटा को सेहतवर्धक बताने वाले प्रचार को रोकने के लिये कहा था। अब इस कड़ी में बहुराष्ट्रीय कंपनी नेस्ले ने सफाई दी है कि उसके शिशु आहार उत्पादों में चीनी की मात्रा घटाई गयी है। यानी इससे पहले बच्चों को इस उत्पाद की आदत डालने के लिये भारत में इसमें अधिक चीनी की मात्रा मिलायी जा रही है। दरअसल, हाल ही में एक स्विस स्वयं सेवी संगठन 'पब्लिक आई' और इंटरनेशनल बेबी फूड एक्शन नेटवर्क के निष्कर्षों से खुलासा हुआ कि नेस्ले कंपनी ने यूरोप के अपने बाजारों की तुलना में भारत तथा अन्य विकासशील देशों, अफ्रीका व लैटिन अमेरिकी देशों में अधिक चीनी वाले शिशु उत्पाद बेचे। नेस्ले इंडिया का दावा है कि उसने अब अपने उत्पादों में तीस फीसदी तक चीनी की कटौती की है। उल्लेखनीय है कि यह कंपनी नेस्कैफ़े, सेरेलैक व मैगी जैसे चर्चित उत्पादों का कारोबार करती है। इस बहुराष्ट्रीय कंपनी का रवैया कितना भेदभावपूर्ण व दुराग्रह से भरा हुआ है कि छह महीने के बच्चों को दिया जाने वाला नेस्ले का गेहूं पर आधारित उत्पाद सेरेलैक ब्रिटेन तथा जर्मनी में बिना किसी अतिरिक्त चीनी के बेचा जाता है। लेकिन भारत में सेरेलैक के 15 उत्पादों के अध्ययन के बाद खुलासा हुआ है कि एक बार के खाने में औसतन 2.7 ग्राम चीनी थी। अन्य विकासशील देश फिलीपीन्स में चीनी की मात्रा 7.3 ग्राम पाई गई। ऐसा शिशुओं को इसकी लत लगाने और लागत घटाने के मकसद से किया गया। जो निश्चित रूप से शिशुओं के जीवन से खिलवाड़ ही है। जिससे कई तरह के रोगों का भी जन्म होता है। यह विडंबना ही है कि उपनिवेशवाद के चलते पूरी दुनिया का शोषण करने वाले यूरोपीय व पश्चिमी देश लोकतांत्रिक स्वरूप वाले विश्व में भी व्यापारिक हथकंडों के जरिये विकासशील देशों का दोहन कर रहे हैं। दरअसल, खाद्य पदार्थों व शीतल पेयों में अधिक चीनी व नमक के जरिये युवाओं को भी इन उत्पादों की लत लगाई जाती है। इससे उन्हें एक अलग से खुशी का अहसास होता है। जिससे कालांतर गैर संक्रमणीय रोगों का खतरा बढ़ जाता है। इस अस्वस्थ खाना-पान से कई रोग उत्पन्न होते हैं। इन स्वास्थ्य समस्याओं में वजन बढ़ना, मोटापा और कालांतर मधुमेह जैसे रोग हो सकते हैं। इसी तरह शीतल पेय, डिब्बा बंद जूस तथाकथित एनर्जी ड्रिंक्स तथा बिस्कुट में चीनी की मात्रा काफी अधिक होती है। इन उत्पादों की गिनती अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड के रूप में होती है। हाल के दिनों में एक ब्रिटिश जनरल में खुलासा हुआ कि ऐसे खाद्य पदार्थों से उम्र पर भी नकारात्मक असर पड़ता है। भारतीय चिकित्सक खुलासा कर रहे हैं कि यदि आपकी डाइट में अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड की मात्रा दस प्रतिशत से ज्यादा होती है तो व्यक्ति के शरीर में कैंसर, मधुमेह, हृदय रोग व अवसाद जैसे रोग उत्पन्न हो सकते हैं। भारत में हाल के दिनों में इन रोगों से ग्रस्त लोगों की संख्या में तेजी से विस्तार हुआ है। इस संकट का समाधान तभी हो सकता है जब हम देश में उपभोक्ताओं को जागरूक करें। साथ ही हर उत्पाद में इस बात का उल्लेख होना चाहिए कि किसी खाद्य या पेय पदार्थ में कितनी मात्रा में नमक या चीनी का उपयोग किया गया है। यदि कम शर्करा वाली वस्तु है तो स्पष्ट होना चाहिए कि यह मात्रा कितना रखी गई है। दरअसल, इन उत्पादों में चीनी-नमक की मात्रा की निगरानी वाले तंत्र को मजबूत बनाने की जरूरत है। साथ ही देश में ऐसे प्रयोगशालाओं की स्थापना हर राज्य में की जाए जो लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वाले उत्पादों की जांच-पड़ताल कर सके। साथ ही दोषी पाये जाने वाली कंपनियों पर कठोर कार्रवाई की भी व्यवस्था होनी चाहिए। साथ ही भ्रामक विज्ञापन करने वाले लोगों पर भी कार्रवाई हो।

# 18वीं लोकसभा चुनाव भारतीय लोकतंत्र के लिए महत्वपूर्ण क्यों

भारत में 18वीं लोकसभा के चुनाव का पहला चरण 19 अप्रैल को 102 निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान के साथ चुनाव शुरू हो गए। देश की लगभग 142 करोड़ आबादी में से 90 करोड़ मतदाताओं को कवर करने वाले सात चरण के चुनाव, 543 लोकसभा क्षेत्रों में मतदान समाप्त होने के बाद 1 जून को समाप्त होंगे। परिणाम 4 जून को घोषित किये जायेंगे जिसके बाद यह स्पष्ट हो जायेगा कि सत्तारूढ़ भाजपा और एनडीए की ओर से प्रचार अभियान की कमान संभाल रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नयी लोकसभा में तीसरा कार्यकाल मिलेगा या नहीं। इस लेखक को 1951-52 में हुए पहले लोकसभा चुनावों के बाद से सभी लोकसभा चुनावों को देखने का सौभाग्य मिला है - शुरुआत में दस साल की उम्र में कलकत्ता में एक वामपंथी पार्टी के स्वयंसेवक के रूप में। एक कार्यकर्ता के रूप में यह चरण 1969 तक कॉलेज और विश्वविद्यालय के दिनों तक जारी रहा। फिर 1969 से अब तक की भूमिका एक पत्रकार के रूप में लोकसभा चुनावों पर नजर रखने और देश के विभिन्न हिस्सों में बड़े पैमाने पर अभियान को कवर करने की रही है। इस बार भी, 82 वर्ष की आयु में, मैंने तमिलनाडु और पुडुचेरी की यात्रा की है और उसके बाद पश्चिमी जिलों को कवर करते हुए उत्तर प्रदेश की यात्रा की है। मैं कुछ दावे के साथ कह सकता हूं कि 2024 का लोकसभा चुनाव ऐसा होने जा रहा है जिसमें सत्तारूढ़ दल भाजपा की तुलना में विपक्षी दलों के लिए चुनाव मैदान में सबसे खराब असमान अवसर की स्थिति है। यहां तक कि 2019 के लोकसभा चुनावों में भी, समान अवसर के मामले में विपक्ष बेहतर स्थिति में था। सत्तारूढ़ शासन जिन तीन तरीकों से विपक्ष के समान अवसर को नष्ट कर रहा है, उनमें पहला है-विपक्ष के वित्तीय संसाधनों को निचोड़ना। कंग्रेस पार्टी को इसका मुख्य निशाना बनाया गया है। दूसरा है-विपक्षी नेताओं के खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों, जैसे ईडी, सीबीआई और आयकर विभाग का दुरुपयोग करते हुए महत्वपूर्ण विपक्षी नेताओं तथा उन्हें धन देने वाले दाताओं के विरुद्ध कार्रवाई करना। तीसरा है- प्रधानमंत्री और भाजपा के विचारों का प्रचार करने के लिए मीडिया, विशेषकर टीवी चौनलों पर पूर्ण नियंत्रण करना जो साथ-साथ विपक्ष के कार्यक्रमों और विचारों को बुरी तरह से दिखाये।यह रणनीति सोच-समझकर बनाई गई रणनीति है और इसका कार्यान्वयन 2019 के चुनावों के बाद पीएम नरेंद्र मोदी के दूसरे कार्यकाल की शुरुआत से शुरू हुआ। अभी, बड़ी आबादी वाले दो अन्य देशों-दक्षिण अफ्रीका और मैक्सिको में भी राष्ट्रीय चुनाव अभियान चल रहा है। दक्षिण अफ्रीका में 29 मई को और मैक्सिको में 2 जून को मतदान होने जा रहा है। तीन महाद्वीपों एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका का प्रतिनिधित्व करने वाले तीनों देशों में चुनाव परिणाम एक ही सप्ताह में सामने आयेगे। इन दोनों देशों में अभियान चरम पर है लेकिन कहीं भी विपक्षी दलों ने उनके खिलाफ सत्तारूढ़ शासन द्वारा किसी छापे का आरोप नहीं लगाया है। दक्षिण अफ्रीका में अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस के मौजूदा अध्यक्ष सिरिलरामाफोसा को रूढ़िवादी विपक्ष से बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन वह लोकतंत्र के खेल के नियमों के तहत प्रचार कर रहे हैं। मेक्सिको में भी यही स्थिति है। वामपंथी राष्ट्रपति ओब्राडोर, जिन्हें एएमएलओ के नाम से जाना जाता है, संविधान के अनुसार नये राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार को रास्ता देने के लिए पद छोड़ रहे हैं। एएमएलओ की स्वीकार्यता अपने चरम पर है। गठबंधन मोरेना आराम से जीतने की स्थिति में है। विपक्षी दलों को बड़ी पूंजी का समर्थन प्राप्त है लेकिन उन्होंने कभी भी एएमएलओ सरकार द्वारा किसी भी अलोकतांत्रिक कदम उठाये जाने की शिकायत नहीं की। लोकसभा चुनाव और भारत में लोकतंत्र सूचकांक में गिरावट पश्चिम के साथ-साथ ब्रिक्स सदस्यों के बीच भी चर्चा का विषय है। 7अक्टूबर के युद्ध के बाद नरेंद्र मोदी को शुरू में उनके इजरायल समर्थक रुख के लिए ब्रिक्स सदस्यों से फटकार मिली। अब, उनके अभियान भाषणों और ईडी द्वारा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के साथ-साथ चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी की संपत्ति को निचोड़ने को ब्रिक्स देशों के राजनीतिक नेताओं द्वारा तिरस्कार के साथ देखा जा रहा है। भारत को श्लोकतंत्र की जननी्य कहने वाले प्रधानमंत्री मोदी को एक ऐसे नेता के रूप में देखा जा रहा है जो विपक्ष के लोकतांत्रिक अधिकारों पर अंकुश लगा रहा है। कई पश्चिमी राजनीतिक विश्लेषक कह रहे हैं कि 2024 का लोकसभा चुनाव भारत में आखिरी स्वतंत्र चुनाव हो सकता है। वे सही नहीं हैं। निश्चित रूप से, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दोबारा आने से सत्तावादी प्रवृत्तियां मजबूत होंगी और भाजपा और संघ परिवार को हिंदू राष्ट्र के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है लेकिन यह आसान काम नहीं होगा। भारतीय लोगों के पास लोकतंत्र के पक्ष में अपनी पसंद का प्रयोग करने की अंतर्दृष्टि है। उन्होंने इसे 1977 के लोकसभा चुनाव के दौरान दिखाया। बहुत कुछ इस बात पर निर्भर करता है कि विपक्षी इंडियागुट भाजपा के खिलाफ कितने प्रभावी ढंग से लड़ता है। उन्हें इस बार करो या मरो के नारे के साथ लड़ना है। खासकर यह बात कांग्रेस पर लागू होती है जो हिंदी पट्टी के ज्यादातर राज्यों में भाजपा की मुख्य प्रतिद्वंद्वी है। 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के रथ को रोकने की जिम्मेदारी कांग्रेस पर है। 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले भारत में भाजपा का रथ इतना बुलंद क्यों है और पीएम इस बार एनडीए का 400 पार और भाजपा का 370 पार के नारे की बात कर रहे हैं। भाजपा की प्रचार मशीन द्वारा बड़े राष्ट्रीय मीडिया की सहायता से यह नारा लगातार फैलाया जा रहा है। भाजपा के पास विशाल वित्तीय बाहुबल, सुगठित आरएसएस संगठन और प्रवासी भारतीयों का बड़ा समर्थन है, जिनमें से कई भाजपा चुनाव फंड में सक्रिय योगदानकर्ता हैं। इसके विपरीत, कंग्रेस को भारतीय ब्लॉक पार्टियों में सबसे अधिक नुकसानदेह स्थिति में रखा गया है। हिंदी पट्टी में अपने मुख्य प्रतिद्वंद्वी के वित्तीय संसाधनों को पंगु बनाने के एक हिस्से के रूप में सत्तारूढ़ शासन द्वारा धन प्राप्त करने के लिए पार्टी के सामान्य माध्यमों को बंद कर दिया गया है। कंग्रेस के पास कई राज्यों में धन की कमी है और प्रति लोकसभा क्षेत्र में खर्च करने के मामले में उसकी क्षमता औसतन भाजपा की तुलना में दसवां हिस्सा है। इन दिनों चुनावों में डिजिटल मीडिया और सोशल मीडिया के अन्य प्लेटफॉर्म बड़ी भूमिका निभा रहे हैं। भारी फंड की जरूरत है। कंग्रेस उसक्षेत्र में भाजपा का मुकाबला करने की स्थिति में नहीं है।यह 2024 के लोकसभा चुनाव की लोकतांत्रिक प्रक्रिया के लिए सबसे बड़ा झटका है। भाजपा ने समान अवसर को खत्म करने और मुख्य विपक्ष को आर्थिक रूप से पंगु बनाने के लिए सत्तारूढ़ सरकार और उसकी एजेंसियों का इस्तेमाल किया है। टीएमसी, डीएमके, एसपी और राजद जैसी अन्य क्षेत्रीय पार्टियां सीमित सीटों पर लड़ रही हैं। वे धन की व्यवस्था कर रही हैं, लेकिन कंग्रेस के लिए, पार्टी द्वारा चुनाव लड़े जा रहे 300 से अधिक निर्वाचन क्षेत्रों में धन की आपूर्ति करना एक कठिन काम बन गया है। यही वह कमजोरी है जिसे सत्तारूढ़ भाजपा 2024 के लोकसभा चुनावों में भुनाने की कोशिश कर रही है। इस प्रक्रिया में, भारतीय लोकतंत्र पीड़ित हो रहा है।गार्जियन संवाददाता सही है जब अखबार लिखता है कि 2024 के लोकसभा चुनाव भारतीय इतिहास में सबसे एकतरफा हो सकते हैं। हां, संसाधनों और मीडिया समर्थन के मामले में यह एकतरफा होगा लेकिन मतदाताओं के समर्थन के मामले में नहीं। नरेंद्र मोदी अपने अनूठे ब्रांड हिंदुत्व राष्ट्रवाद को क्रोनी पूंजीवाद और गरीब-समर्थक आर्थिक कार्यक्रमों के साथ मिलाकर बेच रहे हैं। इसमें एक प्रकार की विषैली अपील है। इंडिया गुट इसका मुकाबला केवल बेहतर आख्यान के साथ कर सकता है जो आम मतदाताओं के दिल और दिमाग से संबंधित हो सकता है। द्रमुक और टीएमसी जैसे क्षेत्रीय दल प्रभावी ढंग से ऐसा कर रहे हैं। कांग्रेस को उन राज्यों में भी ऐसा करना होगा जहां वह भाजपा की मुख्य प्रतिद्वंद्वी है। केवल कांग्रेस, केवल कांग्रेस और केवल कांग्रेस ही अपने उच्च प्रदर्शन से भाजपा के रथ को रोक सकती है और भारत के लोकतंत्र सूचकांक को और नीचे गिरने से रोक सकती है। **-नित्य चक्रवर्ती**

**सत्तारूढ़ शासन जिन तीन तरीकों से विपक्ष के समान अवसर को नष्ट कर रहा है, उनमें पहला है–विपक्ष के वित्तीय संसाधनों को निचोड़ना। कांग्रेस पार्टी को इसका मुख्य निशाना बनाया गया है। दूसरा है–विपक्षी नेताओं के खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों, जैसे ईडी, सीबीआई और आयकर विभाग का दुरुपयोग करते हुए महत्वपूर्ण विपक्षी नेताओं तथा उन्हें धन देने वाले दाताओं के विरुद्ध कार्रवाई करना। तीसरा है– प्रधानमंत्री और भाजपा के विचारों का प्रचार करने के लिए मीडिया, विशेषकर टीवी चौनलों पर पूर्ण नियंत्रण करना जो साथ–साथ विपक्ष के कार्यक्रमों और विचारों को बुरी तरह से दिखाये।यह रणनीति सोच–समझकर बनाई गई रणनीति है और इसका कार्यान्वयन 2019 के चुनावों के बाद पीएम नरेंद्र मोदी के दूसरे कार्यकाल की शुरुआत से शुरू हुआ। अभी, बड़ी आबादी वाले दो अन्य देशों–दक्षिण अफ्रीका और मैक्सिको में भी राष्ट्रीय चुनाव अभियान चल रहा है। दक्षिण अफ्रीका में 29 मई को और मैक्सिको में 2 जून को मतदान होने जा रहा है। तीन महाद्वीपों एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका का प्रतिनिधित्व करने वाले तीनों देशों में चुनाव परिणाम एक ही सप्ताह में सामने आयेगे। इन दोनों देशों में अभियान चरम पर है लेकिन कहीं भी विपक्षी दलों ने उनके खिलाफ सत्तारूढ़ शासन द्वारा किसी छापे का आरोप नहीं लगाया है। दक्षिण अफ्रीका में अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस के मौजूदा अध्यक्ष सिरिलरामाफोसा को रूढ़िवादी विपक्ष से बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन वह लोकतंत्र के खेल के नियमों के तहत प्रचार कर रहे हैं। मेक्सिको में भी यही स्थिति है। वामपंथी राष्ट्रपति ओब्राडोर, जिन्हें एएमएलओ के नाम से जाना जाता है, संविधान के अनुसार नये राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार को रास्ता देने के लिए पद छोड़ रहे हैं। एएमएलओ की स्वीकार्यता अपने चरम पर है। गठबंधन मोरेना आराम से जीतने की स्थिति में है। विपक्षी दलों को बड़ी पूंजी का समर्थन प्राप्त है लेकिन उन्होंने कभी भी एएमएलओ सरकार द्वारा किसी भी अलोकतांत्रिक कदम उठाये जाने की शिकायत नहीं की। लोकसभा चुनाव और भारत में लोकतंत्र सूचकांक में गिरावट पश्चिम के साथ–साथ ब्रिक्स सदस्यों के बीच भी चर्चा का विषय है।**

# 'ड्रीम-11' के मकड़जाल में फंसकर वित्तीय जोखिम उठाते आईपीएल के दर्शक?

**डॉ. रमेश ठाकुर**

आईपीएल कमाई के लिहाज से ऐसा 'छप्परफाड़ धन वर्षा' वाला खेल हो गया है, जहां चारों ओर से पैसा बरसता है। वर्किंग क्रिकेटरों से लेकर पूर्व क्रिकेटर, इवेंट आयोजक, बीसीसीआई, टीवी चैनल्स, स्टेडिएम प्रबंधक और क्रिकेट से जुड़े स्टॉफ और स्पोर्ट्स कंपनियां मालामाल हो रही हैं। इस खेल में पैसा कमाने का अब एक और नया अध्याय जुड़ गया है, जिसका नाम है-ड्रीम-11 क्विज। जो इंडियन प्रीमियर लीग-2024 के 17वें संस्करण में खूब चर्चा में हैं। युवाओं में आईपीएल देखने की दीवानगी से कहीं ज्यादा इस क्विज को खेलने में रुचि बढ़ी है। इसे मॉर्डन जमाने का जुआ भी कहें, तो शायद गलत नहीं होगा? इस क्विज को खेलने की युवाओं में ऐसी लत लग गई है जिसमें वह लगातार वित्तीय जोखिम उठा रहे हैं। इसके चक्कर में लोग कर्जदार हो रहे हैं और पैसों के चलते आपसी रिश्ते भी बिगड़ रहे हैं। कुछ दिन पहले की ही खबर है, जहां गाजीपुर जिले के दर्जनों स्कूली बच्चों ने ड्रीम-11 को खेलने के लिए अपने घरों से मोबाइल फोन चुराए और पैसे उसमें लुटा दिए। ऐसा ही एक मामला देहरादून से सामने आया, जहां ड्रीम-11 खेलने के चक्कर में पति-पत्नी के बीच जमकर मारपीट हो गई और मामला थाने तक पहुंच गया। ऐसे मामले देशभर से बहुत तेजी से सामने आ रहे हैं। धंधे-मुनाफ़े की बात करें तो कोरोनाकाल-2020 में 181 करोड़ और 2021 में 329 करोड़ रुपये की कमाई हुई। 2022 में 141.86 करोड़ और 2023 में 188 करोड़ रुपये कंपनी ने इस चमत्कारी क्विज से कमाए। ये ऐसा लालची खेल है जिसे अच्छे से पता है कि चुंगल में सबसे पहले कौन फंसेगा। मैच के दौरान ये ड्रीम-11 खेल युवाओं को 39 रुपये से लेकर 59 रुपये में करोड़पति बनने का दावा करता है। लालच में आकर युवा मैच देखने के बजाय खेल के नियामानुसार ऑनलाइन निर्धारित धन राशि देकर ड्रीम इलेवन में अपनी टीमें बनाते हैं। ये खेल कम उम्र के युवाओं के मस्तिष्क में घर कर गया है जिससे वो मानसिक बीमार भी बनते जा रहे हैं। खेल के चक्कर में देश के अनगिनत लोग कंकाल भी होते जा रहे हैं। टीनएजर्स में इसकी ज्यादा लत है। अब तो इस खेल में युवाओं के अलावा बुद्धिजीवी वर्ग भी खूब दिलचस्पी ले रहे हैं। वो भी पैसे लगाकर बर्बाद हैं। लोगों में करोड़पति बनने का लालच ऐसा सवार है कि एक नहीं, बल्कि कई टीमें बनाकर अपने पैसे बेकार कर रहे हैं। हालांकि, कम ही लोग जानते हैं कि 'माई टीम-11' और 'ड्रीम-11' दोनों भारतीय फैंटेसी स्पोर्ट्स मार्केट की प्रमुख कंपनियां हैं। दोनों प्लेटफॉर्म उपयोगकर्ताओं को पुरस्कार के रूप में वास्तविक नकद की पेशकश करके ऑनलाइन क्रिकेट खेलने का लालच देती हैं और अपनी ओर आकर्षित करके उन्हें लुभाते हैं। अगर कायदे से देखें तो सिर्फ ठगी के सिवाए और कुछ नहीं हैं इन क्विज में? गौरतलब है, ड्रीम-11 क्विज अपने शुरुआत से ही विवादों में है। इससे संबंधित कई अप्रिय घटनाएं भी घटीं। 2017 में एक याचिका इस पर प्रतिबंध लगाने को लेकर सुप्रीम कोर्ट में लगाई गई थी। कोर्ट ने माना था कि ड्रीम-11 खेलने के लिए खेल से जुड़ी स्किल, ज्ञान और खेलने वाले पर निर्भर करता है कि वो खेले या नहीं? कोर्ट ने रोक लगाने से इनकार कर दिया था। उसके बाद रास्ता साफ हो गया। अब स्थिति ये है, ड्रीम-11क्विज युवाओं को करोड़ों की लालच देकर बेतहाशा धन कमाने पर उतर गई है। क्विज का प्रचार इस वक्त आईपीएल से कहीं ज्यादा है। न्यूज चैनल हों या मनोरंजन के अन्य संसाधन, सबमें इसका प्रचार दिखाई पड़ता है। बड़े से बड़ा खिलाड़ी-अभिनेता ड्रीम-11 का विज्ञापन कर रहा है। इसलिए युवाओं में करोड़पति बनने का कीड़ा और तेजी से काटने लगा है। हालांकि, विज्ञापन कें अंत में बकायदा बताया भी जाता है कि 'खेल में वित्तीय जोखिम है, इसकी लत लग सकती है। बावजूद, इसके ये आफत दर्शकों के सिर चढ़कर बोल रही है। मजे की बात तो ये भी है, ड्रीम-11 को खुलेआम बढ़ावा दिया जा रहा है और वित्तीय जोखिम भी बताते हैं। प्रत्यक्ष रूप से देखें तो इसमें सीधे-सीधे पैसों की बर्बादी के सिवाए कुछ और नहीं? ऐसे खेलों पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित लगना ही चाहिए।

## सेहत मंत्र

# मोटापा और डायबिटीज से छुटकारा दिलाती है भिंडी

ओकरा यानी भिंडी मधुमेह के खतरे और वजन घटाने वाले लोगों के लिए ''सुपरफूड'' के तौर पर लोकप्रिय हो रही है। यह आमतौर पर लेडीफिंगर्स के रूप में जानी जाती है। भिंडी कई स्वास्थ्य लाभों के बीच रक्त शर्करा नियंत्रण पर सकारात्मक प्रभाव डालती है। कई रिसर्च में यह साबित हुआ है कि भिंडी डायबिटीज में काफी फायदेमंद होती है। इसके सेवन से ब्लड शुगर काफी हद तक नियंत्रित रहता है। इसके अलावा भिंडी काफी लो कैलोरी वाली सब्जी है और इसमें फाइबर की मात्रा काफी ज्यादा है जिसके कारण यह वजन कम कर मोटापा दूर करती है। आज हम आपको इस लेख के माध्यम से बताएंगे कि किस प्रकार से भिंडी मोटापा और डायबिटीज में फायदेमंद है। भिंडी में तनाव को कम करने वाले गुण पाए जाते हैं जो डायबिटीज रोगियों के लिए फायदेमंद है। क्योंकि डायबिटीज के दौरान होने वाला तनाव शुगर लेवल को बढ़ाता है। भिंडी खाने से तनाव कम होता है। इसके अलावा भिंडी में मौजूद यूगेनॉल डायबिटीज से बचाने में मदद करता है। यह फाइबर रक्त में शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने का काम करता है। यह अंडकोशों में शर्करा के अवशोषण की प्रक्रिया को धीमा कर डायबिटीज को दूर रखने अथवा नियंत्रित करने का काम करता है। जो लोग वजन कम करना चाहते हैं, उनके लिए भिंडी में मौजूद फाइबर से अच्छा और कोई उपाय नहीं है। भिंडी में कैलोरी की मात्रा बिलकुल भी नहीं होती , इसलिए यह वजन कम करने का अच्छा उपाय माना जाता है। भिंडी कब्ज को भी दूर करती है। यह डायटरी फाइबर का सबसे अच्छा स्रोत मानी जाती है, जो हमारी पाचन क्रिया के लिए काफी लाभकारी होती है। यह घुलनशील फाइबर शरीर में मौजूद पानी में घुल जाते हैं, जिससे हमारी पाचन क्रिया दुरुस्त हो जाती है। भिंडी में मौजूद आयरन तत्व हमारे शरीर के लिए काफी लाभकारी होते हैं। यह रक्त में हीमोग्लोबिन का निर्माण करते हैं, जिससे आप अनीमिया से बचे रहते हैं। इसके साथ ही भिंडी में मौजूद विटामिन के रक्त स्राव को रोकने में मदद करता है, जिससे किसी विकट परिस्थिति में शरीर से रक्तस्राव बहुत कम होता है।

## धर्म मंत्र

# आक के पुष्पों से पूजा करने से सूर्य होते हैं प्रसन्न

रविवार सूर्य देवता की पूजा का वार है। जीवन में सुख-समृद्धि, धन-संपत्ति और शत्रुओं से सुरक्षा के लिए रविवार का व्रत सर्वश्रेष्ठ है। विद्वानों का मानना है कि रविवार का व्रत करने व कथा सुनने से मनुष्य की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। मान-सम्मान, धन-यश तथा उत्तम स्वास्थ्य मिलता है। कुष्ठ रोग से मुक्ति के लिए भी यह व्रत किया जाता है। सूर्य पूजा में उनके पसंदीदा पुष्पों का प्रयोग करें तो भगवान भास्कर अत्यंत प्रसन्न होते हैं। विष्य पुराण के अनुसार सूर्य भगवान को यदि एक आक का फूल अर्पण कर दिया जाए तो सोने की दस अशर्फियां चढ़ाने का फल मिलता है। भगवान आदित्य को चढ़ाने योग्य कुछ फूलों का उल्लेख वीर मित्रोदय, पूजा प्रकाश में भी है। सूर्य को रात्रि में कदम्ब के फूल और मुकुर को अर्पण करना चाहिए तथा दिन में शेष अन्?य सभी फूल चढ़ाए जा सकते हैं। बेला का फूल दिन और रात दोनों समय चढ़ाया जा सकता है। कुछ फूल सूर्य आराधना में निषिद्ध हैं। ये हैं गुंजा, धतूरा, अपराजिता, भटकटैया और तगर इत्यादि। इनका प्रयोग भूल कर भी नहीं करना चाहिए। रविवार को प्रातःकाल स्नान आदि से निवृत्त हो, स्वच्छ वस्त्र धारण कर सूर्य देव का स्मरण करें। घर के ही किसी पवित्र स्थान पर भगवान सूर्य की मूर्ति या चित्र स्थापित करें। इसके बाद विधि-विधान से गंध-पुष्पादि से भगवान सूर्य का पूजन करें। इसके बाद विधि-विधान से गंध-पुष्पादि से भगवान सूर्य का पूजन करें। एक समय भोजन करें। भोजन इत्यादि सूर्य प्रकाश रहते ही करें। अंत में कथा सुनें। इस दिन नमकीन और तेल युक्त भोजन ना करें। यदि किसी कारणवश सूर्य अस्त हो जाए और भोजन न कर पायें तो अगले दिन सूर्योदय तक वह निराहार रहे तथा फिर स्नानादि से निवृत्त होकर, सूर्य भगवान को जल देकर, उनका स्मरण करने के बाद ही भोजन ग्रहण करे।

## पर्यटन



# स्मार्ट सिटी चंडीगढ़ की इन जगहों पर घूमना न करें मिस

स्मार्ट सिटी की चर्चा के बीच बात करें, तो आजादी के बाद देश का पहला नियोजित शहर है चंडीगढ़। यह शहर ऊर्जा क्षेत्र में भी देश को नई राह दिखा रहा है। यह देश का ऐसा पहला शहर होगा जिसके इस साल के आखिर तक अक्षय ऊर्जा पर निर्भर हो जाने की उम्मीद है। आज वंदना वालिया बाली के साथ चलते हैं चंडीगढ़ के सफर पर..आजाद भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू का सपना था कि देश में एक ऐसा आधुनिक शहर बसाया जाए जो नए गणतंत्र की रचनात्मक क्षमता को दर्शाए। इस सपने की नींव चंडीगढ़ के रूप में 1948 में रखी गई। इसके लिए मंजूर जमीन में 24 गांव आए जिनमें एक का नाम चंडीगढ़ था। शक्ति की प्रतीक मां चंडी के दुर्ग यानी गढ़ के रूप में चंडीगढ़ शहर बसा। आज हर घुमक्कड़ की सूची में इसका नाम अनिवार्य रूप से शुमार होता है। इस शहर के साथ हरियाणा का पंचकूला तथा पंजाब का मोहाली भी जुड़ गया है, इसलिए इसे 'ट्राइसिटी' भी कहा जाने लगा है। यह एकमात्र ऐसा केंद्रशासित प्रदेश है, दो प्रदेशों पंजाब तथा हरियाणा की राजधानी भी है। ली कार्बूजिए की वास्तु संरचना इस शहर के निर्माण की जिम्मेदारी फ्रांस के मशहूर वास्तुकार ली कार्बूजिए को सौंपी गई। उन्होंने मानव शरीर की कार्यप्रणाली को ध्यान में रखते हुए इस शहर का ढांचा तैयार किया, जिससे कि एक स्वस्थ व संपूर्ण शहर का अक्स उभर कर आए। शहर के फ़ेफड़ों की संज्ञा दी गई लेजर वैली को, जो कई पाकरें की श्रृंखला है। सड़कों के जाल को उन्होंने संचार व्यवस्था कहा और इंडस्ट्रियल एरिया को विसरा। करीब 44 वर्ग मील में फैले इस शहर की खूबसूरती सभी को आकर्षित करती है। शहर के हर सेक्टर की बसावट कमोबेश एक जैसी है, इसके बावजूद उनकी अपनी अलग विशेषता और पहचान है। बर्फी की तरह आयताकार वर्ग में सेक्टर बंटे हैं जहां ग्रीन बेल्ट है। ली कार्बूजिए के निधन के बाद उनके कजिन पियेरे जेनरे तथा मैक्सवेल फ्राए ने उनके काम को आगे बढ़ाया।

# सिविल नाफरमानी के योद्धा हैं राजनाथ शर्मा: अरविन्द सिंह गोप

## लोकतंत्र रक्षक सेनानी राजनाथ शर्मा के 80वें जन्मदिवस पर आयोजित हुए विविध कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। देवा रोड स्थित गांधी भवन में रविवार को लोकतंत्र रक्षक सेनानी एवं वरिष्ठ समाजवादी चिन्तक राजनाथ शर्मा का 80वां जन्मदिन मनाया गया। जो डॉ.राममनोहर लोहिया के समय समाजवादी आंदोलन में शामिल हुए थे। उन्नीस साल की उम्र में वे जेल इसलिए गए कि डा. लोहिया के नेतृत्व में वे किसानों को उनकी उपज का वाजिब दाम दिलाना चाहते थे। फिर बीस बरस की उम्र में वे जेल इसलिए गए कि अंग्रेजी हटाना चाहते थे। क्योंकि वे चाहते थे कि 'गांधी लोहिया की अभिलाषा, चले देश में देश की भाषा'। तीसरी बार राजनाथ शर्मा जेल गए 'सोशलिस्टों ने बांधी गांठ, पिछड़ा पावें सौ में साठ' इस उद्घोष के साथ। जीवन में अब तक उनका दूसरा ठिकाना जेल बन गया था। अब वह 80 वर्ष में प्रवेश कर रहे हैं और समाजवादी आंदोलन का दिया जलाए हुए हैं। वह न कभी चुनाव लड़े और न कोई शासकीय पद लिया। जनसरोकार से जुड़ी ऐसी शख्सियत को बधाई देने वालों का हुजूम गांधी भवन में इकट्ठा रहा।

इस मौके पर आयोजित आशीर्वचन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं सपा के राष्ट्रीय सचिव अरविन्द कुमार सिंह गोप ने कहा कि राजनाथ शर्मा सिविल नाफरमानी के योद्धा हैं। ना मानेंगे, ना मारेंगे उनके जीवन का सूत्र है। वह समाजवाद के अभिलेखागार हैं। अगर आप समाजवाद को जानना समझना चाहते हैं। तो उन्हें खंगालना पड़ेगा। राजनाथ शर्मा वह जिन्दा कौम है जो पांच साल इन्तजार नहीं करती। वह जब सत्ता में रहते हैं। तब भी सड़क पर संघर्ष के हिमायती है। यह उनकी पहचान है। पूर्व प्रशासक सुधेश कुमार ओझा ने कहा कि राजनाथ शर्मा से मिलना सदा प्रेरणादायी और ऊर्जा दायक होता है। देश और दुनिया को देखने की समझ भी बढ़ती है। 80 वर्ष की उम्र में उनकी याददाश्त, उत्साह और कार्यक्षमता ज्यों की त्यों कायम है, जो सभी को आश्चर्यचकित करती है। आचार्य नरेन्द्र देव समाजवादी संस्थान के संयुक्त सचिव नवीन तिवारी ने कहा कि राजनाथ जी ने समाजवादियों का जीवन कैसा होना चाहिए इसका आदर्श देश और दुनिया के सामने रखा है। वह किसी भी सार्वजनिक कार्य के लिए पैसा इकट्ठा करने की अद्भुत क्षमता और कौशल रखते हैं। सभा की अध्यक्षता कर रहे पूर्व विधायक सरवर अली ने कहा कि राजनाथ शर्मा समाजवादी आंदोलन के उतार और चढ़ाव के साक्षी और भागीदार रहे हैं। इसके बावजूद भी उनके मन में कभी निराशा पैदा नहीं हुई। उन्होंने समाजवाद को नई दिशा प्रदान की। उनकी सोंच और समाजवादी विचार युवा पीढ़ी को दिशा प्रदान करते रहेंगे। उन्होने सही मायने में समाजवाद को अपने जीवन का आधार बनाया। बिना किसी लोभ, पद, सम्पत्ति के राजनीति में दूसरों के हक की लड़ाई को लड़ा। वह भारतीय समाजवादी आन्दोलन के ईमानदार सोशलिस्ट लीडर माने जाते रहेंगे। सभा का संचालन पाटेश्वरी प्रसाद ने किया। इस मौके पर राजनाथ शर्मा, साहित्यकार अजय सिंह गुरूजी, पूर्व विधायक शिवकरन सिंह, राना प्रताप सिंह, मलिक जमाल युसूफ, हुमायूं नईम खान, अदिति शर्मा, आद्या शर्मा ने संबोधित किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व सांसद डॉ. पी.एल पुनिया, पूर्व ब्लाक प्रमुख विवेकानंद पाण्डेय, भाजपा नेता मनीष शुक्ला, भरत लाल सिंह, वरिष्ठ पत्रकार सुरेश बहादुर सिंह, राजीव ओझा, अशोक

# जीजा व बहन की प्रताड़ना से तंग आकर साली ने लगाई फंसी मेडिकल कॉलेज में भर्ती

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। बड्डूपुर थाना क्षेत्र में बहन और बहनोई की प्रताड़ना से तंग आकर युवती ने अपने घर में रस्सी के सहारे लगाई फांसी परिजनों के शोर मचाने पर पहुंचे पड़ोसियों ने रस्सी काटकर युवती को नीचे उतरकर कोतवाली पहुंचा गंभीर हालत देखकर हरकत में आई कोतवाली बड्डूपुर पुलिस ने जिला अस्पताल भेजा जहां हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया जहां हालत चिंताजनक बनी हुई है। बड्डूपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मसूदाबाद मजरे खिझना निवासी श्री देवी 20 वर्ष पुत्री वीपति अपनी बड़ी बहन बहनोई की प्रताड़ना से तंग आकर शनिवार शाम के समय घर में प्लास्टिक की रस्सी के सहारे फांसी लगा ली लटकता देखकर परिजनों ने शोर मचाया मौके पर पहुंचे पड़ोसियों ने लटक रही युवती को रस्सी काट कर नीचे उतारा परिजनों द्वारा घरेलू रिक्शा पर लादकर कोतवाली पहुंचे गंभीर अवस्था में देखकर पुलिस के हाथ पांव फूल गए तत्काल जिला अस्पताल भेजा जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया जहां हालत गंभीर बनी हुई है इस संबंध में कोतवाली प्रभारी ज्योति वर्मा ने बताया घरेलू कलह के चलते युवती ने फांसी लगाया था मेडिकल कॉलेज में आईसीयू में भर्ती कराया गया डॉक्टर ने बताया कि तीसरे दिन में खतरे से बाहर हो सकती है।

### युवती श्री देवी को क्यों लगाना पड़ा फांसी

श्रीदेवी के पिता वीपति गौतम का विवाह नहीं हो रहा था उन्होंने शिवरानी नाम की एक महिला के साथ विवाह कर लिया। जिस महिला के साथ वीपति गौतम विवाह किया उस महिला के पास पहले से लक्ष्मी देवी नाम की एक पुत्री थी। जिसको शिवरानी अपने साथ लेकर आई थी। कुछ साल बीतने पर वीपति के द्वारा शिवरानी ने क्रमशः रामदेवी, श्रीदेवी, गुड़िया नाम की तीन पुत्रियों को जन्म दिया इस तरह से पहले से एक मौजूद लक्ष्मी देवी पुत्री को मिलाकर वीपति के घर में चार पुत्रियां हो गई। शिवरानी ने जिस पुत्री को अपने साथ लेकर आई थी। वीपति ने उसका विवाह बड्डूपुर थाना क्षेत्र के टड़वा गदमानपुर निवासी कंधई गौतम के साथ कर दिया था। कुछ साल बीतने के बाद कन्हाई ने वीपति के द्वारा पैदा की गई पुत्री रामदेवी का विवाह करवा दिया। रामदेवी के ससुराल वालों के द्वारा दी गई जेवरात को कन्हाई ने अपने पास रख लिया जिसको वह आज तक नहीं दिया। अभी कुछ माह पूर्व वीपति की पत्नी शिवरानी की तबीयत खराब हुई। जिसका लखनऊ के डॉक्टर ने भारत सरकार के द्वारा लागू आयुष्मान कार्ड के माध्यम से ऑपरेशन करके ठीक कर दिया। कंधई अपनी सास के ऑपरेशन में श्रीदेवी से 20हजार रुपया आए दिन मांग करता था। कन्हाई को पैसा ना मिलने पर श्रीदेवी सहित माता-पिता को आए दिन मारता पीटता था। दामाद कंधई गौतम अपनी पत्नी लक्ष्मी देवी के साथ आए दिन सास ससुर व साली श्रीदेवी के ऊपर अपने नाम जमीन लिखवाने के लिए दबाव बनाता रहता था। शनिवार के दिन कन्हाई अपनी पत्नी लक्ष्मी देवी के साथ अपने ससुराल मसूदाबाद को पहुंचा और सास ससुर तथा साली श्रीदेवी के ऊपर दबाव बनाने लगा। श्रीदेवी ने बहन लक्ष्मी देवी व जीजा कन्हाई की प्रताड़ना से तंग आकर टीन सेड बने घर में प्लास्टिक की रस्सी के सहारे फांसी लगा कर आत्महत्या करने का प्रयास किया।

# भाजपा युवा मोर्चा करेगा नमो युवा सम्मेलन: हर्षवर्धन सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी।भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा हैदरगढ़ विधानसभा में आगामी 24 अप्रैल को होने वाले नमो युवा सम्मेलन की तैयारी बैठक का आयोजन सुबेहा मंडल में सराय चंदेल स्थित श्री चंद्र चूर्ण सिंह इंटर कॉलेज में किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि भाजयुमो प्रदेश महामंत्री हर्षवर्धन सिंह उपस्थित रहें बैठक में युवाओं को संबोधित करते हुए बताया कि आगामी 24 अप्रैल को लोकसभा स्तर पर युवा मोर्चा विशाल नमो युवा सम्मेलन करने जा रहा है सम्मेलन में मुख्य अतिथि के तौर पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व नोयडा विधायक पंकज सिंह युवाओं को संबोधित करेंगे शक्तिकेन्द्र स्तर पर बैठक कर योजना बनानी है शक्तिकेन्द्र के अंतर्गत जितने बूथ आते है हर बूथ से 10-10 युवाओं को लाने की जिम्मेदारी युवा मोर्चा की है लोकसभा चुनाव में युवाओं के ऊपर बहुत बड़ी जिम्मेदारी है भाजयुमो जिलाध्यक्ष रोहित सिंह ने संबोधित करते हुए बताया कि सभी तैयारी पूर्ण कर ली गयी है सभी शक्तिकेन्द्र स्तर पर टीम बन गयी है पांचों विधानसभा के विधानसभा प्रवासी बनाया गया सम्मेलन में संख्या लाने की जिम्मेदारी प्रमुख लोगो को तय कर दी गयी इस अवसर पर सर्वेश अवस्थी,प्रमोद गोस्वामी, अमित मिश्र अरुण रावत नवनीत मिश्र सूरज भान कुलदीप सैनी अभिनव सिंह, रवि तिवारी सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित रहें।

# ग्राम पंचायत सदस्य महासभा ने राजरानी को सहयोग का दिलाया भरोसा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। ग्राम पंचायत सदस्य महासभा उत्तर प्रदेश के मुख्य संगठन मंत्री ध्रुव कुमार सिंह की अगुवाई में रविवार सुबह महासभा के एक प्रतिनिधि मंडल ने बाराबंकी की भाजपा उम्मीदवार राजरानी रावत से शिष्टाचार भेंटकर उनके चुनाव में पूर्ण रूप से सहयोग का आश्वासन दिया। तो वहीं राजरानी रावत ने महासभा का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महासभा प्रदेश मीडिया प्रभारी दीपक सिंह सरल,बाराबंकी युवा जिलाध्यक्ष अजमत अली,राजकरण रावत, मोहम्मद सादाब, विनय वर्मा संगठन सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे।

# संदिग्ध अवस्था मे वृद्धा का क्षत विछत शव कमरे मे मिलने से मचा हड़कंप

## दरियाबाद के मथुरानगर गांव का मामला



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। रविवार की दोपहर घर के अंदर से एक बुजुर्ग महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची दरियाबाद पुलिस ने शव को। कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।दरियाबाद थाना क्षेत्र के मथुरानगर गांव में रविवार की दोपहर शर्मावती 60 वर्षीय पत्नी पूतान का शव मिलने की सूचना से तब हड़कंप मच गया।

जब मृतका की बहु रीमा पत्नी मनोज निवासी दुल्हदेपुर कोतवाली रामसनेहीघाट अपनी ननद के साथ सास को खोजने आई तो घर के दरवाजे पर जाकर देखा तो घर के अंदर से दुर्गंध आ रही थी जिसकी सूचना रीमा ने 112 पुलिस को दी।

मौके पर पहुंची पीआरबी ने जब दरवाजा तोड़ कर देखा तो अंदर चारपाई पर महिला का शव क्षत-विक्षत अवस्था में दिखा प्रत्यक्षदर्शीयों की माने तो शव सड़ चुका था और शव में कीड़े भी लग चुके थे। सूचना कोतवाली दरियाबाद को दी गई। मौके पर पहुंचे थाना अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार आजाद ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### पति की मृत्यु के बाद से अपने मायके मे वर्षों से रह रही थी मृतका

एक सप्ताह पूर्व से महिला का नहीं था पता मृतक शर्मावती के पोते शौर्य का मुंडन बीते 17 अप्रैल को था तो मुंडन का निमंत्रण लेकर 15 अप्रैल को परिजन मथुरानगर आए थे। तब भी सर्मावती घर पर नहीं मिली तो परिजनों ने निमंत्रण का कार्ड दरवाजे के अंदर से डाल कर चले गए। रविवार को जब मृतका की लालपुर निवासी पुत्री नीलम मथुरानगर आई तो दरवाजे के पास जाकर देखा तो घर के अंदर से दुर्गंध आ रही थी और दरवाजा अंदर से बंद था। जिसकी सूचना पुलिस को दी । मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वैसे शर्मावती का विवाह दुल्हदेपुर में हुआ था लेकिन पति की मौत के बाद शर्मावती अपने मायके मथुरानगर में अपने मां के घर में रह रही थी। थानाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार आजाद ने बताया पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम को भेजा गया। आगे की कार्रवाई पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर की जाएगी।

### गौ पूजन के साथ सम्पन्न हुआ भगवान श्री अभयेश्वर महादेव स्थापना दिवस



बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता।नगर पंचायत बंकी का सैकड़ो वर्ष प्राचीन वन कुटी नाम से विख्यात श्री अभय सन्यास आश्रम का दो दिवसीय वार्षिक महोत्सव विधि-विधान पूर्वक सम्पन्न हुआ। जिसमें हजारों भक्तो ने पहुंच कर ईश्वर का आशीर्वाद प्राप्त करके प्रसाद ग्रहण किया। बाराबंकी शहर से सटी नगर पंचायत बंकी स्थित प्राचीन भगवान श्री अभयेश्वर महादेव आश्रम का स्थापना दिवस वार्षिक उत्सव के रूप में मनाया जाता है। परम पूज्य स्वामी प्रणवानन्द सरस्वती महाराज की उपस्थित में चैत्र शुक्ल त्रयोदशी के दिन अभयेश्वर महादेव का स्थापना दिवस के उत्सव की शुरुआत बीती शाम श्री रामचरित मानस के पाठ से हुई। रविवार सवेरे लघु रुद्राभिषेक व पादुका पूजन हुआ, जिसके बाद प्रवचन और फिर गौ पूजन के साथ वार्षिक पूजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम विशाल भंडारे के साथसमापन हुआ।

### शीतला माता मंदिर मे अपर गवर्नमेंट एडवोकेट ने की बैठक



दरियाबाद बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता।दरियाबाद शीतला माता मंदिर पर अपर गवर्नमेंट एडवोकेट उच्च न्यायालय सत्येन्द्र ने बिबिध श्रेणी बैठक में उक्त बात कही।स्वस्थ लोकतन्त्र के लिए मतदान बहुत आवश्यक है।मतदान राष्ट्र प्रथम के आधार पर होना चाहिए।अयोध्या कीपहचान सम्पूर्ण विश्व में हो चुकी है।मतदान धर्म, सम्प्रदाय जाति से ऊपर सुरक्षा, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के आधार पर होना चाहिए। प्रोफ़ेसर रमापति मिश्र ने कहा कि आज भारत का नाम,सम्मान दुनिया में बढ़ा है अतैव अफवाहो पर ध्यान न करके मतदान पर ध्यान देना चाहिए।

# बिना हेलमेट पहिने गाड़ी न चलाओ बीरना : गोपालदास

## यातायात सुरक्षा व बालिका शिक्षा गीत सुनकर लोग हुए मंत्रमुग्ध

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। विकासखंड देवा के भड़रिया आश्रम हनुमान मंदिर पर चल रही नौ दिवसीय भागवत कथा के सातवें दिन लखनऊ जनपद स्थित मवई कुटी के महंत व सुप्रसिद्ध कथा व्यास गोपाल दास जी महाराज ने बालिका शिक्षा पर आधारित गीत बहना मानो बात हमारी,यारी शिक्षा से करो,सुनाकर जहाँ बालिकाओं को शिक्षा के प्रति प्रेरित किया वहीं यातायात सुरक्षा सम्बन्धित गीत बिना हेलमेट पहने गाड़ी न चलाओ बीरना, सुनाकर यातायात नियमों के बारे में भी आमजनमानस को विस्तार पूर्वक जानकारी दी।जनकल्याण किसान एसोसिएशन के प्रमुख धर्म कुमार यादव द्वारा रचित व एक सुप्रसिद्ध कथा व्यास के मृदुलमयी स्वरों द्वारा सुनाये गए उक्त दोनों जागरुकता गीत आज पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बने हुए है।इसके अलावा कथा व्यास ने राजा दशरथ का मरण हुआ लेकिन उनकी मुक्ति नही हुई इस प्रसंग को विस्तारपूर्वक लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।इस अवसर पर मुख्य रूप से कार्यक्रम संयोजक कथावाचक राम प्रवेश यादव,जनकल्याण किसान एसोसिएशन के चेयरमैन धर्म कुमार यादव, राजेंद्र यादव,जीवन लाल,राम रतन,राजेंद्र प्रसाद,रमेश चंद्र यादव साहित सैकड़ो महिला पुरुषों ने भागवत कथा का रसास्वादन किया।

### पुलिस कार्रवाई से हड़कम्प , गाड़ियों से उतरवाई गई काली फ़िल्म

हैदरगढ़ बाराबंकी : सफर करते समय यातायात नियमो का पालन अनिवार्य रूप से करे क्योकि सड़क सुरक्षा हमारी जागरूकता पर ही निर्भर है उक्त बात थानाध्यक्ष अंकित त्रिपाठी में चेकिंग अभियान के दौरान कही । लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सक्रिय पुलिस बल ने आज थानाध्यक्ष लोनीकटरा श्री अंकित त्रिपाठी की अगुवाई में तिलोकपुर मोड़ , हाइवे , पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के समीप ताबड़तोड़ चेकिंग लगाई , वाहनों की संघन चेकिंग के साथ ही काली फ़िल्म भी उतरवाई । एसओ श्री त्रिपाठी ने आगे कहा यह कार्रवाई आगे भी चलती रहेगी ।

# विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने का चुनाव: अवनीश सिंह

## सैकड़ों ने ग्रहण की भाजपा की सदस्यता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। एमएलसी व जिला प्रभारी अवनीश सिंह पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पहले पांच वर्ष देश की उम्मीदों का कार्यकाल था जबकि उनके दूसरे कार्यकाल में देश की जनता ने भ्रष्टाचार पर करारा प्रहार के साथ ही विरासत पर गर्व की अनुभूति का एहसास कराया।मोदी सरकार में हुआ चहुंमुखी विकास और पारदर्शी सुशासन ने लोकतंत्र के प्रति देशवासियों में अटूट विश्वास उत्पन्न किया। जिला प्रभारी रविवार को ढिढौरा गांव स्थित एक कोल्ड स्टोरेज में आयोजित होली मिलन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।कहा कि लोकसभा का यह चुनाव मोदी की गारंटी का चुनाव है।देश की जनता नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने एवम विकसित भारत का सपना पूरा करने के लिए वोट करने जा रही है।कहा कंग्रेस की सुप्रीमो सोनिया गांधी अपने पुत्र राहुल को लॉन्च करने के लिए जबकि बाराबंकी में पीएल पुनिया अपने पुत्र को पांचवी बार लॉन्च करने के प्रयास में जुटे हैं।कहा जिस प्रकार जनता ने कंग्रेस को भारत में आइना दिखाया है उसी प्रकार जिले की जनता भी इंडी गठबंधन के प्रत्याशी को करारा जवाब देगी।कहा 2017 से पहले प्रदेश में दंगाइयों के आतंक के चलते पीड़ितों का पलायन होता था,मगर योगी के कार्यकाल में प्रदेश से गुंडे,माफिया पलायन करने को मजबूर हैं।मुख्य अतिथि ने विभिन्न दलों से भाजपा में आए लोगों को अंगवस्त्र और पुष्पगुच्छ देकर अभिनंदन किया।एमएलसी अंगद सिंह ने कहा कि भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वालों के कारण भाजपाई कुनबा और मजबूत हो गया है। कहा कि विभिन्न दलों से भाजपा में आने वालों की जिम्मेदारी बनती है कि वे सभी अपने बूथों पर 2019 के तुलना में और अधिक वोट भाजपा के पक्ष में डलवाने का काम करेंगे।इस अवसर पर डॉक्टर राम कुमारी मौर्य, संदीप गुप्ता ,विजय आनंद बाजपेई, सत्यप्रकाश वर्मा, नेहा आनंद,पूजा सिंह लवली रावत,

वेद प्रकाश रावत,धर्मेंद्र यादव,तेज प्रताप सिंह,राम नारायण रावत,गुलाब सिंह रावत,पुनीत मिश्रा,प्रदीप रावत मौजूद रहे।

### इन्होंने ग्रहण की भाजपा की सदस्यता।

विभिन्न दलों से जुड़े तमाम प्रधान,डीडीसी,बीडीसी,पूर्व सैनिकों सहित सैकड़ों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

सदस्यता ग्रहण करने वालों में प्रधान विपिन वर्मा,दिनेश रावत,अजय वर्मा,जगदीश रावत,राजेंद्र कुमार, महेंद्र वर्मा,राकेश कुमार वर्मा,लवलेश वर्मा,प्रेम वर्मा,डीडीसी राजीव कुमार राजू,बीडीसी राम देव पाल,पूर्व सैनिक यादवेंद्र सिंह,अखिलेंद्र प्रताप सिंह,पवन सिंह,सूबेदार सिंह रामराज यादव,रईस अहमद आदि शामिल हैं।

# झूलते तारों से निकली चिंगारी ने किसानों के मुंह का छीना निवाला



कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामसनेहीघाट बाराबंकी। असंद्रा थाना क्षेत्र के दो गांवों में शार्ट सर्किट से किसानों के गेहूं जलकर खाक हो गए, प्राप्त जानकारी मुताबिक रविवार की दोपहर में खेत से निकले झूलते तारों से हुए शार्ट सर्किट से तहसील रामसनेहीघाट क्षेत्र के टिकरा गांव निवासी जनार्दन सिंह व रामशंकर सिंह का छः छः बीघे पुनीत सिंह का 5 बीघा व मुश्ताक अली का डेढ़ बीघा जो कि टिकरा गांव निवासी गोकुल यादव का खेत बटाई ले रखा था जल कर खाक हो गया प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि सबसे पहले गोकुल यादव के खेत में झूलते तारों के आपस में टकराने से निकले आग के गोले से नीचे खेतों में आग भड़क उठी और देखते-देखते करीब करीब पांच एकड़ गेहूं जलकर खाक हो गया ग्रामीणों की सूचना देने के करीब एक घंटे बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची तब तक फसल खाक हो गई, उपजिलाधिकारी रामसनेही घाट ने बताया कि राजस्व कर्मियों को भेज कर नुकसान का आकलन करवाया जाएगा किसानों की हर संभव मदद की जाएगी,

वही थाना क्षेत्र के ही लकड़िया गांव में शार्ट सर्किट से लगी आग से विंदुवती का तीन बीघे, रामप्रताप व रन बहादुर का दो दो बीघे व श्यामू का ढाई बीघे गेहूं जल कर खाक हो गई लेखपाल अखिलेश श्रीवास्तव ने लकड़िया व धारूपुर ग्राम सभा में कृषकों के नुकसान का आकलन किया।

### भाकियू चढ़ूनी जिला ईकाई बाराबंकी के तत्वावधान में रक्तदान शिविर आयोजित



रामसनेही घाट बाराबंकी।भाकियू चढ़ूनी के जिलाध्यक्ष शांति भूषण सिंह वीरेन्द्र की अगुवाई में जिला अस्पताल की पैथोलॉजी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 15 किसानों ने रक्तदान करने के लिए अपना पंजीकरण करवाया जिसमें 11 किसानों ने रक्तदान किया रक्तदाताओं में शांति भूषण सिंह वीरेन्द्र जगदम्बा प्रसाद यादव संतोष कुमार यादव नन्दन कुमार यादव सनद कुमार वर्मा अमरसिंह वर्मा अमरेश कुमार शिवकुमार सिंह निजामुद्दीन ज्ञानेंद्र कुमार वर्मा रेनू श्रीवास्तव ने रक्तदान कर महादानी बनने का गौरव हासिल किया, इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष उमेश वर्मा डा0 बिनोद पाल सिंह प्रभारी ब्लड बैंक डा0 गौरव सिंह पैथालोजिस्ट संदीप वर्मा प्रदेश प्रभारी प्रेम चंद तिवारी जिलाउपाध्यक्ष जिला प्रभारी विपिन वर्मा गुड़िया देवी ममता रावत जिलाध्यक्ष महिला ज्योति गौतम तहसील अध्यक्ष महिला नबाबगंज आदि मौजूद रहे।

## मुंबई इंडियंस की निगाहें राजस्थान रॉयल्स से बदला चुकता करने पर

एजेंसी



जयपुर। मुंबई इंडियंस की टीम सोमवार को जब यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में तालिका में शीर्ष पर चल रही राजस्थान रॉयल्स से भिड़ेगी तो उसकी निगाहें अपनी गेंदबाजी खामियों को दूर करके मेजबान टीम से बदला चुकता करने पर लगी होंगी। पिछले चार मैच में तीन जीत से मुंबई इंडियंस की टीम उबरने की राह पर चल रही है और सत्र की खराब शुरूआत के बाद अंक तालिका में छठे स्थान पर पहुंच गयी है जबकि राजस्थान रॉयल्स की टीम तूफानी रफ्तार से आगे बढ़ते हुए 12 अंक लेकर शीर्ष स्थान पर काबिज है। पांच बार की चैम्पियन मुंबई ने पिछले मैच में आशुतोष शर्मा के अंत में लगाये गये अर्धशतक के बावजूद पंजाब किंग्स के खिलाफ नौ रन से जीत हासिल की थी। एक बार फिर जसप्रीत बुमराह ने जिम्मेदारी अपने कंधों पर उठायी और तीन विकेट झटके। भारत के इस स्टार तेज गेंदबाज ने नयी गेंद से चमकदार प्रदर्शन किया और ज्यादा रन लुटाये बिना ही ये विकेट हासिल किये। बुमराह 13 विकेट लेकर इस आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट चटकाने वाले गेंदबाजों की सूची में शीर्ष पर हैं। उनका इकोनोमी रेट भी दूसरे सर्वश्रेष्ठ नंबर पर है और उन्होंने छह रन से भी कम रन गंवाये हैं। जहां वह शानदार गेंदबाजी कर रहे हैं तो वहीं उनके साथी गेंदबाज ऐसा करने में जूझ रहे हैं। गेराल्ड कोएत्जी ने भी 12 विकेट लेकर प्रभावित किया है लेकिन उन्होंने काफी ज्यादा रन लुटाये हैं। आकाश मधवाल और कप्तान हार्दिक पंड्या अनिरंतर रहे हैं। श्रेयस गोपाल ने अभी तीन मैच खेले हैं और प्रत्येक में एक एक विकेट झटका है। मुंबई इंडियंस को अपने अफगानिस्तान के अनुभवी आल राउंडर मोहम्मद नबी के बतौर गेंदबाज अनुभव का इस्तेमाल करने की जरूरत है। बल्लेबाजी में पूर्व कप्तान रोहित शर्मा का शानदार शतक सुर्खियों में रहा है लेकिन इसके बावजूद टीम हार गयी थी। वहीं ईशान किशन भी निरंतर प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। हार्दिक ने भी अभी तक प्रभावित नहीं किया है जबकि तिलक वर्मा ने इन सबकी तुलना में अच्छा किया है। मुंबई इंडियंस के लिए सबसे बड़ी सकारात्मक चीज सूर्यकुमार यादव की फॉर्म में वापसी है। पंजाब किंग्स के खिलाफ उनकी 53 गेंद में 78 रन की पारी मुंबई इंडियंस के लिए अहम रही और अगर वह लय में आ जायें तो किसी भी आक्रमण की धज्जियां उड़ा सकते हैं। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पिछले मैच में मुंबई इंडियंस की हालत काफी खराब रही थी जिसमें ट्रेंट बोल्ट ने उनके तीन शीर्ष क्रम बल्लेबाजों को खाता भी नहीं खेलने दिया था और यह अनुभवी तेज गेंदबाज फिर से उनके लिए बड़ा खतरा होगा। आवेश खान को अंतिम ओवर में गेंदबाजी की जिम्मेदारी दी गयी है और उन्होंने इसे बखूबी निभाया है। कुलदीप सेन ने भी अपना कौशल दिखाया है लेकिन उन्हें अपने इकोनोमी पर काम करने की जरूरत है। लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल 12 विकेट के साथ राजस्थान रॉयल्स के गेंदबाजी विभाग के सबसे महत्वपूर्ण खिलाड़ी हैं, हालांकि ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन जूझते दिखे हैं। राजस्थान के लिए रियान पराग उनके सत्र के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज रहे हैं।

## सनराइजर्स हैदराबाद से करारी शिकस्त के बाद आमरे ने कप्तान पंत के फैसलों का बचाव किया

एजेंसी

नयी दिल्ली। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ बड़े स्कोर वाले मैच में 67 रन की करारी शिकस्त का सामना करने के बाद दिल्ली कैपिटल्स के सहायक कोच प्रवीण आमरे टीम के कप्तान ऋषभ पंत के टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण करने के साथ ललित यादव से शुरुआती ओवरों में गेंदबाजी करने जैसे फैसलों का बचाव किया। सनराइजर्स हैदराबाद ने सात विकेट पर 266 रन बनाने के बाद दिल्ली की पारी को 19.1 ओवर में 199 रन पर समेट कर 67 रन से बड़ी जीत दर्ज की। सनराइजर्स के सलामी बल्लेबाजों ने छह ओवर में रिकॉर्ड 125 रन बनाकर टीम को आक्रामक शुरुआत दिलायी। पंत ने पारी का दूसरा और चौथा ओवर ललित यादव से डलवाया जिन्होंने दोनों ओवर में 21-21 रन लुटाये। इस दौरान उनके खिलाफ पांच छक्के और दो चौके लगे। आमरे ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में टॉस जीतने के बाद पहले क्षेत्ररक्षण करने के फैसले का बचाव करते हुए कहा, ''हम कल जब अभ्यास के लिए आये थे तो मैदान पर ओस थी लेकिन आज ऐसा कुछ भी नहीं था। हमें ऐसी बल्लेबाजी का श्रेय (ट्रेविस) हेड को देना होगा। छह ओवर में 125 रन, यह पावर प्ले का रिकॉर्ड है। हेड और अभिषेक (शर्मा) ने शानदार बल्लेबाजी की। कुलदीप ने मैच में कुछ हद तक हमारी वापसी करायी।'' उन्होंने पावरप्ले में ललित से गेंदबाजी करने के फैसले पर कहा, ''हम यह देख रहे थे एसआरएच के सलामी बल्लेबाजों को कौन रोक सकता है। दूसरी टीमों के तेज गेंदबाजों को भी उन्हें रोकने में परेशानी हो रही है।'' दिल्ली के सहायक कोच ने कहा, ''हमारी सोच यह थी कि ललित स्थानीय खिलाड़ी है और उसे पिच के बारे में ज्यादा अच्छे से पता है। ऐसे में हम एक मौका लेना चाहते थे लेकिन जिस तरह से अभिषेक शर्मा ने स्पिनरों का सामना किया मुझे लगता है कि उसे श्रेय दिया जाना चाहिये। एक सोच यह भी थी ऑफ स्पिनर बायें हाथ के दो बल्लेबाजों के खिलाफ प्रभावी होगा। यह किसी जुऐ की तरह था जो नहीं चला।'' उन्होंने कहा कि लक्ष्य का पीछा करते समय अगर जैक फ्रेजर गुर्क दो और ओवर तक क्रीज पर रहते तो इसका रुख उनकी टीम की तरफ मुड़ सकता था। गुर्क ने महज 18 गेंद में पांच चौके और सात छक्के की मदद से 65 रन बनाकर सनराइजर्स के गेंदबाजों को सकते में डाल दिया था। उन्होंने कहा, '' हमने जिस तरह का जज्बा दिखाया वह शानदार था। जैक फ्रेजर गुर्क अगर दो और ओवर बल्लेबाजी करते तो मुझे लगता है कि हम मैच में बने रहते। उन्होंने सात छक्के लगाये। अभिषेक पोरेल ने भी अच्छी बल्लेबाजी की। 10 ओवर के बाद हमारे लिए जरूरी रन गति 11 रन (13.8) के आस पास थी और इसे हासिल किया जा सकता था।'' उन्होंने सनराइजर्स के बायें हाथ के तेज गेंदबाज टी नटराजन की तारीफ की जिन्होंने बीच के ओवरों में रन गति पर अंकुश लगाने के साथ चार विकेट चटकाये। नटराजन ने 19 रन खर्च कर चार विकेट लिये। आमरे ने कहा, '' इस तरह की पिच पर 20 रन से कम खर्च कर चार विकेट झटकना किसी गेंदबाज के लिए कमाल का प्रदर्शन था। यह पिच बल्लेबाजी की मुफीद थी लेकिन उसने गेंदबाजी में अच्छा कौशल दिखाया।'' पंत बल्लेबाजी के लिए छठे क्रम पर आये लेकिन वह तेजी से रन बनाने में संघर्ष करते दिखे।

## प्रतिद्वंद्वी टीम के मुख्य गेंदबाजों को ध्यान में रख तैयारी करने का फायदा मिला: अभिषेक शर्मा

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 12 गेंद में 46 रन की विस्फोटक पारी खेल सनराइजर्स हैदराबाद की बड़ी जीत की नींव रखने वाले सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने कहा कि आईपीएल में प्रतिद्वंद्वी टीम के मुख्य गेंदबाजों को ध्यान में रख कर तैयारी करने का उन्हें काफी फायदा मिला है। अभिषेक ने शनिवार को यहां ट्रेविस हेड (32 गेंद में 89 रन) के साथ महज 38 गेंद में 131 रन की साझेदारी के दौरान पावरप्ले में 125 रन बनाने का रिकॉर्ड भी कायम किया। इस शानदार शुरुआत से सनराइजर्स हैदराबाद ने सात विकेट पर 266 रन बनाने के बाद दिल्ली की पारी को 19.1 ओवर में 199 रन पर समेट कर 67 रन से बड़ी जीत दर्ज की। उन्होंने अपनी पारी में छह छक्के लगाये जिसमें चार छक्के कुलदीप की गेंद पर आये। उन्होंने कहा कुलदीप की गेंदबाजी का वीडियो देखने से उन्हें फायदा हुआ। अभिषेक ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, '' मैं व्यक्तिगत तौर पर स्पिनरों और विरोधी टीम के मुख्य गेंदबाजों के मुताबिक तैयारी करता हूं। इस साल भी मैंने कुलदीप के खिलाफ खेलने की तैयारी की थी क्योंकि वे उनके मुख्य गेंदबाज है। मैं उनका वीडियो देखता हूं। मैं अभ्यास सत्र में विरोधी टीम के गेंदबाजों की तरह गेंद डालने वाले किसी गेंदबाज के खिलाफ अभ्यास करने पर ध्यान देता हू। इससे काफी फायदा होता है।'' अपनी पारी में छह छक्के जड़ने वाले इस वामहस्त बल्लेबाज ने कहा कि उनकी मौजूदा लय उस कड़ी मेहनत का नतीजा है जो उन्होंने पिछले कुछ महीनों में की है। उन्होंने कहा, ''आईपीएल से पहले मैंने कड़ी मेहनत की थी। सैयद मुश्ताक ट्रॉफी (घरेलू टी20 टूर्नामेंट) में भी मैंने काफी मेहनत की थी इससे मुझे काफी फायदा हो रहा है।'' अभिषेक ने कहा कि वह काफी समय से हेड के प्रशंसक रहे है और उनके साथ बल्लेबाजी करने का अनुभव शानदार रहता है। हेड ने अपनी 32 गेंद की पारी में 11 चौके और छह छक्के लगाये। अभिषेक ने कहा, '' ट्रेविस को बल्लेबाजी करते देखना काफी मनोरंजक होता है। हम मैदान के बाहर भी आपस में काफी बातें करते है। वह ऐसे खिलाड़ी है जिसका मैं अनुसरण करना चाहता हूं। पंजाब ( राज्य क्रिकेट टीम) के मेरे साथी जानते है कि मैं तीनों प्रारूप में हेड की बल्लेबाजी का सम्मान करता हूं।

## हॉकी इंडिया ने ओलंपिक से पहले पुरुष शिविर के लिए 28 सदस्यीय कोर संभावित ग्रुप की घोषणा की

एजेंसी



नयी दिल्ली। हॉकी इंडिया ने रविवार को पेरिस ओलंपिक से पहले अपनी कमियों को दूर करने के लिये पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 28 सदस्यीय कोर संभावित ग्रुप की घोषणा की। शिविर बेंगलुरु के साइ केंद्र में रविवार से शुरू होकर 13 मई तक चलेगा। भारतीय टीम आस्ट्रेलिया में पांच मैच की टेस्ट श्रृंखला में मिली 0-5 की हार के बाद शिविर में लौटेगी। इस शिविर के बाद भारतीय टीम एफआईएच प्रो लीग के अपने अगले दो चरण के लिए बेल्जियम और लंदन की यात्रा करेगी जिसमें उसका सामना अर्जेंटीना, बेल्जियम, जर्मनी और ब्रिटेन से होगा। हॉकी इंडिया की विज्ञप्ति में मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा, ''हम इस शिविर में ट्रेनिंग का महत्वपूर्ण चरण शुरू करना चाहते हैं और हमें सुनिश्चित करने की जरूरत है कि पेरिस 2024 ओलंपिक से पहले हम सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में हों। हमारे पास कुछ युवा खिलाड़ियों के साथ अनुभवी खिलाड़ियों का अच्छा ग्रुप है। उन्होंने कहा, ''आस्ट्रेलिया दौरे से हमें यह समझने में मदद मिली कि हमें कहां काम करने की जरूरत है और मेरा हमेशा मानना है कि हम अपनी कमियों पर काम कर सकते हैं और प्रो लीग के अंतिम चरण और पेरिस 2024 ओलंपिक से पहले चीजों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं। राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के कोर ग्रुप में गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक, पीआर श्रीजेश, सूरज करकेरा और डिफेंडर हरमनप्रीत सिंह, जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, जुगराज सिंह, संजय, सुमित और अमीर अली शामिल हैं। मिडफील्डरों में मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद, रबीचंद्र सिंह मोइरंगथेम, शमशेर सिंह, नीलकंठ शर्मा, राजकुमार पाल, विष्णुकांत सिंह मौजूद हैं। फॉरवर्ड की सूची में आकाशदीप सिंह, मनदीप सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, अभिषेक, दिलप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह, गुरजंत सिंह, मोहम्मद राहील मौसीन, बॉबी सिंह धामी और अरजीत सिंह हुंदल शामिल हैं।

## खुदरा निकाय पोको के व्यावसायिक व्यवहारों पर सरकार से हस्तक्षेप की मांग करेगा

एजेंसी



हैदराबाद। दक्षिण भारतीय संगठित खुदरा विक्रेता संघ (ओआरए) ने कहा है कि वह शाओमी के उप-ब्रांड पोको के व्यावसायिक व्यवहारों के संबंध में केंद्र सरकार से हस्तक्षेप की मांग करेगा। संगठन का आरोप है कि सेल फोन विनिर्माता कंपनी मुख्यधारा के वितरण नेटवर्क को फोन की आपूर्ति करने से बच रही है। ओआरए ने एक बयान में दावा किया कि पोको ऑनलाइन और तथाकथित रूप से अवैध चैनलों के माध्यम से उत्पाद तक उपभोक्ताओं की पहुंच कायम कर खर्च कम करने की कोशिश कर रही है। खुदरा निकाय ने यह भी कहा कि पोको भारत में रोजगार सृजन में योगदान नहीं दे रही है। कंपनी केवल तीन वितरकों और बिना किसी बिक्री प्रवर्तक के काम कर रही है। यह व्यवहार सैमसंग, वीवो और ओप्पो जैसे अन्य प्रमुख स्मार्टफोन ब्रांडों के विपरीत है। ओरा ने आरोप लगाया कि पोको का व्यावसायिक व्यवहार न केवल वैध बिक्री माध्यमों को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि इससे सरकारी खजाने को भी नुकसान पहुंचता है। बयान में कहा गया, ङ्कपोको के अनुचित और अनैतिक व्यावसायिक व्यवहारों का उद्योग और अर्थव्यवस्था पर गंभीर प्रभाव पड़ता है। हम वैध व्यवसायों और सरकारी राजस्व की कीमत पर किसी ब्रांड को भारत में काम करने की अनुमति नहीं दे सकते। इस पर पोको के अधिकारियों से टिप्पणी के लिए संपर्क नहीं किया जा सका।

## 2023-24 में प्रत्यक्ष कर संग्रह 18 प्रतिशत बढ़कर 19.58 लाख करोड़ रुपये पर

एजेंसी




नयी दिल्ली। भारत का शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह मार्च 2024 को समाप्त वित्त वर्ष में सालाना आधार पर 17.7 प्रतिशत बढ़कर 19.58 करोड़ रुपये हो गया। कर विभाग ने रविवार को कहा कि यह राशि संशोधित अनुमानों से काफी अधिक है। आयकर और कॉरपोरेट कर संग्रह 2023-24 के दौरान बजट अनुमानों से 1.35 लाख करोड़ रुपये (7.40 प्रतिशत) और संशोधित अनुमानों से 13,000 करोड़ रुपये अधिक रहा। इनकी प्रत्यक्ष कर संग्रह में सबसे बड़ी हिस्सेदारी है। वित्त वर्ष 2023-24 में सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह (अनंतिम) 18.48 प्रतिशत बढ़कर 23.37 लाख करोड़ रुपये हो गया। रिफंड के बाद शुद्ध आय 17.7 प्रतिशत बढ़कर 19.58 लाख करोड़ रुपये रही। प्रत्यक्ष कर संग्रह के आंकड़े अर्थव्यवस्था में उछाल और व्यक्तियों तथा कॉरपोरेट की आय में वृद्धि को दर्शाते हैं। सीबीडीटी ने एक बयान में कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में कुल 3.79 लाख करोड़ रुपये का रिफंड जारी किया गया। वित्त वर्ष 2023-24 के लिए प्रत्यक्ष कर संग्रह के अनंतिम आंकड़े बताते हैं कि शुद्ध संग्रह 19.58 लाख करोड़ रुपये है। इससे पिछले वित्त वर्ष में यह राशि 16.64 लाख करोड़ रुपये थी। वित्त वर्ष 2023-24 के बजट में इस वर्ष के लिए संग्रह 18.23 लाख करोड़ रुपये निर्धारित किया गया था, जिसे बाद में संशोधित कर 19.45 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया। बयान में कहा गया कि अनंतिम प्रत्यक्ष कर संग्रह (रिफंड को छोड़कर) बजट अनुमान से 7.40 प्रतिशत और संशोधित अनुमान से 0.67 प्रतिशत अधिक है। इस दौरान रिफंड के समायोजन से पहले प्रत्यक्ष करों का सकल संग्रह (अनंतिम) 23.37 लाख करोड़ रुपये रहा। यह राशि वित्त वर्ष 2022-23 के 19.72 लाख करोड़ रुपये के सकल संग्रह से 18.48 प्रतिशत अधिक है। वित्त वर्ष 2023-24 में सकल कॉरपोरेट कर संग्रह (अनंतिम), इससे पिछले वर्ष के 10 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 13.06 प्रतिशत बढ़कर 11.32 लाख करोड़ रुपये हो गया। वित्त वर्ष 2023-24 में शुद्ध कॉरपोरेट कर संग्रह (अनंतिम) 9.11 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष के 8.26 लाख करोड़ रुपये से 10.26 प्रतिशत अधिक है। समीक्षाधीन अवधि में प्रतिभूति लेनदेन कर (अनंतिम) सहित सकल व्यक्तिगत आयकर संग्रह 12.01 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष के 9.67 लाख करोड़ रुपये के संग्रह से 24.26 प्रतिशत अधिक है।

## सीएनएच इंडस्ट्रियल भारत के तकनीकी कौशल, लागत बढ़त का लाभ उठाने के लिए तैयार

एजेंसी

नयी दिल्ली। कृषि और निर्माण समाधान मुहैया कराने वाली वैश्विक कंपनी सीएनएच इंडस्ट्रियल वैश्विक आवश्यकताओं के लिए अपनी भविष्य की प्रौद्योगिकियों और उत्पादों को तैयार करने पर जोर दे रही है।

कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इसके लिए भारत के तकनीकी कौशल और लागत बढ़त का लाभ उठाने की कोशिश की जा रही है। कंपनी ने हाल में एक अत्याधुनिक मल्टी-व्हीकल सिम्युलेटर (एमवीएस) को शामिल करते हुए अपने भारत प्रौद्योगिकी केंद्र (आईटीसी) का विस्तार किया है। कंपनी यूरोप और अमेरिका से परियोजनाओं को भारत में स्थानांतरित करने पर भी विचार कर रही है। सीएनएच इंडस्ट्रियल के मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी फ्रेडरिक एक्लर ने बताया, हमारे लिए, भारत रणनीतिक रूप से सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में से एक है३ हम कहते हैं कि भारत सबसे अच्छी लागत वाला देश है, न कि सबसे कम लागत वाला। भारत में बहुत कुशल और योग्य इंजीनियर हैं। उन्होंने कहा कि कई वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं में मंदी ने कृषि और निर्माण क्षेत्रों को प्रभावित किया है, जबकि प्रतिस्पर्धा बहुत मजबूत बनी हुई है। उन्होंने ऐसे में किफायती वेतन पर कुशल लोगों की आवश्यकता पर जोर दिया। एक्लर ने कहा, हम यूरोप, अमेरिका से परियोजनाओं को इस क्षेत्र में लाएंगे और उनके साथ मिलकर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि परियोजनाओं के लिए आवश्यकताएं निर्धारित करने के बाद, यह तय किया जाएगा कि कंपनी इसे भारत में ला सकती है या नहीं।

## फ़ेड रिजर्व के रुख और तिमाही नतीजे तय करेंगे बाजार की चाल

एजेंसी

**शेयर समीक्षा**

मुंबई। इजराइल और ईरान के बीच जारी तनाव और ब्याज दरों में कटौती शुरू होने की उम्मीद कमजोर पड़ने से विश्व बाजार में आई गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर हुई जबरदस्त बिकवाली से बीते सप्ताह डेढ़ फीसदी से अधिक लुढ़के शेयर बाजार की चाल अगले सप्ताह नीतिगत दरों को लेकर अमेरिकी फ़ेड रिजर्व के रुख और कंपनियों के तिमाही नतीजे से तय होगी।

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1156.57 अंक अर्थात 1.6 प्रतिशत का गोता लगाकर सप्ताहांत पर 73088.33 अंक पर आ गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 372.4 अंक यानी 1.7 प्रतिशत की गिरावट लेकर 22147 अंक पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में दिग्गज कंपनियों की तरह बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों पर भी बिकवाली का दबाव रहा। इससे मिडकैप 904.51 अंक अर्थात 2.2 प्रतिशत लुढ़ककर सप्ताहांत पर 40004.51 अंक रह गया। इसी तरह स्मॉलकैप 438.28 अंक यानी 0.95 प्रतिशत कमजोर होकर 45433.79 अंक पर आ गया। विश्लेषकों के अनुसार, वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच दिग्गज कंपनियों के शेयरों के मजबूत प्रदर्शन के कारण सप्ताह के अंत में घरेलू बाजार गिरावट से उबरने में सफल रहा। ईरान-इजराइल तनाव घटने की संभावनाओं की उम्मीद से बाजार को बल मिला है। हालांकि घरेलू बाजार पूरे सप्ताह हुई गिरावट की भरपाई करने में विफल रहा। मध्य-पश्चिम में स्थिति नाजुक बनी रहने के कारण वैश्विक स्तर पर निवेशक सावधानी बरत रहे हैं। इसके अलावा अमेरिका में महंगाई में अपेक्षा से अधिक बढ़ोतरी होने, खुदरा बिक्री बढ़ने और तेल की ऊंची कीमतों के कारण फ़ेड रिजर्व के दर में कटौती में संभावित देरी ने निवेश धारणा को कमजोर किया है। इसे डॉलर सूचकांक, अमेरिकी बांड यील्ड और स्वर्ण की कीमत में उल्लेखनीय उछाल से समझा जा सकता है।



बीते सप्ताह घरेलू बाजार में बैंकिंग और आईटी जैसे समूहों में मुनाफावसूली का भी दबाव रहा। विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) लगातार जोखिम लेने से बच रहे हैं और यह प्रवृत्ति पिछले सप्ताह से देखी जा रही है। कंपनियों की समाप्त वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में स्थिरता को देखते हुए लार्जकैप निवेशकों के लिए राहत की पेशकश कर सकता है। निवेश सलाह देने वाली कंपनी जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने बताया कि अगले सप्ताह अमेरिका से सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी), पीएमआई और बेरोजगारी दावों के आंकड़े फ़ेड की नीतिगत दरों को लेकर रुख को स्पष्ट करत सकते हैं। इसके अलावा भारतीय पीएमआई आंकड़े और दिग्गज कंपनियों के वित्त वर्ष 2023-24 की अंतिम तिमाही के नतीजे की अगले सप्ताह बाजार की दिशा तय करने में अहम भूमिका रहेगी। अगले सप्ताह रिलायंस, मारुति, एक्सिस बैंक, इंडियन बैंक, इंडसइंड बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, टेक महिंद्रा, बजाज फिनसर्व और एचसीएल टेक के तिमाही नतीजे जारी होने वाले हैं। बीते सप्ताह बुधवार को रामनवमी के अवसर पर अवकाश के कारण बाजार में चार दिन कारोबार हुआ, जिनमें से तीन दिन गिरावट और सप्ताह के अंतिम दिन तेजी रही। इजराइल पर ईरान के जवाबी हमले से क्षेत्रीय स्तर पर तनाव और गहराने से घबराए निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा बिकवाली के दबाव में सोमवार को सेंसेक्स 845.12 अंक का गोता लगाकर करीब तीन सप्ताह के निचले स्तर 73,399.78 अंक और निफ्टी 246.90 अंक की गिरावट लेकर 22,272.50 अंक पर रहा। अमेरिका में मार्च की खुदरा बिक्री के आंकड़े उम्मीद से अधिक मजबूत रहने से फ़ेडरल रिजर्व के इस वर्ष ब्याज दरों में जल्द कटौती शुरू नहीं करने की आशंका में विश्व बाजार में आई गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर आईटी और टेक समेत दस समूहों में हुई बिकवाली से मंगलवार को सेंसेक्स 456.10 अंक लुढ़ककर 72,943.68 अंक और निफ्टी 124.60 अंक की गिरावट के साथ 22,147.90 अंक पर बंद हुआ। विश्व बाजार की तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर ऊर्जा, एफएमसीजी, हेल्थकेयर, बैंकिंग और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स समेत अठारह समूहों में हुई बिकवाली से गुरुवार को सेंसेक्स 454.69 अंक टूटकर 72,488.99 अंक और निफ्टी 152.05 अंक उतरकर 21,995.85 अंक रह गया। वहीं, विदेशी बाजार के कमजोर रुझान के बावजूद स्थानीय स्तर पर नीचे भाव पर वित्तीय सेवाएं, बैंकिंग, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और धातु समेत नौ समूहों में हुई लिवाली की बदौलत शुक्रवार को सेंसेक्स 599.34 अंक की छलांग लगाकर 73,088.33 अंक और निफ्टी 151.15 अंक उछलकर 22,147.00 अंक पर बंद हुआ।

## चालू वित्त वर्ष में ग्रामीण क्षेत्र से रिकॉर्ड बिक्री की उम्मीद: हुंदै

नयी दिल्ली। हुंदै मोटर इंडिया को चालू वित्त वर्ष में भी अनुकूल मानसून की उम्मीद सहित विभिन्न कारकों के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में रिकॉर्ड बिक्री होने की उम्मीद है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह बात कही। देश की दूसरी सबसे बड़ी कार विनिर्माता क्रेटा और वेन्यू जैसे मॉडल बेचती है। हुंदै की बिक्री वृद्धि बीते वित्त वर्ष में शहरी केंद्रों में चार प्रतिशत रही तो वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में यह 11 प्रतिशत रही थी। हुंदै मोटर इंडिया के मुख्य परिचालन अधिकारी तरुण गर्ग ने पीटीआई-भाषा से कहा, 'हमें विश्वास है कि हमारी कुल बिक्री में ग्रामीण बाजारों का योगदान इस वित्त वर्ष में बढ़कर लगभग 20 प्रतिशत हो जाएगा। उन्होंने कहा कि कंपनी छोटे शहरों में अपनी उपस्थिति को और अधिक विस्तारित करने की योजना बना रहा है। गर्ग ने कहा कि वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी की कुल बिक्री में ग्रामीण बिक्री 19 प्रतिशत के सर्वकालिक उच्च स्तर पर रही थी।

# चुनावी लाभ के लिए किसी भी हद तक गिर सकती है कांग्रेस: अनुराग

एजेंसी

शिमला। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने रविवार को कहा कि कांग्रेस चुनाव जीतने के लिए किसी भी हद तक गिर सकती है। आखिर कब तक कांग्रेस अपने तुष्टिकरण की राजनीति के लिए हमारी बहन बेटियों का गला रेतने वालों, देश को टुकड़े-टुकड़े करने वालों और आतंकवाद को बढ़ावा देने वालों के साथ खड़ी रहेगी?

श्री ठाकुर ने कहा कि देश अब इनकी सोच से वाकिफ हो चुका है इसीलिए इन लोकसभा चुनावों के बाद एक ओर जहां भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) 400 से ज्यादा सीटें लाकर पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी, वहीं कांग्रेस 40 से कम सीटों पर सिमट जाएगी। श्री ठाकुर ने यह बातें हिमाचल प्रदेश के गगरेट विधानसभा में कहीं जहां वे मुबारिकपुर और कलोह में आयोजित स्वागत सभा और एससी मोर्चा सम्मेलनों में शामिल होते हुए कहीं। उन्होंने कहा, जब कांग्रेस नेता राहुल गांधी को नॉर्थ इंडिया ने नकार दिया तब वे साउथ जाकर एसडीपीआई और पीएफआई जैसे संगठनों का सहयोग ले रहे हैं जो देश के खिलाफ तथा आतंकवादी एजेंडा चलाती है। हद तो तब हो गई जब कर्नाटक में कांग्रेस पार्टी के एक काउंसलर की बेटी की बेरहमी से गला रेत कर हत्या कर देने वाले लड़के को बचाकर पूरे प्रकरण पर पर्दा डाला है क्योंकि कांग्रेस को एक विशेष समुदाय का वोट लेना है। यह तुष्टीकरण की राजनीति कहां तक जाएगी? इन्होंने तो भारत के टुकड़े-टुकड़े करने के नारे लगाने वाले को लोकसभा का उम्मीदवार बना दिया है। तो आखिर यह भारत को टुकड़ों टुकड़ों में बांटने वाली सोच कहां तक जाएगी? कांग्रेस और उसके साथी बम ब्लास्ट करने वालों और पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाने वालों का संरक्षण देते हैं। ये लोग रक्षा सौदों से लेकर खेल के सामान खरीद में भी दलाली कर सकते हैं।

श्री ठाकुर ने आगे कांग्रेस की सोच को देश विरोधी करार देते हुए कहा, कांग्रेस हमेशा से देश विरोधी सोच रखती है। इन्होंने रक्षा सौदों में कई घोटाले किए हैं। जीप घोटाला, अगस्ता वेस्टलैंड घोटाला, बोफोर्स घोटाला, सबमरीन घोटाला इत्यादि कुछ नाम मात्र हैं। अब यही कांग्रेस और उनके सहयोगी भारत के न्यूक्लियर हथियारों को खत्म करने की वकालत कर रहे हैं। और ऐसा तब जब दुनिया के विभिन्न हिस्सों में युद्ध जैसे हालात हैं। ऐसे में भारत को और मजबूत बनाने की बात होनी चाहिए लेकिन कांग्रेस देश को कमजोर करने की बात कर रही है। इनके तो बयान भी उन विदेशी लोगों से मिलते हैं जो भारत को कमजोर करना चाहते हैं। जवाहरलाल नेहरू ने कई हजार एकड़ भारतीय जमीन चीन को दे दी। इंदिरा गांधी के समय पाक अधिकृत कश्मीर बना। नब्बे हजार पाकिस्तानी सैनिक हमारे कैद में थे इन्होंने कुछ नहीं किया। इन्होंने 1974 में कच्चातीवू द्वीप श्रीलंका को दे दिया। इससे पता चलता है कि कांग्रेस हमेशा से भारत के टुकड़े-टुकड़े करने वाली सोच रखती है। हमीरपुर से भाजपा उम्मीदवार ने कहा,मोदी जी ने पिछले 10 वर्षों में भारत को भ्रष्टाचार मुक्त शासन दिया है। हमने 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर लाया है। आज जरूरतमंदों के पास मकान, बिजली, शौचालय, पानी, अनाज, गैस सिलेंडर और मुफ्त इलाज है। कांग्रेस जो 60 वर्षों में ना कर सकी वह मोदी जी ने 10 वर्षों में किया है। आज जहां-जहां विपक्ष की सरकारें हैं वहां उनकी सभी गारंटियां फेल हैं। आज देश के लोगों को भरोसा सिर्फ और सिर्फ मोदी की गारंटी पर है क्योंकि मोदी जी ने जो कहा, वह किया है। मोदी की गारंटी यानी गारंटी पूरा होने की गारंटी है। मोदी जी के जीवन का पल-पल देश और देशवासियों के नाम है। श्री ठाकुर ने आगे दूरदर्शन के लोगो को भगवा रंग दिए जाने के ऊपर आम जनता से पूछा की क्या भगवा रंग आपको चुभता है? जनता ने एक स्वर में इसका उत्तर ना दिया। उन्होंने आगे कहा कि आखिर विपक्ष को भगवा रंग से इतनी दिक्कत क्यों है? आखिर भगवा रंग कांग्रेस और उसके सहयोगियों की आंखों में इतना क्यों चुभता है? आखिर भगवा रंग का विरोध क्यों है? यह विरोध ठीक उसी प्रकार है जैसे धारा 370 हटाने से पहले लाल चौक पर तिरंगे का विरोध होता था। लेकिन कंाग्रेसियों को पता नहीं है कि जिस प्रकार तिरंगे में 140 करोड़ भारतवासियों को एकजुट करने की ताकत है वैसे ही भगवे में भी पूरे हिंदुस्तानियों को एकजुट करने की ताकत है। पांच सौ वर्षों के इंतजार के बाद राम मंदिर के निर्माण से आज पूरा भारत एकजुट है। आज भारत और सनातन के सभी तीर्थ स्थलों का अभूतपूर्व विकास हो रहा है और लोगों में जागृति आ रही है। श्री ठाकुर ने आगे हमीरपुर और हिमाचल प्रदेश में किए गए विकास कार्यों के बारे में बताते हुए कहा,ब्बविकास का दूसरा नाम भाजपा है। स्वा चैनलाइजेशन का कार्य भारतीय जनता पार्टी ने किया। पूरे क्षेत्र में पुल निर्माण में कोई कमी नहीं छोड़ी गई है। 500 करोड़ की लागत है एथेनॉल प्लांट बनाया जा रहा है। इससे किसान भी संपन्न होगा और आम आदमी को भी सस्ते दाम पर पेट्रोल उपलब्ध होगा। बिलासपुर लेह रेलवे लाइन मोदी सरकार ने बनाया, बिलासपुर का कार्य तेजी से हो रहा है। हमने नंगल ऊना कलवाड़ा का अल्टरनेटिव रूट बनाया। हमने दौलतपुर चौक तक ट्रेन पहुंचा दी और वॉशिंग लाइन भी बनवा रहे हैं। पहले जो ट्रेनें सिर्फ नंगल तक आती थीं अब वह दौलतपुर चौक तक आएंगी और आगे हम कई ट्रेनें चंडीगढ़ से भी यहां तक ले आएंगे।

## लोक सेवक राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ नागरिकों की सेवा करते रहेंगे : राष्ट्रपति

एजेंसी



नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने रविवार को 'सिविल सेवा दिवस' पर लोक सेवकों को बधाई दी और विश्वास जताया कि वे ''राष्ट्र प्रथम'' की भावना के साथ देश के नागरिकों की सेवा करना जारी रखेंगे।

देश में 21 अप्रैल को सिविल सेवा दिवस के रूप में मनाया जाता है और यह नौकरशाहों का नागरिकों के हित के लिए खुद को पुनः समर्पित करने और सार्वजनिक सेवा एवं काम में उत्कृष्टता के लिए अपनी प्रतिबद्धताओं को दोहराने का अवसर होता है। उन्होंने कहा, ''सिविल सेवा दिवस पर सभी लोक सेवकों को शुभकामनाएं। आपने देश की प्रगति के लिए अथक काम करने की महान विरासत को आगे बढ़ाया है। हमारी सिविल सेवाओं को बदलते माहौल के अनुसार शीघ्रता से स्वयं को ढालने की चुनौती का हमेशा सामना करना पड़ता है और साथ ही उन्हें उन तीन मूलभूत मूल्यों को भी बरकरार रखना होता है जिन्हें सरदार पटेल ने 1947 में इसी दिन अपने भाषण में रेखांकित किया था ऽ गरिमा, सत्यनिष्ठा और सच्चरित्र।'' मुर्मु ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''मुझे विश्वास है कि आप राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ देश के नागरिकों की सेवा करना जारी रखेंगे। इस प्रयास के लिए आपको मेरी शुभकामनाएं। स्वतंत्र भारत के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल ने 1947 में इसी दिन दिल्ली के मेटकाफ हाउस में परिवीक्षाधीन प्रशासनिक सेवा अधिकारियों को संबोधित किया था। उन्होंने उन्होंने लोक सेवकों को ''भारत का स्टील फ्रेम'' कहा था। पहला सिविल सेवा दिवस समारोह 21 अप्रैल, 2006 को यहां विज्ञान भवन में आयोजित किया गया था।

# कांग्रेस ने परिवारवाद और भ्रष्टाचार का दीमक फैलाकर देश को किया खोखला : मोदी

एजेंसी

जालौर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस पर परिवारवाद और भ्रष्टाचार का दीमक फैलाकर देश को खोखला कर देने का आरोप लगाते हुए कहा है कि देश उसे इन्हीं पापों की सजा दे रहा है।

श्री मोदी रविवार को राजस्थान में जालौर के भीनमाल में जालौर-सिरोही लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रत्याशी लुंबाराम चौधरी के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिस पार्टी के कभी 400 सांसद जीते थे, आज वो 300 सीट पर चुनाव नहीं लड़ पा रही है। आज कांग्रेस की हालत यह है कि उन्हें उम्मीदवार नहीं मिल पा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस पार्टी की जो हालत हुई है, उसकी गुनहगार वो खुद है। कांग्रेस ने देश पर 60 वर्षों तक राज किया। इसी कांग्रेस ने हमारी माताओं बहनों



को शौचालय, गैस, बिजली, पानी, बैंक अकाउंट जैसी छोटी-छोटी चीजों के लिए तरसाया। उन्होंने कहा कि इसी कांग्रेस ने परिवारवाद और भ्रष्टाचार का दीमक फैलाकर देश को खोखला कर दिया। इन्हीं पापों की सजा देश उनको दे रहा है। श्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस की कमजोर सरकार को आते-जाते लोग भी धमकाते थे, हर कोई देश को लूटने में जुटा था। प्रधानमंत्री को तो कोई पूछता ही नहीं था, सरकार रिमोट कंट्रोल से चला करती थी।

उन्होंने कहा कि कैबिनेट से पास हुए अध्यादेश को उनकी पार्टी के ही एक नेता मीडिया की मीटिंग बुला कर फाड़ कर फेंक देते हैं। प्रधानमंत्री ने सवाल करते हुए कहा कि अस्थिरता की प्रतीक कांग्रेस पार्टी और उनका कुनबा, देश को चला सकता है क्या। उन्होंने कहा कि इन्होंने अवसरवादी इंडी अलायंस बना लिया है, जिसकी पतंग उड़ने से पहले ही कट गई है। श्री मोदी ने कहा कि पहले चरण के मतदान में आधे राजस्थान ने कांग्रेस को बराबर की सजा दी है। राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत राजस्थान यह जानता है कि कांग्रेस कभी भी मजबूत भारत बना ही नहीं सकती। उन्होंने कहा कि देश को ऐसी कांग्रेस सरकार नहीं चाहिए। देश को 2014 के पहले जो हालात थे, वो हालात दोबारा नहीं चाहिए। उन्होंने भाजपा और जालोर सिरोही का रिश्ता बहुत खास बताते हुए कहा '' आपने हर बार भाजपा को भरपूर आशीर्वाद दिया है और इस बार भी जालोर सिरोही यही कह रहा है- फिर एक बार मोदी सरकार।

## मतदान के दिन वोट करें: महबूबा

श्रीनगर। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष एवं जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने रविवार को यह कहते हुए कि बंदूक, पत्थर और चुनाव बहिष्कार से कुछ हासिल नहीं होगा, लोगों से मतदान के दिन अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने का आग्रह किया।

सुश्री मुफ्ती अनंतनाग-राजौरी सीट से नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के उम्मीदवार मियां अल्ताफ, डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी (डीपीएपी) के मोहम्मद सलीम और अपनी पार्टी के नेता जफर मन्हास के खिलाफ लोकसभा चुनाव लड़ रही हैं। उन्होंने दक्षिण कश्मीर के कोकेरनाग में एक सार्वजनिक रैली के दौरान ने कहा, ल्लअगर कुछ उभर कर सामने आयेगा, तो वह केवल मतपत्र के माध्यम से होगा ताकि हम नयी दिल्ली को बता सकें कि 2019 में उन्होंने जो किया, वह हमें स्वीकार्य नहीं है और इसे बहाल किया जाना चाहिए। मुझे उम्मीद है कि लोग बाहर आएंगे और मतदान करेंगे, क्योंकि चुनाव बहिष्कार, पत्थरों और बंदूकों से कुछ हासिल नहीं होगा।

# देश में बस दो आदमी सब कुछ बेचने वाले और दो खरीदने वाले बचे : खरगे

एजेंसी

सतना। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आज भारतीय जनता पार्टी सरकार पर एक के बाद एक हमले बोलते हुए कहा कि देश में दो आदमी सब कुछ बेचने वाले और दो आदमी सब कुछ खरीदने वाले बचे हैं और गृह मंत्री अमित शाह की 'लॉन्ड्री' में आदमी भी लगातार धुल-धुल कर 'क्लीन' हो रहे हैं।

श्री खरगे मध्यप्रदेश के सतना में पार्टी प्रत्याशी सिद्धार्थ कुशवाह के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। इसके पहले यहां इस सभा को संबोधित करने के लिए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी आने वाले थे, लेकिन स्वास्थ्य कारणों के चलते उनके यहां नहीं आने के कारण श्री खरगे ने इस सभा को संबोधित किया।

इस दौरान श्री खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री श्री शाह और केंद्र सरकार पर लगातार हमले बोले। उन्होंने कहा कि



देश में दो आदमी सब कुछ बेचने वाले और दो खरीदने वाले हैं। सब कुछ बेचने वाले ये दोनों आदमी 'मोदी-शाह', एयरपोर्ट, रास्ते, रेलवे, बड़े सार्वजनिक उपक्रम सबको बेचने वाले हैं। वहीं अदाणी और अंबानी सब कुछ खरीदने वाले हैं। देश में बस बड़े उद्योगपतियों का कर्ज़ा माफ हो रहा है, गरीब किसानों का कर्ज़ा कहीं माफ नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि जो लोग कांग्रेस के पास रहते हुए भ्रष्ट थे, वो भाजपा के पास कैसे अच्छे हो गए। उन्हें मंत्री बनाया जा रहा है। इसी क्रम में उन्होंने कहा कि गृह मंत्री श्री शाह के पास एक बहुत बड़ी लॉन्ड्री है, उसमें एक बहुत बड़ी वॉशिंग मशीन है। पहली बार सुना है कि शाह की लॉन्ड्री में आदमी भी धुल कर 'क्लीन' हो गए। अब तक उसमें 27 लोगों को क्लीन कर बाहर निकाला जा चुका है।

कई भाजपा सांसदों के संविधान बदलने संबंधित कथित बयानों को लेकर भी श्री खरगे ने सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री कहते हैं कि डॉ अंबेडकर भी ऊपर से आ जाएं तो भी संविधान नहीं बदलेगा, अगर उनकी ये बात सच है तो उनके सांसद विधायक और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख भागवत संविधान बदलने की बात क्यों करते हैं। साथ ही उन्होंने ये भी आरोप लगाया कि इस सरकार को अगर फिर लाया गया तो देश में लोकतंत्र खत्म हो जाएगा।

इसके पहले उन्होंने दावा किया कि पहले चरण में जिन 102 सीटों पर मतदान हुआ है, उनमें इंडिया गठबंधन को भारी बहुमत मिलेगा।

## पत्रकारिता जगत की महिला विभूतियां सम्मानित

**नयी दिल्ली**। देश की जानी–मानी पत्रकार हितैषी संस्था इंडियन मीडिया वैलफ़ेयर एसोसिएशन ने इस बार का 11वां इम्वा अवार्ड देश की नारी शक्ति को बढावा देना की घोषणा को समर्पित कर मीडिया जगत में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिला विभूतियों को सम्मानित किया। एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर,नयी दिल्ली में आयोजित भव्य कार्यक्रम में न्यायमूर्ति सुधीर अग्रवाल मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित रहे। इम्वा अध्यक्ष राजीव निशाना ने बताया,कि पत्रकारिता जगत में जहां हमारे पुरुष साथी ऐतिहासिक खबरो को दिखाकर अपना लोहा मनवाते है,तो ऐसे में हमारी महिला साथी पत्रकार भी किसी से पीछे नहीं है। इसलिए इस बार का हमारा 11वां अवार्ड कार्यक्रम नारी शक्ति को समर्पित रहा। श्री निशाना ने बताया, कि इस बार एनडीटीवी की वरिष्ठ पत्रकार नगमा सहर, एनडीटीवी 24 गुणा 7 केरला एक्सप्रेस की बेहतरीन प्रस्तुति करने वाली इंग्लिश भाषा एंकर मारिया शकील, हरियाणा न्यूज चैनल की न्यूज एडिटर ज्योति सांगवान, जनसत्ता की बेस्ट फील्ड रिपोर्टर अनामिका सिंह,खोजी पत्रकारिता के लिए मिताली चंदोला तथा टीवी बेस्ट मार्केटिंग के लिए शैफाली राणा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। गौरतलब है,कि इससे पूर्व भी आजतक न्यूज चैनल की अंजना ओम कश्यप,चित्रा त्रिपाठी,सईद अंसारी सहित काफी वरिष्ठ पत्रकारों को भी इम्वा अवार्ड के कई संस्करणों में सम्मानित किया जा चुका है। इस अवसर पर न्यायमूर्ति सुधीर अग्रवाल ने कहा,कि पत्रकारिता जगत में कार्यरत सभी भाई बहन लोकतंत्र के मजबूत चौथे स्तंभ के रुप में माने जाते हैं तथा इसमें हमारी बच्चियां किस साहस के साथ पत्रकारिता करती है,वो अपने आप में साहसी कार्य है, इम्वा ने इस बार का अवार्ड नारी शक्ति को समर्पित किया है। इसके लिए मैं इसके आयोजक राजीव निशाना व उनकी टीम को शुभकामनाएं देता हूं। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार ललित वत्स, न्यूज एडिटर संत प्रसाद राय,कुमार राकेश, विजय शर्मा,सूफी वाजिद आदि सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## रेलवे को बचाने के लिए मोदी सरकार को हटाना पड़ेगा : राहुल गांधी

नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार रेलवे को ''अयोग्य'' साबित करना चाहती है ताकि उसे इसे अपने ''मित्रों'' को बेचने का बहाना मिल सके। उन्होंने लोगों से आम आदमी की सवारी को बचाने के लिए मोदी सरकार को हटाने का अनुरोध किया। राहुल गांधी ने सरकार पर निशाना साधने के लिए 'एक्स' पर एक वीडियो साझा किया जिसमें लोग ट्रेन के शौचालयों में और फर्श पर बैठकर यात्रा करते हुए दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''नरेन्द्र मोदी के राज में 'रेल का सफर' सजा बन गया है। आम आदमी की ट्रेनों से जनरल डिब्बे कम कर सिर्फ 'एलीट ट्रेनों' का प्रचार कर रही मोदी सरकार में हर वर्ग का यात्री प्रताड़ित हो रहा है। उन्होंने दावा किया कि लोग 'कन्फर्म' टिकट लेकर भी अपनी सीट पर चैन से बैठ नहीं पा रहे, आम आदमी जमीन पर और शौचालय में छिपकर यात्रा करने को मजबूर हैं।

# पेज एक का शेष

### नेताओं के पुराने ....

से पहले मध्य प्रदेश में सपा व कांग्रेस का गठबंधन टूट जाने पर सपा के शीर्ष नेतृत्व की टिप्पणी को उनके विरोधी अपना 'हथियार बनाने में जुटे हैं। कांग्रेस के दिग्गज नेताओं की कई टिप्पणियां और उनके चुनावी भाषण भी खुद कांग्रेस को कठघरे में खड़ा करने में इस्तेमाल हो रहे हैं।

### नक्सलवाद से कांग्रेस...

हो, वह व्यक्ति ठसक के साथ चुनाव लड़ने का दुस्साहस कर रहा है। वह मानकर चलता है कि कितना भी बड़ा अपराध करेंगे और समाज की आंखों में धूल झोंककर सत्ता हथिया लेंगे। वे यह जान लें कि नए भारत में घोटालेबाज नहीं चलेंगे। कोरबा में मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का भारत नक्सलवाद के सामने घुटने नहीं टेकता, बल्कि उसे नेस्तनाबूद करने का माद्दा रखता है। 'छत्तीसगढ़िया सबसे बढ़िया' का नारा देते हुए कहा कि मैं प्रभु श्रीराम की धरती का संदेश लेकर यहां आया हूं। ये माता कौशल्या का मायका और श्रीराम का ननिहाल है। 500 साल बाद श्रीराम अपने भव्य मंदिर में विराजमान हुए तो सबसे ज्यादा उत्साह छत्तीसगढ़ में था। जब श्रीराम को वनवास जाना था तो सबसे पहले उन्होंने यहीं शरण ली थी। बिलासपुर में योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस का पेट कभी भरने वाला नहीं है। यह गरीबों के हकों पर डकैती डालते हैं। कांग्रेस समस्या और भाजपा समाधान है। विकसित भारत के लिए समस्या नहीं, समाधान का रास्ता अपनाना है। आपके वोट के कारण 10 वर्षों में परिवर्तन हुआ है। नेतृत्व-मार्गदर्शन मोदी का, लेकिन श्रेय आपको है, क्योंकि आपके सही वोट से सही सरकार बनी और सही सरकार बनने से सही निर्णय हो रहे हैं। गलत वोट से गलत सरकार बनती है तो घोटाले पर घोटाले करती है। कांग्रेस सरकार गरीबों को राशन नहीं देती थी, लेकिन आतंकियों को बिरयानी खिलाती थी। वोट देकर कोई हनुमान, कोई अंगद तो कोई जामवंत बनकर विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने में योगदान दिया होगा। बदलते भारत का दुनिया में सम्मान है।

### नरेंद्र मोदी के नेतृत्व...

भाजपा शासित प्रदेशों में रामनवमी और होली पर जो दंगे हुए, यह बहुसंख्यक समाज की भावनाओं के साथ खिलवाड़ करने जैसा है। तुष्टिकरण के नाम पर वोटबैंक की राजनीति ने हमेशा ऐसे सांप्रदायिक तनाव को जन्म दिया है। पश्चिम बंगाल में रामनवमी की शोभायात्राओं पर फिर से हुए हमले चिंता का विषय भी हैं और साथ-साथ देश के लोगों के लिए संदेश भी है कि यह लोग जब शांतिपूर्ण ढंग से निकलने वाली शोभायात्राओं को ही सुरक्षा नहीं दे सकते हैं तो बहन-बेटियों और सामान्य नागरिकों को क्या सुरक्षा दे पाएंगे? चुनाव सबसे अच्छा अवसर होता है, जब हम तथाकथित सेक्युलर लोगों व दलों को संदेश दे सकते हैं। अपने मत से इन्हें स्पष्ट संदेश दें कि हमारी भावनाओं से खिलवाड़ करोगे और सुरक्षा में सेंध लगाने वालों को प्रश्रय दोगे तो फिर चुनाव में हम भी उसी प्रकार से जवाब देंगे। रविवार को छत्तीसगढ़ में चुनावी दौरे पर निकलने से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पूरा देश जानता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयास से ही रामलला का 500 वर्षों बाद अयोध्या में आगमन संभव हुआ। छत्तीसगढ़ प्रभु श्रीराम का ननिहाल व मां कौशल्या का मायका है। छत्तीसगढ़ के बारे में कहते हैं कि 'छत्तीसगढ़िया, सबसे बढ़िया' क्योंकि हर सनातन धर्मावलंबी छत्तीसगढ़ को ननिहाल के रूप में मानता है। ननिहाल जाना सबको अच्छा लगता है। स्वाभाविक रूप से छत्तीसगढ़वासी भी उतने ही उत्साहित हैं, जितना उत्साहित उत्तर प्रदेश, पूरा देश और हर सनातन धर्मावलंबी है। आज छत्तीसगढ़ में जनता-जनार्दन से संवाद बनाने और उत्तर प्रदेश व अयोध्या का संदेश उन तक पहुंचाने का अवसर मुझे प्राप्त होगा। देशवासियों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का अवसर है। देश के लिए, भारतीय भावना को सम्मान देने और गरीब कल्याण की योजनाओं को बढ़ाने के लिए जो प्रयास हुए हैं, आभार के रूप में वोट के माध्यम से मोदी जी तक पहुंचाने का यह अवसर है। लोकतंत्र के अगले चरण हम सभी को यह अवसर प्रदान करेंगे।

### इंडिया गठबंधन की...

दंगा, अत्याचार, गरीबी और भुखमरी ही दी है उसे वोट करने पर यही वापस मिलेगा। केंद्रीय गृह मंत्री ने जम्मू-कश्मीर से संबंधित अनुच्छेद 370 के खिलाफ कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के रुख पर निशाना साधते हुए कहा कि श्री खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राजस्थान एवं अन्य राज्यों में भाजपा नेताओं द्वारा अनुच्छेद 370 का संदर्भ दिए जाने पर आपत्ति जताई थी। श्री खड़गे ने कहा था कि अन्य राज्यों में अनुच्छेद 370 के बारे में बात करने की क्या जरूरत है। उन्होंने पूछा कि क्या जम्मू-कश्मीर भारत का अंग नहीं है। उन्होंने कहा कि बिहार और अन्य राज्यों के युवाओं ने कश्मीर में देश की सीमा की रक्षा करते हुए अपने जीवन का बलिदान दिया है। श्री शाह ने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार ने कश्मीर में पुलवामा हमले के बाद सीमा पार आतंकवादी शिविरों को निशाना बनाने के लिए हवाई हमले और सर्जिकल स्ट्राइक कराई। उन्होंने आरोप लगाया कि राजग के सत्ता में आने के बाद आतंकवाद के खतरे को काफी हद तक नियंत्रित किया गया जबकि केंद्र में कांग्रेस के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के दौरान आतंकवाद से निपटने के लिए कोई कड़ी कार्रवाई नहीं की गई थी। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार ने कई कल्याणकारी योजनाएं शुरू की हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत हर महीने 80 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है और यह अगले पांच वर्षों तक जारी रहेगा। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीबों के लिए चार करोड़ पक्के मकान बनाए गए और उज्ज्वला योजना के तहत 10 करोड़ गरीब परिवारों को रसोई गैस सिलेंडर कनेक्शन दिए गए। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत गरीब परिवारों को पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज दिया जा रहा है। इस मौके पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि वह अब भाजपा के साथ बने रहेंगे और राजग का हिस्सा बने रहेंगे। उन्होंने आगे कहा कि हाल ही में कुछ महीनों के लिए, वह राजग से दूर चले गए थे लेकिन अब वापस लौट आए हैं। उनकी पार्टी जदयू लगभग तीन दशकों से भाजपा के साथ गठबंधन में है। श्री कुमार ने बिहार के विकास के लिए उनकी सरकार को दिए जा रहे समर्थन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना की। उन्होंने जोर देकर कहा कि केंद्र और बिहार दोनों में राजग की सरकार होने से राज्य के विकास में तेजी आएगी।

### वित्त वर्ष 2023–24...

और संशोधित अनुमान से 0.67 प्रतिशत अधिक हो गया है। वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान प्रत्यक्ष करों का सकल संग्रह (अनंतिम) (रिफंड के समायोजन से पहले) 23.37 लाख करोड़ रुपये का रहा, जोकि वित्तीय वर्ष 2022-23 में 19.72 लाख करोड़ रुपये के सकल संग्रह की तुलना में 18.48 प्रतिशत अधिक है। इस दौरान सकल कॉरपोरेट कर संग्रह (अनंतिम)11.32 लाख करोड़ रुपये का रहा, जो और पिछले वर्ष के 10 लाख करोड़ रुपये के सकल कॉरपोरेट कर संग्रह की तुलना में 13.06 प्रतिशत अधिक है। वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान शुद्ध कॉरपोरेट कर संग्रह (अनंतिम) 9.11 लाख करोड़ रुपये का रहा, जो पिछले वर्ष के 8.26 लाख करोड़ रुपये के शुद्ध कॉरपोरेट कर संग्रह की तुलना में 10.26 प्रतिशत अधिक है। वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान सकल व्यक्तिगत आयकर संग्रह (एसटीटी सहित) (अनंतिम) 12.01 लाख करोड़ रुपये का रहा और इसमें पिछले वर्ष के 9.67 लाख करोड़ रुपये के सकल व्यक्तिगत आयकर संग्रह (एसटीटी सहित) की तुलना में 24.26 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान शुद्ध व्यक्तिगत आयकर संग्रह (एसटीटी सहित) (अनंतिम) 10.44 लाख करोड़ रुपये का रहा और इसमें पिछले वर्ष के 8.33 लाख करोड़ रुपये के शुद्ध व्यक्तिगत आयकर संग्रह (एसटीटी सहित) की तुलना में 25.23 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान 3.79 लाख करोड़ रुपये के रिफंड जारी किए गए हैं, जो वित्त वर्ष 2022-23 में जारी किए गए 3.09 लाख करोड़ रुपये के रिफंड की तुलना में 22.74 प्रतिशत अधिक है।

### सीएए पर...

अपराधी छूट नहीं पाएंगे। श्री सिंह ने कहा कि पिछले एक दशक से अधिक समय से तृणमूल कांग्रेस के शासन के कारण बंगाल अब 'अपराध और सांप्रदायिक तनाव' के केंद्र के रूप में कुख्यात है। उन्होंने कहा कि भाजपा सत्ता में आई तो कोई भी संदेशखाली जैसा अपराध दोहराने की हिम्मत नहीं करेगा। रक्षा मंत्री ने आरोप लगाया, 'ल्लवह किस तरह की 'ममता' हैं, उनका केवल नाम ममता है लेकिन दिल और दिमाग से उन्होंने गरीबों और आम लोगों के प्रति अपनी सारी करुणा खो दी है। श्री सिंह ने आरोप लगाया कि सुश्री बनर्जी उन अल्पसंख्यक लोगों को, जो एक महीने के रमजान के बाद ईद मनाने के लिए घर लौटे थे, वोट नहीं देने और राज्य के बाहर अपने-अपने कार्यस्थलों पर वापस जाने के लिए प्रेरित कर रही हैं। उन्होंने कहा, ल्लमुझे कहना चाहिए कि कई चुनावी भविष्यवाणियों में कहा गया है कि भाजपा 2024 के लोकसभा चुनाव में 30 सीटें जीत रही है। उन्होंने लोगों से यह सुनिश्चित करने की अपील की कि प्रधानमंत्री की विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं, जिन्हें तृणमूल द्वारा लागू नहीं किया गया था, भविष्य में लागू की जायें। पश्चिम बंगाल के प्रति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रतिबद्धता को याद करते हुए श्री सिंह ने कहा कि 30 दिसंबर, 2022 को गुजरात में उनकी (श्री मोदी की) मां के निधन के बाद उनका अंतिम संस्कार करने के उपरांत प्रधानमंत्री ने इस राज्य में रेलवे प्रणाली के आधुनिकीकरण सहित 7800 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का अनावरण किया। श्री सिंह ने सुश्री बनर्जी पर केंद्रीय योजनाओं का उपयोग करके उस पर बंगाल ब्रांड लगाने का भी आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया कि तृणमूल कार्यकर्ताओं ने आम और गरीब लोगों को इन योजनाओं से वंचित कर रखा है। भाजपा नेता ने कहा, मुझे लगता है कि क्या तृणमूल ही कांग्रेस पार्टी है, क्योंकि जवाहर लाल नेहरू और इंदिरा गांधी के नारे 'गरीबी हटाओ' पूरे भारत में लागू नहीं हुए, उसी तरह बंगाल में प्रचलित अराजकता, भ्रष्टाचार, कमीशन संस्कृति और लूट-खसोट तथा सभी विकास योजनाओं की धनराशि बंद किये जाने के कारण लोगों की स्थिति बेहद खराब हो गयी है। श्री सिंह ने मुर्शिदाबाद के लोगों से पश्चिम बंगाल में भाजपा उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान करके 30 सीटें सुनिश्चित करने के बाद वापस लौटने और उनके समक्ष सिर झुकाने का आश्वासन दिया।

### भारत के लिए आधुनिकता...

विजयी का मार्ग है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत ने कभी भी दूसरे देश पर विजय पाने के लिए उस पर हमला नहीं किया बल्कि खुद को बेहतर बनाने के लिए काम किया। उन्होंने कहा कि महान संतों ने सबसे अंधकारमय समय में भारत का मार्गदर्शन किया, जिससे कई महान सभ्यताओं के नष्ट होने के बावजूद देश को अपना रास्ता खोजने में मदद मिली। उन्होंने पिछले 10 वर्षों में हुए अनेक समारोहों पर प्रकाश डाला और कहा कि जैन आचार्यों के निमंत्रण पर कार्यक्रमों में भाग लेने का प्रयास किया गया है। प्रधानमंत्री ने कहा, ''संसद के नए भवन में प्रवेश करने से पहले, मुझे अपने मूल्यों को याद करने के लिए 'मिच्छामी दुक्कड़म' का पाठ करना याद है। श्री मोदी ने देश की विरासत, योग और आयुर्वेद के सौंदर्यीकरण का भी जिक्र किया और कहा कि नई पीढ़ी मानती है कि भारत की पहचान उसका गौरव है। उन्होंने रेखांकित किया कि भारत इस बात का प्रमाण है कि जब स्वाभिमान की भावना जागृत हो जाती है तो किसी राष्ट्र को रोकना असंभव हो जाता है। प्रधानमंत्री ने कहा, 'भारत के लिए आधुनिकता उसका शरीर है, आध्यात्मिकता उसकी आत्मा है। यदि आधुनिकता से आध्यात्मिकता को हटा दिया जाए तो अराजकता का जन्म होता है। उन्होंने भगवान महावीर की शिक्षाओं का पालन करने को कहा क्योंकि उन मूल्यों का पुनरुद्धार समय की मांग है। उन्होंने कहा कि भारत भ्रष्टाचार और निराशा के दौर से उभर रहा है क्योंकि 25 करोड़ से अधिक भारतीय गरीबी से बाहर आ गए हैं। नागरिकों से इस क्षण का लाभ उठाने का आह्वान करते हुए, प्रधानमंत्री ने सभी से 'अस्तेय और अहिंसा' के मार्ग पर चलने के लिए कहा और राष्ट्र के भविष्य के लिए काम करते रहने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और संतों को उनके प्रेरक शब्दों के लिए धन्यवाद दिया। इस अवसर पर केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और संसदीय कार्य एवं संस्कृति राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, जैन समुदाय के अन्य गणमान्य व्यक्ति और संत उपस्थित थे।

# देवभूमि ने दिल खोलकर विकसित भारत के लिए किया मतदान, पांच कमल उत्तराखंड से तय : महेंद्र भट्ट

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि देवभूमि के लोगों ने विकसित भारत के निर्माण और तीसरी बार प्रधानमंत्री मोदी को बनाने के लिए दिल खोल कर मतदान किया है। कुल मतदान का 75 फीसदी हमारे पक्ष में है। विपक्ष के हार मानने से राज्य में प्रतिस्पर्धा का अभाव रहा, जिसने मतदान टर्न आउट को प्रभावित किया है। रविवार को मतदान के बाद पहली बार पार्टी मुख्यालय में मीडिया से मुखातिब होते हुए महेंद्र भट्ट ने सभी सम्मानित मतदाताओं का लोकतंत्र के महापर्व में सहभागिता के लिए पार्टी की तरफ से आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा, जिस तरह का फीड बैक मिल रहा है, उससे स्पष्ट है कि देवभूमि ने दिल खोल कर मोदी जी के लिए मतदान किया है। हमेशा सक्रिय रहने वाले भाजपा के बूथ अध्यक्ष, पन्ना प्रमुख और शक्ति केंद्रों ने बेहतर कार्य करते हुए मतदाताओं को बूथ तक पहुंचाने के लिए कार्य किया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भट्ट ने जनता मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत का निर्माण चाहती है, जिसका उत्साह उन्होंने मतदान में दिखाया। जनता ने मोदी के 10 वर्षों के रिपोर्ट कार्ड पर डिक्टेंशन नंबर देकर अपनी मुहर लगाई है। सभी धर्मों, वर्गों, जातियों एवम सर्वसमाज का आशीर्वाद भारतीय जनता पार्टी को मिला। मातृ शक्ति, युवा, किसान और गरीब, इस प्रदेश की चारों जातियों ने मोदी के पक्ष में अपना मत किया है। भट्ट ने मतदान प्रतिशत को लेकर उम्मीद जताई कि अंतिम आंकड़े आने तक 2019 के मुकाबले मतदान का अंतर लगभग 2 फीसदी रहने वाला है। लेकिन हमें भरोसा है कि पार्टी अपने लक्ष्य के अनुसार कुल मतदान का 75 हिस्सा अवश्य प्राप्त करने में सफल होगी। उन्होंने दावा किया कि 4 जून को मोदी की 400 पार की माला में 05 कमल उत्तराखंड से गूंथे जाना तय हो गया है। अध्यक्ष भट्ट ने कहा कि विपक्ष, विशेषकर कंाग्रेस के चुनाव से पहले ही हार मानने के कारण उत्तराखंड में प्रतिस्पर्धा का अभाव दिखाई दिया। लिहाजा कम मतदान का सबसे बड़ा कारण कंाग्रेस समर्थकों की उदासीनता रही है, भाजपा अपने समर्थकों को पोलिंग स्टेशन तक पहुंचाने में सफल रहे हैं।

उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि जहां-जहां प्रतिस्पर्धा नजर आई वहां मत प्रतिशत बढ़ा है। विधानसभा चुनाव में हारी हुई 23 सीटों पर प्रतिस्पर्धा नजर आई तो वहां मत प्रतिशत बढ़ा है। भविष्य में मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए चुनाव आयोग के साथ सभी पार्टियों को भी प्रयास करना चाहिए।

भट्ट ने कुछ गांवों में मतदान के बहिष्कार को लेकर स्पष्ट किया कि वोट नही देना किसी समस्या समाधान नहीं है। राज्य के अधिकांश जगह पर्यावरण, कानूनी व जियोग्राफिक एवं तकनीकी कारणों से सड़क एवं विकास कार्यों में गतिरोध आया है। जिसका संज्ञान मुख्यमंत्री ने के लिया है और शीघ्र ही उनका समाधान किया जाएगा। पत्रकार वार्ता में प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी, विधायक विनोद चमोली, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान, सह प्रभारी राजेंद्र नेगी, प्रदेश प्रवक्ता कमलेश रमन मौजूद रहीं।

# गोर्खाली सुधार सभा की सेवली शाखा का हुआ वार्षिक अधिवेशन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। नगर के कैंटोमेंट स्थित गोर्खाली सुधार सभा की रविवार को एचबी राना की अध्यक्षता में सेवली शाखा का वार्षिक अधिवेशन हुआ। इस दौरान मुख्य अतिथि केंद्रीय अध्यक्ष पदम सिंह थापा, महामंत्री गोपाल क्षेत्री, मीडिया प्रभारी प्रभा शाह, सांस्कृतिक सचिव कै.वाईबी थापा, खेल सचिव प्रीतम सिंह गुरुंग, वरिष्ठ सलाहकार कै.आरएस थापा का स्वागत अभिनंदन किया। उन्होंने शाखा के विगत वर्ष के कार्यों एवं आय- व्यय का सम्पूर्ण लेखा जोखा का ब्यौरा दिया। अशोक प्रधान, विष्णु थापा, बीके गुरुंग और पदम शाही ने अपने विचार एवं सुझाव रखे।

केंद्रीय अध्यक्ष पदम सिंह थापा ने शाखा के इन मेधावी छात्र/ छात्राओं को छात्रवृत्तियां प्रदान कीं। इनमें श्रेया थापा, दीपशिखा पुन,रोशन गुरुंग, पंकज राना, आकृति राना, प्रभात गुरुंग, अतुल राना,तनीषा थापा,दिव्या गुरूंग, साक्षी थापा के नाम शामिल हैं। इस अवसर पर मातृशक्ति को भी सम्मानित किया गया।

केंद्रीय अध्यक्ष ने शाखा अध्यक्ष एचबी राना और शाखा के कार्यों और सहयोग की सराहना की। साथ ही भविष्य में भी इसी प्रकार सहयोग की आशा व्यक्त की। उन्होंने भाषा के प्रति जागरूकता और बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए अग्रसर रहने का संदेश दिया।

कार्यक्रम में सू.मे. सूरज थापा, दीप बहादुर गुरुंग, होम बहादुर राना, बीके गुरुंग, दुर्गा गुरुंग, पार्वती गुरुंग,कल्पना थापा, सुनीता थापा, आशा गुरुंग, श्याम गुरुंग, अशोक प्रधान, डीएस गुरुंग,संगीता गुरुंग, शाखा उपाध्यक्ष होम बहादुर राना, सुनील गुरुंग, कल्पना थापा और शाखा के वरिष्ठ महानुभावजन, मातृशक्तियां और युवाजन उपस्थित थे।

# संक्षिप्त समाचार

## कानूनी कौशल और बौद्धिक दृढ़ता उत्सव मानवाधिकारों के प्रति करेगा जागरूक

देहरादून। जिज्ञासा विश्वविद्यालय ने देश के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों से आए 32 टीमों का अपने पहले राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता में स्वागत किया। मौका था तीन दिवसीय कानूनी कौशल और बौद्धिक दृढ़ता उत्सव का। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. बीएस नागेंद्र पारासर, विशिष्ट अतिथि रजिस्ट्रार प्रो. डॉ. अम्पू हरिकृष्णन और आयोजक डॉ. शालिनी बहुगुणा बछेती की उपस्थिति में कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इसमें उच्चतम मानकों को सुनिश्चित करने के लिए भारत के विभिन्न राज्यों के जिला न्यायालयों और उच्च न्यायालयों के अधिवक्ताओं को 21 अप्रैल से 23 अप्रैल तक विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित प्रारंभिक सत्रों के दौर की देखरेख करने के लिए आमंत्रित किया गया है। यह प्रतियोगिता न केवल कानूनी कौशल दिखाने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करेगी, बल्कि प्रतिभागियों के लिए अपनी विश्लेषणात्मक क्षमताओं, सुसंगत संचार और आलोचनात्मक सोच-कौशल को निखारने का अवसर भी प्रदान करेगी। इसका एजेंडा छात्रों को कानूनी कार्यवाही और मानवाधिकारों के बारे में जागरूक करना है। विविध पृष्ठभूमि और दृष्टिकोणों का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रतिभागियों के साथ प्रतियोगिता समावेशी और उत्कृष्टता की भावना को दर्शाती है, जो कानूनी समुदाय को परिभाषित करेगी।

## चाकू के साथ दो आरोपित गिरफ्तार

हरिद्वार । लक्सर कोतवाली पुलिस ने दो आरोपितों को चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपित किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे थे। कोतवाली लक्सर पुलिस ने ड्यूटी के दौरान दो व्यक्तियों को लक्सर क्षेत्र से संदिग्ध अवस्था में घुमते हुए पकड़ा। तलाशी लेने पर दोनों के पास से एक-एक चाकू बरामद हुआ। आरोपित किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में थे। आरोपितों के नाम श्रीकांत पुत्र सुमेर निवासी वार्ड न. 1 कोतवाली लक्सर जनपद हरिद्वार और आकाश पुत्र विक्रम सिंह निवासी वार्ड न. 01 कोतवाली लक्सर जनपद हरिद्वार बताए गए हैं। पुलिस ने पकड़े गये आरोपितों के विरुद्ध कोतवाली लक्सर पर आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज कर उनका चालान कर दिया है।

## सत्संग से बदल जाता है मनुष्य का जीवन : भास्करानंद

हरिद्वार। महामंडलेश्वर आचार्य स्वामी भास्करानंद महाराज ने कहा कि मनुष्य जीवन में जाने अनजाने प्रतिदिन कई पाप होते हैं। उनका ईश्वर के समक्ष प्रायश्चित करना ही मुक्ति पाने का एक मात्र उपाय है। उन्होंने ईश्वर आराधना के साथ अच्छे कर्म करने का आह्वान किया। सप्त सरोवर मार्ग स्थित अखण्ड दयाधाम में अखण्ड दया धाम वृन्दावन और गोयल पारमार्थिक ट्रस्ट इंदौर की ओर से श्रीमद् भागवत कथा आयोजित हुई। कथा के तीसरे दिन महामंडलेश्वर आचार्य स्वामी भास्करानंद महाराज ने जीवन में सत्संग और शास्त्रों में बताए आदर्शों को अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि सत्संग में वह शक्ति है, जो व्यक्ति के जीवन को बदल देती है। क्रोध, लोभ, मोह, हिंसा, संग्रह आदि का त्यागकर विवेक के साथ श्रेष्ठ कर्म करने चाहिए। भगवान के नाम मात्र से ही व्यक्ति भवसागर से पार उतर जाता है।

उन्होंने श्रद्धालु भक्तों से भगवत कीर्तन करने, ज्ञानी पुरुषों के साथ सत्संग कर ज्ञान प्राप्त करने और अपने जीवन को सार्थक करने का आह्वान करते हुए कहा कि गंगा की भांति अविरल बहने वाली श्रीमद्भावगत कथा से प्राप्त ज्ञान और शिक्षाओं का अनुसरण करने से जीवन सफलता की और अग्रसर होता है। उन्होंने कहा कि अन्य युगों में मुक्ति पाने के लिए जहां अनेकों यत्न करने पड़ते थे। वहीं कलयुग में श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण और मनन से ही सभी पापों से मुक्ति पायी जा सकती है। इस अवसर पर विभिन्न राज्यों से आए श्रद्धालु भक्त शामिल रहे।

## हर की पैड़ी पर कुमार विश्वास देंगे अपने-अपने राम कार्यक्रम की प्रस्तुति

हरिद्वार। प्रसिद्ध कवि कुमार विश्वास हरकी पैड़ी पर 'अपने-अपने राम' की संगीतमयी प्रस्तुति देंगे। हरकी पैड़ी की प्रबंधकारिणी संस्था श्री गंगा सभा के संयोजन में मालवीय द्वीप पर 26 अप्रैल से आयोजित किए जा रहे तीन दिवसीय कार्यक्रम में कुमार विश्वास अपनी टीम के साथ अपने-अपने राम कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। श्री गंगा सभा के महामंत्री तन्मय वशिष्ठ ने हरकी पैड़ी स्थित श्री गंगा सभा कार्यालय में पत्रकारों को बताया कि हरकी पैड़ी सनातन आस्था का प्रमुख केंद्र है। हरकी पैड़ी से पूरे विश्व को धर्म और अध्यात्म का संदेश प्राप्त होता है। आमजन में धर्म के प्रति जागरूकता बढ़े। श्रीराम के आदर्शों का प्रचार प्रसार हो और युवा पीढ़ी प्रभु श्रीराम के जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढ़े। इसी उद्देश्य के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। कार्यक्रम में आम श्रद्धालुओं के साथ कई विशिष्ट लोग भी शामिल होंगे। कार्यक्रम में शामिल होने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा ना हो। इसका भी ध्यान रखा जा रहा है। इस अवसर पर गंगा सभा के प्रचार मंत्री गोपाल प्रधान, कोषाध्यक्ष अविनाश क्षेत्रिय, सचिव देवेंद्र पटुवर, वैभव विद्याकुल,वीरेंद्र कौशिक, अवधेश कौशिक, उज्ज्वल पंडित आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

## आढ़ती के गोदाम में लगी आग, सामान जलकर हुआ राख

हरिद्वार। कृषि उत्पादन मंडी समिति प्रांगण में रविवार को एक आढ़ती के गोदाम में आग लग गई। आग लगने से गोदाम में रखा सामान जलकर राख हो गया। इस अग्निकांड में कोई हताहत नहीं हुआ। मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने आग पर काबू पाया। आग लगने से मंडी में अफरा-तफरी का माहौल हो गया।

कृषि उत्पादन मंडी समिति ज्वालापुर में मदीना फ्रूट एजेंसी का केला पकाने का गोदान है। केलों को पकाने के लिए थर्माकोल की सीटों का प्रयोग किया जाता है। बताते हैं कि जिस गोदाम में केलों को पकाया जाता है, उसी गोदाम में कार्य करने वाले कर्मचारी खाना बना रहे थे। इसी दौरान सिलेंडर से गैस लीक होने के कारण आग पकड़ ली। खाना बना रहे कर्मचारियों ने सिलेंडर में आग लगते ही आनन-फानन में सिलेंडर को गोदाम से निकाल कर बाहर फेंक दिया। जहां सिलेंडर फेंका गया वहां पहले से ही सब्जी, फल आदि रखने वाली प्लास्टिक की क्रेट पड़ी थी, जिस कारण से क्रेट ने आग पकड़ ली। क्रेटों के आग पकड़ने से वहां अफरा-तफरी का माहौल हो गया। इसके साथ ही वहां बनायी गई थर्माकोल की दीवार ने भी आग पकड़ ली। देखते ही देखते आग ने भीषण रूप धारण कर ली। लोगों ने तत्काल आग लगने की सूचना दमकल विभाग को दी।

# विहिप ने कई स्थानों पर मनाया गया रामोत्सव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। विश्व हिन्दू परिषद के वार्षिक रामोत्सव कार्यक्रमों के तहत महानगर देहरादून में कई स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों के माध्यम से विहिप ने समाज को श्रीराम के चरित्र के बारे में बताया गया।

इंदिरापुरम, गांधीग्राम,पूर्वी पटेल नगर व ब्रह्मपुरी कॉलोनी में श्रीराम के चरित्र का वक्ताओं द्वारा व्याख्यान कर कार्यकर्ताओं को श्रीराम के चरित्र को आत्मसात करने का महत्वपूर्ण विषय रखा गया। ब्रह्मपुरी क्षेत्र में शिव मंदिर में कार्यक्रम महानगर साप्ताहिक मिलन प्रमुख अजय भारती के नेतृत्व में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

मुख्य वक्ता विकास वर्मा प्रांत साप्ताहिक मिलन प्रमुख विहिप महानगर सह मंत्री विशाल चौधरी द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने श्रीराम के चरित्र को अपने जीवन में आत्मसात कर इस भारत देश के अंदर रामराज्य की स्थापना करने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि 500 वर्षों के संघर्ष के बाद जीत सत्य की हुई और अयोध्या जी में राम मंदिर निर्माण साकार हुआ और रामलाला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा हुई। यह रामनवमी अपने आप में अद्भुत रही जब श्रीराम के मस्तिष्क पर पड़ने वाली सूर्य किरणों द्वारा सनातन धर्म और विज्ञान का पुरातन संबंध देखने को मिला और देश की प्रगति की कामना की गई।

बैठक में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं को अपने जीवन को किसी भी प्रकार से दुर्व्यसनों और नशा मुक्त रहकर श्री राम के चरित्र को अपने जीवन मे आत्मसात करने से ही देश मे राम राज्य की स्थापना होगी। इस अवसर पर सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे जिनमें विशाल चौधरी,अजय भारती आशीष बिरला,भूपेंद्र चौधरी राशिराम वर्मा ,राघव उपाध्याय, सोनू गुप्ता, मनीष वर्मा, अरुण यादव आदि उपस्थित थे।

# हेमकुंड साहिब-लोकपाल मार्ग से बर्फ हटाने के लिए सेना का दल गोविंदघाट से रवाना

जोशीमठ। श्री हेमकुंड साहिब-लोकपाल यात्रा मार्ग से बर्फ हटाकर मार्ग यात्रा से पूर्व तैयार करने के लिए सेना का अग्रिम दल रविवार को गोविंदघाट से रवाना हो गया। श्री हेमकुंड साहिब की यात्रा इस वर्ष 25 मई से प्रारंभ हो रही है। यात्रा की तैयारियों में मुख्य कार्य यात्रा मार्ग से बर्फ को हटाने का होता है। यात्रा मार्ग से बर्फ हटाने का यह चुनौतीपूर्ण कार्य भारतीय सेना ही करती है।नौ स्वतंत्र पर्वतीय ब्रिगेड ग्रुप के कमाण्डर ब्रिगेडियर एमएस ढिल्लो के निर्देश के उपरांत 418 स्वतंत्र इंजीनियर कंपनी के हवलदार हरसेवक सिंह एवं प्रमोद कुमार के नेतृत्व में सेना के जवानों का दल शनिवार को गोविंदघाट पहुंचा।

रविवार प्रातः गुरुद्वारा गोविंद घाट में गुरु ग्रंथ साहिब की उपस्थिति में अरदास और इजाज़त लेकर सेना की पहली टुकड़ी एवं गुरुद्वारा के सेवादारों को हेमकुंड साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट के मुख्य प्रबंधक सेवा सिंह ने घांघरिया के लिये रवाना किया।

यह जत्था सोमवार से घांघरिया-श्री हेमकुण्ड साहिब मार्ग से बर्फ हटाने का कार्य शुरू करेगा। आधे रास्ते तक बर्फ कटान के दौरान घांघरिया गुरुद्वारा में पड़ाव रखा जाता है और रात्रि विश्राम यहीं पर होता है। आधा कार्य हो जाने पर पड़ाव श्री हेमकुण्ड साहिब में किया जाता है। यात्रा से पूर्व रास्ता बना लिया जायेगा। इसके लिए भारतीय सेना के वीर जवान पूरी तरह से आश्वस्त हैं कि यात्रा शुरू होने से पूर्व मार्ग आवाजाही के लिए तैयार कर लिया जाएगा। मुख्य प्रबंधक श्री सेवा सिंह के अनुसार इस वर्ष पहले जत्थे का प्रस्थान 22मई को गुरुद्वारा श्री हेमकुंड साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट के ऋषिकेश गुरुद्वारा से धूमधाम से किया जाएगा।

# यज्ञ से होता है सकरात्मक ऊर्ज़ा का संचार : रामदेव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। जो व्यक्ति जीवन में प्रतिदिन यज्ञ में भाग ले, वेदों का अध्ययन करता है, उसका जीवन निरन्तर उन्नति की ओर अग्रसर होता है। यज्ञ से जहां एक तरफ वातावरण शुद्ध होता है वहीं हमारे जीवन में सकरात्मक ऊर्ज़ा का संचार होता है। यह उद्गार योगगुरु स्वामी रामदेव ने बीएचईएल सेक्टर 1 स्थित आर्य समाज मंदिर परिसर में नवनिर्मित माता कौशल्या देवी यज्ञशाला के लोकार्पण के अवसर पर उपस्थित आर्यजनों को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किये।

स्वामी राम देव ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को जीवन में अपने माता-पिता की आज्ञा का पालन करना चाहिए और गौ माता की सेवा करनी चाहिए। हम सभी स्वामी दयानंद सरस्वती, स्वामी श्रद्धानंद की संस्कृति और विरासत के ध्वजवाहक हैं। उन्होंने बीएचईएल सेक्टर 1 के प्रधान डॉ. महेंद्र आहुजा के यज्ञशाला का निर्माण कराने पर प्रसन्नता व्यक्त की। इससे पूर्व नवनिर्मित यज्ञशाला में यज्ञ के ब्रह्म प्रो. महावीर अग्रवाल के सानिध्य में यज्ञ का आयोजन किया गया। इसमें स्वामी रामदेव सहित विभिन्न आर्यजनों ने भाग लिया। इस अवसर पर डॉ. महेन्द्र आहुजा, मदन सिंह, डॉ. दिनेश चन्द्र शास्त्री, डॉ. योगेश शास्त्री, जगदीश लाल पाहवा, धर्मदेव चंदवानी, ज्ञानेश अग्रवाल, गिरधारी लाल चंदवानी सहित बड़ी संख्या में आर्यजन उपस्थित रहे।

# एम्स ऋषिकेश का दीक्षांत समारोह 23 अप्रैल को, राष्ट्रपति होंगी मुख्य अतिथि

कैनविज टाइम्स संवाददाता

-मेडिकल के 598 विद्यार्थियों को दी जाएगी उपाधि, 14 गोल्ड, 01 सिल्वर और 01 कंास्य पदक से नवाजे जाएंगे टॉपर



ऋषिकेश। एम्स ऋषिकेश में आयोजित होने वाले दीक्षांत समारोह की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। 23 अप्रैल (मंगलवार) को आयोजित हो रहे इस समारोह की मुख्य अतिथि राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू होंगी। सूबे के राज्यपाल ले. कर्नल गुरमीत सिंह और भारत सरकार के नीति आयोग के सदस्य डॉ. विनोद के. पॉल कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि होंगे। रविवार को संस्थान की कार्यकारी निदेशक प्रोफ़ेसर (डॉक्टर) मीनू सिंह ने दीक्षांत समारोह की तैयारियों की समीक्षा की और संबन्धित अधिकारियों को इस बाबत आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। संस्थान में दीक्षांत समारोह का यह चौथा आयोजन है। समारोह में मेडिकल के 598 विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की जाएगी, जबकि टॉपर छात्र-छात्राओं को 14 स्वर्ण पदकों सहित कुल 16 पदकों से नवाजा जाएगा। गौरतलब है कि इससे पूर्व 3 नवम्बर -2018, 14 मार्च -2020 और 13 जुलाई- 2023 को एम्स में तीन बार दीक्षांत समारोह आयोजित किए जा चुके हैं। कार्यकारी निदेशक प्रोफ़ेसर सिंह ने बताया कि दीक्षांत समरोह में 598 छात्र-छात्राओं को उपाधि दी जाएगी। उपाधि पाने वाले छात्र-छात्राओं में से 10 टॉपरों का चयन गोल्ड मेडल के लिए हुआ है। इनमें से कुछ टॉपर एक से अधिक गोल्ड मेडल से नवाजे जाएंगे। यह समारोह मंगलवार को अपराह्न 4 बजे से संस्थान के मुख्य ऑडिटोरियम में शुरू होगा। प्रो. मीनू सिंह ने बताया कि समारोह की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और आयोजन की सफलता के लिए विभिन्न विभागों की टीमें बनाकर उन्हें सम्बन्धित कार्यों की जिम्मेदारियां सौंपी गई है।

# अनुकृति गुसांई समेत भारी संख्या में कांग्रेसजनों ने ली भाजपा की सदस्यता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। भले ही उत्तराखंड में लोकसभा का चुनाव समाप्त हो गया है, लेकिन भाजपा में कंाग्रेस से आने वालों का सिलसिला लगातार जारी है। रविवार को भी वरिष्ठ कंाग्रेस नेता एवं पूर्व मंत्री डॉ. हरक सिंह रावत की पुत्रवधु अनुकृति गुसांई समेत भारी संख्या में कंाग्रेसजनों ने भाजपा प्रदेश मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के सानिध्य में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इनमें अनुकृति गुंसाई, रेणु गंगवार, सुरेश गंगवार जैसे वरिष्ठ लोगों के नाम शामिल हैं। अनुकृति गुसांई कंाग्रेस उम्मीदवार के रूप में 2022 में लैंसडौन विधानसभा से कंाग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ चुकी है वहीं कंाग्रेस से उधमसिंह नगर की जिला पंचायत अध्यक्ष रेणु गंगवार व सुरेश गंगवार ने भी भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इन सभी वरिष्ठ कंाग्रेसजनों को प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने पार्टी पटका पहनाकर सदस्यता दिलाई। इन सभी लोगों का कहना है कि उन्होंने भाजपा की रीति और नीति से प्रभावित होकर की भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश अध्यक्ष भट्ट ने कहा कि वर्तमान चुनाव में प्रदेश की जनता ने दिल खोलकर प्रधानमंत्री मोदी के पक्ष में मतदान किया है। उन्होंने कहा कि जनता मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत का निर्माण चाहती है। प्रधानमंत्री मोदी के 10 वर्ष का कार्यकाल देखकर अपनी मुहर लगाई है। उन्होंने कहा कि 4 जून को मोदी जी के 400 पार की माला में पांच कमल उत्तराखंड के भी शामिल होंगे। विपक्षी दलों के नेता ने पहली ही हार स्वीकार करके वोटिंग केंद्र तक जाने की भी जहमत नहीं उठाई। 85 वर्ष से उपर के मतदाताओं का मतदान भी सरकार की और से बढ़ चढ़कर करवाया गया है जो अपने आप स्वस्थ लोकतंत्र का प्रभावशाली प्रतीक है। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी, विधायक विनोद चमोली, मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान समेत भारी संख्या में भाजपा में शामिल होने वाले और भाजपा नेता उपस्थित थे।

# वेद माता गायत्री सनातन धर्म की आधार : विज्ञानानंद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। श्रीगीता विज्ञान आश्रम के परमाध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी विज्ञानानंद सरस्वती महाराज ने कहा है कि वेद माता गायत्री सनातन धर्म की आधार हैं, जिनकी उपासना से सभी देवताओं की पूजा का पुण्यफल प्राप्त हो जाता है और संकट तथा असाधारण स्थिति में हनुमान जी व्यक्ति की सहायता करते हैं। स्वामी विज्ञानानंद आज राजा गार्डन स्थित श्री हनुमान मंदिर गौशाला के सत्संग हाल में श्री हनुमान मंदिर स्थापना दिवस समारोह के उपलक्ष्य में मानव जीवन में आने वाली विसंगतियों को दूर करने के उपायों पर चर्चा कर रहे थे। हनुमान जी को संकटमोचक और हर समस्या का समाधान करने वाला बताते हुए उन्होंने कहा कि माता सीता की खोज और संजीवनी बूटी जैसे दुर्लभ कार्य केवल हनुमान जी ही कर सकते थे। वे चाहते तो स्वयं रावण को पराजित भी कर सकते थे और माता सीता को ला भी सकते थे, लेकिन स्वामी भक्ति का परिचय देते हुए उन्होंने यह कार्य भगवान राम से ही करवाया।

भगवान सूर्य के शिष्य वीर हनुमान को सेवा और मैत्री का पर्याय बताते हुए वयोवृद्ध संत ने कहा कि हनुमान जी ने भगवान राम की सुग्रीव से मित्रता करवायी, जिससे परस्पर सहयोग से दोनों परिवारों में खुशहाली आई। वेदांत के सिद्धांत तथा गीता एवं गायत्री की उपासना का महत्व बताते हुए उन्होंने सभी भक्तों का आवाहन किया कि सामर्थ्यवान की साधना करने से सभी संकटों से मुक्ति मिल जाती है। साधना सदन के महामंडलेश्वर स्वामी दिव्यानंद पुरी ने हनुमान चरित्र की व्याख्या करते हुए कहा कि हनुमान जी ने ब्राह्मण रूप में भगवान का दर्शन किया और अपनी भक्ति एवं कर्म से राम कार्य कर प्रभु को प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त किया । भगवान तो सर्वत्र हैं लेकिन प्रकट वहीं होते हैं जहां उनका आह्वान किया जाता है। पाटोत्सव कार्यक्रम की पूर्णाहुति 23 अप्रैल को होगी।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063